Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

# पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

वर्ष-09, अंक-236

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


# 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## नारायणपुर में नक्सलियों के कैम्प पर जवानों का कब्जा

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में 40.5 लाख रुपये 12 इनामी माओवादी समेत 22 नक्सलियों ने सामूहिक रुप से सुरक्षा बलों के समक्ष सामूहिक रुप से आत्मसमर्पण किया। सरेंडर करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इन नक्सलियों ने एक साथ पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अफसरों के सामने सरेंडर किया है। इन पर कुल 40 लाख रुपये का इनाम घोषित है। ये सभी नक्सली माड़ डिवीजन (छत्तीसगढ़) और नुआपाडा डिवीजन (ओडिशा) में सक्रिय रहे हैं। एक साथ सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक दंपति भी शामिल हैं। इन पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित है। इनके सरेंडर को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि जिले में लगातार नक्सल उन्नमूलन अभियान चलाया जा रहा है। पुनर्वास नीति का भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्य भी कराया जा रहा है, जिससे प्रभावित होकर नौ महिला समेत 22 माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सरेंडर किया है। इस बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संतोष जाहिर करते हुए कहा है कि सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के समक्ष 12 इनामी नक्सली सहित कुल 22 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। यह संतोष की बात है कि माओवादी अब समाज की मुख्यधारा से जुड़ना चाह रहे हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास आदि के लिए नियमानुसार हर संभव प्रयत्न किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प अनुसार मार्च 2026 तक देश-प्रदेश से लाल आतंक का समूल नाश निश्चित है। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) कंपनी नंबर-1 में डिप्टी कमांडर मुचाकी जोगा (33) भी शामिल है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में माड़ डिवीजन के तहत कंपनी-1 नंबर का नक्सली मुचाकी जोगा और उसकी पत्नी मुचाकी जोगी (28) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि अन्य लोगों में किकिद देवे (30) और मनोज उर्फ दुधी बुधरा (28) शामिल हैं, दोनों एरिया कमेटी सदस्य हैं और उन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सात नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपये का इनाम है, जबकि एक अन्य नक्सली पर 50,000 रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले अन्य नक्सली सुरक्षा बलों पर कई हमलों में भी शामिल थे उन्होंने बताया कि जिला पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), सीआरपीएफ और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के कसोड़-कुमुरादी के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के कैम्प पर कब्जा कर लिया तथा घटनास्थल से छह लाख रुपए नगद, 11 लैपटॉप, 50 किलो बारूद, 20-20 लीटर पेट्रोल, दो कुकर बम समेत भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, इलेक्ट्रॉनिक सामान व दवाइयां बरामद की है। दरअसल कोहकामेटा थाना क्षेत्र में पुलिस कैंप पदमकोट से चार दिन पहले डीआरजी व आईटीबीपी की 41वीं वाहिनी की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी। सुरक्षा बलों का आज नक्सलियों से सामना हुआ। सुरक्षा बल के जवानों को भारी पड़ता देख जंगल का आड़ लेकर नक्सली भाग खड़े हुए। नारायणपुर पुलिस द्वारा संचालित संयुक्त नक्सल विरोधी 'माड़ बचाव अभियान' के तहत यह बड़ी सफलता मिली है। नारायणपुर के अबूझमाड़ थाना कोहकामेटा क्षेत्र के कसोड़-कुमुरादी के जंगल में माड़ डिवीजन के साथ मुठभेड़ हुई। इस दौरान हथियारबंद सीनियर कैडर नक्सली अपने दैनिक उपयोगी सामग्री छोड़ कर भागे।

### अमित शाह ने नक्सलियों से आत्ममर्पण करने की अपील की




**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के अगले वर्ष मार्च के अंत तक देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के संकल्प को दोहराते हुए नक्सलियों से यथाशीघ्र हथियार डालकर आत्मसमर्पण करने की अपील की है। शाह ने छत्तीसगढ के बीजापुर जिले में 22 कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा , 'छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में विभिन्न ऑपरेशन्स में कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 22 कुख्यात नक्सलियों को आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है।

# भगवद गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल, पीएम मोदी बोले- गर्व का क्षण

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com





यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में भारत की अब 14 प्रविष्टियां हो गई हैं। इसके तहत वैश्विक महत्व की दस्तावेजी विरासत को संरक्षित किया जाता है। गीता और नाट्यशास्त्र के इसमें शामिल होने से यूनेस्को में भारत का दबदबा बढ़ गया है। भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया। इसे लेकर पीएम मोदी ने खुशी जताई। उन्होंने इसे दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण कहा। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी इस पर खुशी जताई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में फैले हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया जाना हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है। पीएम मोदी ने केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के एक्स पोस्ट को साझा किया। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर लिखा कि भारत की सभ्यतागत विरासत के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। श्रीमद भगवत गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न मनाता है। भगवद् गीता एक प्रतिष्ठित धर्मग्रंथ और आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। नाट्यशास्त्र, प्रदर्शन कलाओं पर एक प्राचीन ग्रंथ है। यह लंबे समय से भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने कहा कि ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं। वे दार्शनिक और सौंदर्यवादी आधार हैं जिन्होंने भारत के विश्व दृष्टिकोण और हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को आकार दिया है। इसके साथ ही अब हमारे देश के 14 अभिलेख इस अंतरराष्ट्रीय रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। 17 अप्रैल को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रह जोड़े। इससे कुल अंकित संग्रहों की संख्या 570 हो गयी। इस रजिस्टर में 72 देशों और चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों की वैज्ञानिक क्रांति, इतिहास में महिलाओं का योगदान तथा बहुपक्षवाद की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रविष्टियां शामिल की गईं। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर विश्व के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज धरोहरों की सूची है। इसमें दस्तावेजी धरोहरों को अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति की सिफारिश और कार्यकारी बोर्ड की स्वीकृति से चुना जाता है। इस सूची में शामिल होना दस्तावेज़ी धरोहर के वैश्विक महत्व और सर्वकालिक मूल्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता है। इससे शोध, शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

## क्विक न्यूज

### कुत्ता खरीदने को पैसे नहीं देने पर की मां की हत्या, आरोपी फरार

**रायपुर।** रायपुर के थाना उरला क्षेत्र के नागेश्वर नगर में एक सनकी बेटे ने कुत्ता खरीदने के लिए पैसे नहीं देने पर अपनी मां की हथौड़ी मार कर हत्या कर दी और पत्नि को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार है, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उरला पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रदीप देवांगन (45) पिता जगन्नाथ देवांगन, जो पेशे से ई-रिक्शा चालक है, अपनी मां गणेशी देवांगन (70) से कुत्ता खरीदने के लिए 200 रुपये मांगा। मां द्वारा इनकार करने पर विवाद बढ़ गया। गुस्से में प्रदीप ने हथौड़े से अपनी मां को मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद बीच बचाव करने आई अपनी पत्नि रामेश्वरी देवांगन पर भी हमला कर दिया।

### मांडविया ने खान सुरक्षा प्रक्रिया की समीक्षा



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने खनन क्षेत्र में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सुशासन और राज्य सरकारों के साथ समन्वय के महत्व पर बल दिया तथा श्रमिकों के हितों के लिए निर्देश दिए। मांडविया ने झारखंड के धनबाद में खान सुरक्षा महानिदेशालय के कामकाज की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के तकनीकी उन्नयन को बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय खनन प्रौद्योगिकियों से अवगत कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग और खदानों में कार्यरत लोगों को लाभ होगा।

### भारत ने बंगलादेश को अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की नसीहत दी

Ministry of External Affairs Government of India

**नयी दिल्ली।** भारत ने पश्चिम बंगाल की गतिविधियों पर बंगलादेश के अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों पर कड़ी निंदा की है और उन्हें अपने देश के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने पर ध्यान देने की नसीहत दी है । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बंगलादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को खारिज करते हैं। यह बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के चल रहे उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के समानांतर आकर्षित करने का एक मुश्किल से प्रच्छन्न और अपमानजनक प्रयास है, जहां इस तरह के कृत्यों के आपराधिक अपराधी मुक्त घूमते रहते हैं।

# श्रीलंका ने भारत के साथ भूमि संपर्क परियोजना के प्रस्ताव को खारिज किया

एजेंसी ‹ कोलंबो/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



श्रीलंका ने सड़क और रेल-पुल के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने वाली भूमि संपर्क परियोजना के निर्माण के भारत के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वह अभी भूमि संपर्क के लिए तैयार नहीं है।'डेली मिरर' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ कोलंबो में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव रखा था। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में दिसानायके की यात्रा के दौरान भी भारत ने जिस प्रस्ताव का उल्लेख किया था, उसे अव्यवहारिक मानते हुए अस्वीकार कर दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में दोनों नेताओं की बैठक के दौरान यह मुद्दा चर्चा में शामिल नहीं था। फिर भी हाल ही में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच भूमि संपर्क के महत्व और इससे होने वाले कई लाभों का उल्लेख किया। दोनों देशों को जोड़ने वाले भूमि पुल का विचार सबसे पहले 2002/2004 की सरकार के दौरान आया था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री रानिल विक्रम सिंघे थे। भूमि संपर्क परियोजना का उल्लेख वर्ष 2023 में राष्ट्रपति के रूप में प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान एक संयुक्त बयान में भी किया गया था। मोदी ने हाल में अपनी श्रीलंका यात्रा के बाद राम सेतु का अवलोकन किया, जो प्राचीन काल में श्रीलंका और भारत को जोड़ता था।

## मोदी के कारण सनातन संस्कृति पर खुल कर विमर्श होने लगा है : हरिवंश

**नयी दिल्ली।** राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के बाद भारत में सनातन संस्कृति के विमर्श में नये सृजनात्मक आयाम जोड़ कर आधुनिक तकनीकी युग में उसकी प्रासंगिकता को प्रस्थापित किया है, जिससे सनातन संस्कृति पर सार्वजनिक रूप से खुल कर विमर्श होने लगा है। हरिवंश पीएम मोदी के भारतीय संस्कृति पर दिये गये 34 चुनींदा भाषणों के संकलन संस्कृति का पांचवां अध्याय के विमोचन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

## कर्नाटक में वेमुला एक्ट लागू करने राहुल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में कोई जातिवादी व्यवस्था का शिकार ना हो इसके लिए उन्होंने कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को पत्र लिखकर वहां वेमुला एक्ट लागू करने का आग्रह किया है। गांधी ने कहा हाल ही में संसद में मेरी मुलाक़ात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई। बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है। बाबासाहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे वंचित भी सशक्त बन कर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा इसी भेदभाव ने रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार छात्रों की जान ली है। ऐसी भयावह घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। अब इस अन्याय पर पूरी तरह से रोक लगाने का वक्त है। मैंने सिद्दारमैया जी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कर्नाटक में रोहित वेमुला एक्ट लागू किया जाए। भारत के किसी भी बच्चे को वो जातिवाद नहीं झेलना चाहिए, जिसे बाबासाहेब अंबेडकर, रोहित वेमुला और करोड़ों लोगों ने सहा है।

## उपग्रह आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू करने का अभी कोई निर्णय नहीं : सरकार

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
MINISTRY OF ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS

सरकार ने स्पष्ट किया कि उसने आगामी एक मई से देश भर में उपग्रह आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। सरकार ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए यह स्पष्टीकरण जारी किया है। इन रिपोर्टों में कहा गया था कि आगामी एक मई से देश भर में मौजूदा फास्टैग प्रणाली के स्थान पर टोल संग्रह के लिए उपग्रह आधारित प्रणाली की शुरूआत की जा रही है। मंत्रालय ने कहा है कि टोल प्लाजा के माध्यम से वाहनों की निर्बाध, बाधा-मुक्त आवाजाही को सक्षम बनाने और यात्रा के समय को कम करने के लिए चुनिंदा टोल प्लाजा पर स्वचालित नम्बर प्लेट पहचान- फास्टैग आधारित 'बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम' लागू किया जाएगा। उन्नत टोलिंग प्रणाली में 'स्वचालित नंबर प्लेट पहचान' तकनीक वाहनों की नंबर प्लेट पढ़कर उन्हें मौजूदा 'फास्टैग प्रणाली' जो टोल कटौती के लिए रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन का उपयोग करती है के साथ जोड़ेगी। इसके तहत वाहनों से टोल प्लाजा पर रुके बिना ही इस तकनीक के आधार पर उनसे टोल संग्रह किया जाएगा। नियमों का पालन न करने की स्थिति में उल्लंघनकर्ताओं को ई-नोटिस भेजा जाएगा, जिसका भुगतान न करने पर फास्टैग निलंबित किया जा सकता है और वाहन से संबंधित अन्य दंड लगाया जा सकता है। प्राधिकरण ने नयी तकनीक के क्रियान्वयन के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। सफल कंपनी चुनिंदा टोल प्लाजा पर अपनी तकनीकी का इस्तेमाल कर टोल संग्रह करेंगी और बाद में समीक्षा के बाद इस तकनीक को देश भर में लागू करने का निर्णय लिया जायेगा।

### देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में मिला सेकंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का पुरस्कार

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



### राज्य के दो जिले मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ति को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग जिला अवार्ड

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्य के मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ति को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव कृषि के करकमलों यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से संयुक्त संचालक बी.के. मिश्रा एवं उपसंचालक उद्यानिकी नीरज शाह ने प्राप्त किया। इसके साथ ही मोहला-मानपुर-चौकी जिले की कलेक्टर तूलिका प्रजापति एवं सक्ति जिले के कलेक्टर टोपनो ने बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट का अवार्ड प्राप्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह सम्मान राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों, कृषि मंत्री राम विचार नेताम के मार्गदर्शन और कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के किसानों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी और किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने हेतु जारी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी छत्तीसगढ़ कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## दरभंगा में सादगी और श्रद्धा से मनाया गया गुड फ्राइडे

वार्ता ‹ दरभंगा
www.dailypioneer.com



बिहार के दरभंगा में गुड फ्राइडे का पर्व ईसाई समुदाय ने श्रद्धा और सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर दोनार स्थित रोमन कैथोलिक चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और मानवता के लिए दिए गए संदेशों को याद किया गया। प्रार्थना सभा से पूर्व होली क्रॉस स्कूल प्रांगण से चर्च तक भव्य क्रूस यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रभु यीशु के जीवन की 14 प्रमुख घटनाओं को झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और ईसा मसीह के प्रेम, शांति, भाईचारे और सत्य के संदेश पर चलने का संकल्प लिया। फादर रॉय मैथ्यू, सहायक फादर नोबेल और फादर जॉयसन फर्नांडीज के नेतृत्व में प्रार्थना सभा संपन्न हुई। इस दौरान चर्च परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था। फादर रॉय मैथ्यू ने प्रवचन में बताया कि करीब 2025 साल पहले यरूशलम में प्रभु यीशु ने मानवता के लिए प्रेम, एकता और शांति का संदेश दिया लेकिन धार्मिक कटटरपंथियों की साजिश के कारण उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया। ईसाई समुदाय इस बलिदान को याद करते हुए हर वर्ष गुड फ्राइडे के रूप में मनाता है। इस दिन को प्रभु यीशु के बलिदान दिवस के रूप में मनाने वाले अनुयायी उपवास रखते हैं और देर शाम विशेष पूजा विधियों के बाद शरबत और मीठी रोटी (बन) से उपवास तोड़ते हैं।

## पंजाब में आतंकवादी घटनाओं का भगोड़ा आरोपी हरप्रीत अमेरिका में गिरफ्तार

एजेंसी ‹ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो ने पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं में नामजद भगोड़े अभियुक्त हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार करने की घोषणा की है। हरप्रीत का पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से संबंध बताया जाता है। एफबीआई ने सोशल मीडिया पर हरप्रीत के पकड़े जाने की जानकारी दी। एफबीआई ने कहा, भारत के पंजाब में कई आतंकवादी घटनाओं के लिये जिम्मेदार हरप्रीत सिंह को एफबीआई और ईआरओ ने सैक्रामेंटो में पकड़ा है। दो अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों से संबंद्ध हरप्रीत अमेरिका में अवैध तरीके से घुसा था और गिरफ्तारी से बचने के लिये बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहा था। एफबीआई ने कहा, नयी दिल्ली स्थित एफबीआई के विधि कार्यालय के प्रतिनिधि ने सैक्रामेंटो के अधिकारियों को सूचित किया था कि हरप्रीत भारत के पंजाब में आतंकवादी वारदात के कई मामलों में वांछित है। ऐसी आशंका है कि हरप्रीत पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) और खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से संबंध रखता है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिये पता न चल सकने वाले बर्नर फोन और कूट भाषा वाली अप्लीकेशन का इस्तेमाल करता था। यह मामला उन तत्वों की गिरफ्तारी के लिये अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को पुनः रेखांकित करता है, जो वैश्विक सुरक्षा के लिये खतरा हैं। रिपोर्टों के अनुसार हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पस्सिया पंजाब में पिछले छह महीने के दौरान 14 ग्रेनेड हमलों के लिये जिम्मेदार है।

# वक्फ़ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिम वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित : धामी

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि वक्फ संशोधन से सरकार सुनिश्चित कराएगी कि वक्फ का उपयोग गरीब, पसमांदा भाइयों और मुस्लिम बहनों के कल्याण में हो। उन्होंने कहा कि बिना धार्मिक छेड़छाड़ किए, प्रदेश में भी बोर्ड की एक-एक इंच भूमि की जांच और देखभाल की जाएगी। इसके साथ, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी और वक्फसंशोधन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य दुष्यंत गौतम ने कहा, वक्फ की जो भी जमीनें अवैध कब्जों से मुक्त होंगी, उन पर गरीब और मुस्लिम महिलाओं के लिए पीएम आवास बनाए जाएंगे। धामी और गौतम देहरादून स्थित प्रदेश कार्यालय में संशोधित वक्फ अधिनियम के प्रति जन जागरुकता के लिए आगामी 20 अप्रैल से पांच मई तक चलाए जाने वाले अभियान से पहले आयोजित कार्यशाला को संबंधित कर रहे थे। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐतिहासिक और युग परिवर्तनकारी निर्णय ले रहा है, जिसकी एक बानगी वक्फ संशोधन कानून है। जो सर्वधर्म, सद्भाव, समरसता, समानता, न्याय की भावना और सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इससे पहले पीएम मोदी कश्मीर से धारा 370 हटाने, सीएए लागू करने और राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक जैसे उन तमाम कार्यों को धरातल पर उतार चुके हैं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संशोधन देशहित और समज हित में है और गरीबों के अधिकार सुनिश्चित करने और काली कमाई को सफेद करने वाली मंशा पर रोक लगाने वाला है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि किसी की भी धार्मिक स्वतंत्रता पर आंच नहीं आएगी और एक-एक इंच जमीन को जांच और देखभाल की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कानून का सर्वाधिक लाभ मुस्लिम समाज में गरीबों, तलाकशुदा और विधवा महिलाओं, अनाथ बच्चों और जरूरतमंद लोगों को मिलने वाला है। धामी ने वक्फ कानून का विरोध करने वाले विपक्ष की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि लाखों करोड़ की प्रॉपर्टी के बावजूद क्यों इसके माध्यम से गरीबों की मदद नहीं की गई। हम सब पार्टी कार्यकर्ताओं को इस कानूनी सुधार की विस्तृत जानकारी आम जनता तक पहुंचानी है ताकि विपक्ष की भ्रमित और भय पैदा करने की राजनीति पर पूरी तरह लगाम लगे।

# पंचायत पदाधिकारी कर्तव्यों का पालन करें : राजेन्द्र शुक्ल

एजेंसी < रीवा
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि ग्राम पंचायतों का विकास होगा तभी रीवा का विकास संभव है। शुक्ल ने पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांव के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान कर रहे हैं। रीवा जिले में केवल जल जीवन मिशन से ही तीन हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस का 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। रीवा में लाखों गरीब परिवारों को इनसे पक्के आवास मिले हैं। बेसहारा गायों के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। गौशाला में प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 3500 डॉक्टरों और 10 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती इस माह अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र तक टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। पंचायत पदाधिकारियों की जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें हल करके पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। राष्ट्रपिता की परिकल्पना में पंचायतों का कर्तव्य महत्पूर्ण था। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया गया। पंचायत पदाधिकारी अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। विवाद से विकास के कार्य संभव नहीं हैं। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर और प्रशासनिक व्यवस्था से समन्वय बनाकर ही पंचायतों का विकास होगा। ग्राम पंचायतों को गांव की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, कचरा प्रबंधन, गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शिक्षा के विकास, जल संरक्षण के कार्य तथा सामाजिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है।

# दीपावली पर जोधपुरवासियों को मिलेगी नए एयरपोर्ट टर्मिनल की सौगात : शेखावत

एजेंसी < जोधपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग का अवलोकन किया। शेखावत ने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि एयरपोर्ट विस्तार को लेकर जोधपुरवासियों का तीन दशक का सपना पूरा होने जा रहा है। दीपावली पर नए टर्मिनल की सौगात जोधपुरवासियों को मिलेगी और जोधपुर देश के सभी बड़े शहरों से जुड़ जायेगा। निर्माणाधीन नई टर्मिनल बिल्डिंग में मीडिया से रू-ब-रू होते हुए शेखावत ने कहा कि जोधपुर मरुस्थल का गेट-वे है, उस दृष्टिकोण से भी जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार की अनेक वर्षों से प्रतीक्षा थी। जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार में दो तरह की बाधाएं थीं। एक एयरपोर्ट पर भूमि की कमी थी, क्योंकि इसका अधिकांश भाग इंडियन एयरफोर्स के पास है। दूसरा जोधपुर एयरपोर्ट पर ऑटोमेटिक लैंडिंग की फैसिलिटी नहीं थी। इसके कारण नाइट लैंडिंग नहीं हो पाती। 10 साल के लगातार प्रयासों के बाद ये बाधाएं दूर हुई हैं। उन्होंने जोधपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को फ्यूचर रेडी बनाने का काम किया है। शेखावत ने कहा कि जोधपुर राजस्थान का जयपुर के बाद दूसरा बड़ा शहर है। आने वाले समय में जब कभी आवश्यकता होगी, एक महीने के शॉर्ट नोटिस पर जोधपुर एयरपोर्ट को डोमेस्टिक से इंटरनेशनल में कन्वर्ट किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तार का लाभ जोधपुर के हैंडीक्रॉफ्ट, स्टील, टेक्सटाइल, केमिकल, स्टोन, इंजीनियरिंग इंडस्टरीज आदि को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर न केवल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस टर्मिनल के निर्माण से क्षेत्रीय विकास को नया आयाम मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। पूर्व रक्षामंत्री स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर को याद करते हुए शेखावत ने कहा प्रधानमंत्री के निर्देश पर जब मैं पूर्व रक्षामंत्री मनोहर पर्रिकर के पास इस विषय को लेकर के गया था।

# पंजाब पुलिस की चौकस निगरानी, सटीक इनपुट से अमेरिका में पासिया गिरफ्तार : नील गर्ग

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब में एक दर्जन से ज्यादा ग्रेनेड हमले का मास्टरमाइंड और मोस्ट वांटेड आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फहैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि इससे पंजाब को बदनाम करने और यहां की शांति भंग करने की कोशिश करने वाले लोगों को करारा जवाब मिला है। गर्ग ने कहा कि जिस आतंकवादी पासिया को पिछली सरकारें ढूंढ नहीं पाईं, उसकी आप सरकार ने न सिर्फ एक-एक गतिविधियों को ट्रैक किया, बल्कि उसे गिरफ़्तार करवाकर दिखाया। यह गिरफ्तारी पंजाब सरकार के लिए बहुत बड़ी सफलता है। इससे राज्य की कानून-व्यवस्था और अमन-शांति भंग करने वाले शरारती तत्वों को कड़ा संदेश मिलेगा। उन्होंने इस मामले पर कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा से सवाल करते हुए कहा कि क्या अब भी उन्हें लगता है कि पंजाब पुलिस में शाम सात बजे सो जाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब की तरफ आंख उठाने वालों का अंजाम सिर्फ़ जेल होता है। आप सरकार ने पिछले डेढ़ महीने में हजारों अपराधियों-तस्करों पर कार्रवाई की और उसे पकड़कर जेल भेजा। उन्होंने कहा कि बाजवा जैसे नेता सिर्फ बयान देते हैं, जबकि आप सरकार और पंजाब पुलिस जमीनी स्तर पर काम करती है।

# विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं बंगाल प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को न्यू टाउन में एक सादे समारोह में पार्टी सहयोगी रिंकू मजूमदार के साथ विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी की ओर से उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं दी है। घोष और रिंकू की मुलाकात 2021 में हुई थी और मार्निंग वॉक के दौरान उनकी दोस्ती हुई।

# कांग्रेस के नेताओं ने जब कुछ गलत नहीं किया तो डरना नहीं चाहिए : सैनी

**चंडीगढ़।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जब कोई गलत काम नहीं किया, तो डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि ईडी पूछताछ कर रही है, तो इसमें कांग्रेस के नेताओं को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, बल्कि कांग्रेस के नेताओं को जांच में सहयोग करना चाहिए। सैनी कुरुक्षेत्र जिले के बीड मथाना गाँव में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भी भाजपा सरकार पर तंग करने के आरोप लगाए थे, लेकिन आखिर में न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा। एक और सवाल के जवाब में सैनी ने कहा वक्फ संशोधन कानून का विपक्षी दलों द्वारा केवल मात्र अपनी राजनैतिक दुकानदारी को चलाने के लिए विरोध किया जा रहा है।

# विद्युत संघर्ष समिति ने ब्रजेश पाठक को दिया ज्ञापन

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बिजली के निजीकरण के विरोध में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे , पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और कई विधायकों को ज्ञापन दिया। संघर्ष समिति ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि वह ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा की फाइल को दबाए हुए हैं और कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिये अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रांट थॉर्टन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने के बाद की। उस पर अमेरिका में 40000 डॉलर की पेनल्टी लगी है, इंजीनियर आफद कांट्रैक्ट ने अनुशंसा की है कि ग्रांट थॉर्टन को ब्लैक लिस्ट किया जाय और ग्रांट थॉर्टन की ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट के रूप में की गई नियुक्ति का आदेश रद्द किया जाए। चार दिन पूर्व की गई अनुशंसा की फाइल को पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष दबाए हुए हैं और कोई निर्णय नहीं ले रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि प्रारंभ से ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की निजीकरण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बू आ रही है।

# प्रसिद्ध पूर्णागिरी धाम में मिला शव, शिनाख्त नहीं

**चंपावत/नैनीताल।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध पूर्णागिरी धाम में एक अज्ञात शव बरामद हुआ है। एसडीआरएफने शव को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मेले में आए श्रद्धालुओं को भैरव मंदिर के पास एक शव दिखाई दिया। इसकी सूचना थाना भैरव मंदिर पुलिस को दी गई। पुलिस की सूचना पर एसडीआरएफ के मुख्य आरक्षी हरिश चंद्र के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस शव की शिनाख्त के साथ ही अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। गौरतलब है कि पूर्णागिरी धाम में इन दिनों प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी मेला चल रहा है। मेला 15 जून तक चलेगा। इन दिनों मां के दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# आंध्र प्रदेश में कार-लॉरी की टक्कर में एक छात्र की मौत

**एलुरु (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले में एक कार और लॉरी के बीच टक्कर हो जाने से एक इंजीनियरिंग छात्र की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।




पुलिस ने बताया कि आठ इंजीनियरिंग छात्र ताडेपल्लीगुडेम में शेषी इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टेक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब ये छात्र अपने एक साथी का जन्मदिन मनाने के लिए भद्राचलम जा रहे थे। हादसे में कार अश्वरावपेट से जंगरेग्गीडेम आ रही एक लॉरी से टकरा गई जिससे कोमाटी स्वामी (20) की तत्काल मौत हो गई। घायल छात्रों को जंगरेड्डीगुडेम के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बाइसन पोलो ग्राउंड में भव्य प्रदर्शनी मैच के साथ पोलो हैदराबाद लौटा

एजेंसी < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

घुड़सवारी परंपरा के एक जीवंत उत्सव में, पोलो ने हैदराबाद पोलो और राइडिंग क्लब और भारतीय सेना की कुलीन 61वीं कैवलरी रेजिमेंट के बीच एक प्रदर्शनी मैच के साथ हैदराबाद में शानदार वापसी की। यह कार्यक्रम सिकंदराबाद के ऐतिहासिक बाइसन पोलो ग्राउंड में आयोजित किया गया। तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र (टीएएसए) और सिकंदराबाद छावनी बोर्ड (एससीबी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मैच ने देश में पोलो और घुड़सवारी खेलों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना की स्थायी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। लेफ्टिनेंट जनरल करनदीप सिंह बरार, पीवीएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), दक्षिण भारत क्षेत्र ने औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनकी उपस्थिति, गणमान्य व्यक्तियों, सशस्त्र बलों के कर्मियों और पोलो उत्साही लोगों की एक बड़ी सभा के साथ, इस अवसर को भव्यता प्रदान की। रक्षा विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मैच के आयोजन में टीएएसए ने अहम भूमिका निभाई, जिसने न केवल दर्शकों को रोमांचित किया।

# भदोही में धागा बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

एजेंसी < भदोही
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की कारपेट सिटी स्थित एक धागा बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से पांच करोड़ रुपये से अधिक कच्चा माल और मशीनें जलकर राख हो गई। फ ायर ब्रिगेड के सूत्रों ने बताया कि कारपेट सिटी भदोही स्थित कालीन उत्पादन में प्रयुक्त होने वाला धागा बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से पांच करोड़ रुपये का कच्चा माल और मशीनें जलकर राख हो गई। आग की भीषणता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसे बुझाने के लिए पड़ोसी जिलों वाराणसी, प्रयागराज और जौनपुर से दमकल मंगाना पड़ा। बावजूद इसके आग पर काबू पाने में छह घण्टे लग गए। फैक्ट्री मालिक अनिल जायसवाल ने सात से आठ करोड़ के नुकसान का आंकलन किया है। घटना शार्ट सर्किट के चलते भोर में करीब ढाई बजे हुई। फैक्ट्री में उस समय 20 से 25 मजदूर और कर्मचारी थे। फैक्ट्री में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम से काफी हद तक आग को बढ़ने से रोका गया। हालांकि विद्युत सप्लाई बंद होने के बाद दिक्कत बढ़ गई। उधर जनपद की फायर ब्रिगेड टीम 15 से 20 मिनट में पहुंच गई थी लेकिन दमकल खाली होने के बाद पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। सुबह का समय होने के कारण आसपास की कम्पनियां भी बंद थी जिसके कारण पड़ोसी जनपदों से दमकल मंगाना पड़ा।

# समुद्री यातायात में ध्वनि प्रदूषण के चलते जलचरों के अस्तित्व को खतरा : डॉ. सोनकर

एजेंसी < प्रयागराज
www.dailypioneer.com

दुनिया के नामचीन समुद्री जल-जीव विज्ञानी डॉ. अजय कुमार सोनकर ने दावा किया है कि विकास और लाभ की अंधी दौड़ में समुद्री यातायात ध्वनि प्रदूषण के कारण समुद्री जीवन विनाश की ओर बढ़ रहा है। डॉ सोनकर ने समुद्री जीवन पर मानवीय गतिविधियों के विनाशकारी प्रभाव को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में यूरोप के एक बंदरगाह के पास मृत व्हेल के मिलने की घटना ने पर्यावरणविदों को चिंता में डाल दिया है। वैज्ञानिकों की एक टीम ने मृत व्हेल का पोस्टमॉर्टम कर उसकी मृत्यु के कारणों का पता लगाया जो बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली थी। उन्होंने बताया कि मृत से काफी समय पहले से व्हेल भूख से पीड़ित थी, इसके शरीर में फैट की सीरस एट्रोफी के स्पष्ट लक्षण थे (एक ऐसी स्थिति जिसमें शरीर की वसा समाप्त होकर एक जिलेटिन जैसी वस्तु में बदल जाती है) जो अत्यधिक कुपोषण और बीमारी को दर्शाती है। डॉ. सोनकर ने बताया कि व्हेल की बड़ी आंत में भारी मात्रा में परजीवी पाए गए। इस प्रकार की परजीवियों में वृद्धि तब होती है जब जीव का प्रतिरक्षा तंत्र अत्यंत कमजोर हो जाता है। लेकिन सबसे चौंकाने वाला तथ्य उसके कान की जांच में सामने आया। व्हेल के कान पूरी तरह सड़ चुके थे और कोक्लिया, जो ध्वनि को विद्युत संकेतों में बदलता है, पूर्ण रूप से नष्ट हो चुका था जिसके कारण व्हेल काफी समय से बधिर थी। एक्वाकल्चर वैज्ञानिक ने स्पष्ट किया कि व्हेल के लिए सुनना जीवन के समान है। ये प्राणी ध्वनि के माध्यम से दिशा-निर्देशन करते हैं, भोजन ढूंढ़ते हैं, संवाद करते हैं और खतरे महसूस होने पर विशेष ध्वनि निकालते हैं। उन्होंने कहा कि बधिर होने की स्थिति में उनके सामने भूखे रहने और खतरों से बचना नामुमकिन हो जाता है और जीवित नहीं रह सकते। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि केवल व्हेल ही नहीं, बल्कि डॉल्फिन, ऑक्टोपस और अन्य समुद्री प्रजातियां भी समुद्री यातायात( ध्वनि प्रदूषण) से बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। समुद्री प्राणी करोड़ों वर्षों तक शांत समुद्र की लहरों में विकसित हुए। लेकिन पिछले कुछ दशकों में इंसानों ने उनके पर्यावरण को एक सतत शोरगुल वाले क्षेत्र में बदल दिया है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही कठोर अंतरराष्ट्रीय नियम लागू नहीं किए गए और कम-शोर तकनीकों को अपनाया नहीं गया, तो कई समुद्री प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच सकती हैं।

# पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई, आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़।** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोगामेडी थाना क्षेत्र में सवा महीने पहले हुई हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



हनुमानगढ़ के पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने पत्रकारों को बताया कि सरदारगढ़िया गांव में आठ मार्च को देर रात घर में घुसकर दलबीर सिंह जाट (56) की हत्या और उसके पुत्र संजय जाट (30) की हत्या का प्रयास करने के आरोप में बजरंग जाट निवासी गांव गांधीबड़ी थाना भिरानी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की गहन जांच के पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त कर ली। अली ने बताया कि पुलिस गोपनीय तरीके से आरोपी बजरंग जाट की तलाश कर रही थी। जैसे ही उसके सूरतगढ़ इलाके में एक ढाणी में छुपे होने का पता चला, पुलिस दल ने उसे थोड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ बजरंग जाट ने बताया कि वह संजय जाट को मारना चाहता था, लेकिन गलती से रात में घर के आंगन में टीनशेड के नीचे सो रहे उसके पिता दलबीर सिंह पर उसने कुल्हाड़ी का वार कर दिया।

# अगली सरकार हमारी, सामाजिक न्याय के रास्ते पर चलेंगे : अखिलेश

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश में मौजूदा समय में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना और आर्थिक गैरबराबरी दूर करना बड़ी चुनौतियां है और 2027 में उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार के आने पर इन चुनौतियों का समाधान कर लिया जायेगा। यादव ने यहां एक कार्यक्रम में दावा किया कि प्रदेश में अगली सरकार समाजवादियों की होगी जो सामाजिक न्याय के रास्ते पर आगे बढ़ेगी। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने देश को जो संविधान दिया है उसकी प्रस्तावना में ही लिखा है कि हमें धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी और लोकतांत्रिक देश बनाना है। बाबा साहब के बनाये संविधान की प्रस्तावना में ही समाजवाद है। नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने हम लोगों को विरासत में समाजवादी विचारधारा और समाजवादी आंदोलन दिया है। नेताजी समाजवादी आंदोलन को यहां तक लेकर आये अब युवाओं की जिम्मेदारी है कि कई सौ वर्षों तक इसे आगे लेकर चलें। उन्होने कहा कि 2012 से 2017 तक समाजवादी सरकार की कई बड़ी उपलब्धियां है। प्रदेश का आधारभूत ढांचा तैयार कर विकास के रास्ते पर ले जाने का कार्य किया। आज तो भाजपा सरकार एक्सप्रेस-वे का झूठा प्रचार कर रही है। मुख्यमंत्री नहीं समझते कि एक्सप्रेस-वे क्या होता है। वह तो फोरलेन सड़क और किसी भी सड़क को एक्सप्रेस-वे कहने लगते है। समाजवादी सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तब बनाया था जब इंडियन रोड़ कांग्रेस के मानक भी तय नहीं हुए थे। समाजवादी पार्टी की सरकार ने 323 किलोमीटर का एक्सप्रेस-वे रिकार्ड 23 माह में बना दिया था। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे 6 लेन का है। इसे आठ लेन किया जा सकता है। यह पहला एक्सप्रेस-वे है जिस पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी बनायी गयी थी। यादव ने कहा मैंने कई बार कहा कि अमेरिका ने सड़कें बनायी और सड़कों ने अमेरिका को बनाया। अगर स्पीड डबल होगी तो अर्थव्यवस्था तीन गुनी हो जायेगी। भाजपा सरकार जो एक्सप्रेस-वे बना रही है उस पर चलने से पेट दर्द होने लगेगा। प्रधानमंत्री ने एक बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था। उसका मेंटेनेंस आज भी चल रहा है। भाजपा सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे एक इंच भी आगे नहीं बढ़ाया। अगर उसे गाजीपुर से आगे बलिया से जोड़ दिया गया होता तो वह बिहार से जुड़ जाता और उत्तर प्रदेश को दुनिया का सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे मिल गया होता। उन्होने कहा कि उनकी सरकार ने लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा में मेट्रो दी। इस सरकार ने कोई मेट्रो नहीं दी। लखनऊ में मेट्रो का काम नहीं बढ़ने दिया।

# निर्मला जैन के निधन पर महादेवी वर्मा सृजन पीठ में शोकसभा

**नैनीताल।** हिंदी की प्रख्यात लेखिका और आलोचक प्रो. निर्मला जैन के निधन पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा को संबोधित करते हुए महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने कहा कि 'शहर दर शहर' और आत्मकथा 'जमाने में हम' जैसी यादगार कृतियों की लेखिका के तौर पर अपार ख्याति अर्जित करने वाली निर्मला जैन ने हिंदी साहित्य जगत में पुरुष आलोचकों को गंभीरता से लिए जाने की मानसिकता की परंपरा को इन कृतियों के माध्यम से तोड़ा था। उनकी रचनाएं आज भी हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों के लिए आदर्श हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत थी असहमति को गरिमा और दृढ़ता के साथ कहना। वह पुरुष वर्चस्व वाले साहित्यिक क्षेत्र में जगह बनाने वाली पहली महिला आलोचक थीं। पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत ने कहा कि प्रो. निर्मला जैन का महादेवी वर्मा सृजन पीठ से भी जुड़ाव रहा।

# ट्रंप की टैरिफनीति का असर पूरी दुनिया पर पड़ना तय : प्रो पुरोहित

एजेंसी < जौनपुर
www.dailypioneer.com

दून विश्वविद्यालय में प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रोफेसर एच सी पुरोहित का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफनीति का असर पूरी दुनिया में पड़ेगा। उन्होने कहा कि टैरिफ नीति का संबंध सिर्फ व्यापार संतुलन नहीं है बल्कि यह दुनिया की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के वर्चस्व का मामला है जिससे दुनिया अछूती नहीं रहने वाली है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'ट्रंप की टैरिफनीति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. एच. सी. पुरोहित संकाय अध्यक्ष प्रबंध अध्ययन संकाय , दून विश्वविद्यालय देहरादून ने ट्रंप की टैरिफ नीति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। एमबीए बिजनेस इकोनॉमिक्स एवं बीकॉम ऑनर्स के विद्यार्थियों के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर पुरोहित ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका और चीन का योगदान 43 प्रतिशत से अधिक है, मगर इसका सबसे अधिक प्रभाव चीन वियतनाम, मेक्सिको, कंबोडिया और बांग्लादेश जैसे देश पर पड़ने वाला है। इस नीति से अमेरिका चीन की सामरिक शक्ति पर अंकुश लगाने और दुनिया में उसके दबदबे को कमजोर करना चाहता है लेकिन दो आर्थिक शक्तियों के बीच वर्चस्व की इस जंग का असर विश्व में विभिन्न देशों के बीच सप्लाई चैन को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगा। ट्रंप के इस कदम से वैश्विक स्तर पर मंदी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। भारत पर भी इसका असर देखने को मिलेगा क्योंकि भारत में विनिर्माण क्षेत्र के अधिकांश उत्पाद चीन से आयात किए जाते हैं इससे स्पष्ट है कि चीन से आयात होने उपकरण महंगे होने पर यहां निर्मित हो रही वस्तुओं के दाम बढ़ सकते हैं।

# कोण्डागांव में होगा सनातन संस्कृति और राष्ट्रवाद का महासंगम

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



श्री राम मानस मंडल, कोण्डागांव ने नगर के विकास नगर वार्ड में राम मंदिर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कोण्डागांव की पुण्य भूमि एक बार फिर एक ऐतिहासिक एवं विचारोत्तेजक आयोजन का साक्षी बनने जा रही है। श्री राम मानस मण्डल, कोण्डागांव के सौजन्य से 23 अप्रैल बुधवार को संध्या 6-30 बजे, छात्रावास मैदान, भाजपा कार्यालय के सामने में एक प्रेरणास्पद व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता होंगे - देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक, तेजस्वी वक्ता एवं सनातन संस्कृति के प्रबल प्रहरी पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ। गौरतलब है कि पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ इन दिनों विचारों का ज्वालामुखी बन चुके हैं, एक पूर्व वरिष्ठ पत्रकार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों में ओजस्वी वक्ता और हिंदू चेतना के सजग प्रहरी के रूप में देश दुनिया में उनकी एक अलग पहचान बन चुकी है। उन्होंने अपने शोध, भाषणों और लेखनी से राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति की भावना को घर-घर तक पहुँचाया है। उनकी वाणी में आक्रोश नहीं, आग्रह है, टकराव नहीं, तर्क है और अंधविश्वास नहीं, अध्यात्म का विवेक है। वह युवाओं को तथ्यों, ऐतिहासिक साक्ष्यों और आधुनिक उदाहरणों के माध्यम से जोड़ते हैं और उन्हें यह समझाते हैं कि भारत कोई साधारण राष्ट्र नहीं, बल्कि एक संस्कारों का दर्शन और वीरता की भूमि है।

**देश के युवाओं को सनातन के प्रति जागरूक करना : अध्यक्ष**

डी.एस. साहू अध्यक्ष श्री राम मानस मंडल ने बताया इस कार्यक्रम में लगभग 4 हजार लोगों के आने की संभावना है। सारी व्यवस्था पूर्ण हो चुकी है, जिसके लिए जिला प्रशासन से भी अनुमति ले ली गयी है यदि इससे अधिक भीड़ होती है तो उसकी व्यवस्था भी की जा रही है। आगे बताया कि इस कार्यक्रम से सनातन धर्म का प्रचार प्रसार और देश के युवाओं को सनातन से जोड़ना, जागरूक करना है।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :** आयोजन कर्ताओं ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सनातन धर्म के प्रति गौरव बोध को जाग्रत करना है। वैश्विक दौर में, जब सांस्कृतिक भ्रम, वैचारिक भ्रम और इतिहास की विकृतियाँ युवाओं को भ्रमित कर रही हैं, ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि भारतीयता और सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए जन-जागरण हो। सनातन धर्म केवल एक मज़हब नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति, एक दर्शन और एक सनातन चेतना है जो हमें वसुधैव कुटुम्बकम की भावना सिखाता है। यह धर्म आत्मा की अमरता, कर्म के सिद्धांत और सबके प्रति करुणा का भाव जगाता है। आज जब आधुनिकता की आंधी में हमारी युवा पीढ़ी अपने मूल्यों से कट रही है, तब ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन्हें अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना, आत्मविश्वास और आत्मगौरव से भरना नितांत आवश्यक हो गया है।

**नगर वासियों से अपील :** श्री राम मानस मण्डल, कोण्डागांव ने समस्त नगरवासियों, विशेषतः युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों एवं राष्ट्रप्रेमियों से इस अद्भुत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सनातन संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति की इस अलख को प्रज्वलित करने का अनुरोध किया है।

**इनकी रही उपस्थिति** – इस प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में श्री राम मानस मंडल डी एस साहू अध्यक्ष, शिवलाल शर्मा सचिव, ओम प्रकाश टावरी उपाध्यक्ष, बीनू भाई पटेल संरक्षक, सदस्य सुब्रत शाह, सूरज यादव, चंद्रकांत ठाकुर, मदन सोनेवरा, हिमांशु शर्मा, सौरभ मड़मी, संजय ठाकुर, ऋषि देव सिंह, गणेश ठाकुर, कमलेश मोदी, दयाराम पटेल, केसी आचार्य, घेवरचंद, चंद्रकांत बक्शी उपस्थित रहें।

# केन्द्रीय विद्यालय कोंडागांव में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय विद्यालय कोंडागांव में 16 अप्रैल को पुस्तकोपहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों ने अपने द्वारा उपयोग की गई पाठ्यपुस्तकों को कनिष्ठ छात्रों को सौंपा। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, कागज़ की बर्बादी को रोकने, नई किताबों की छपाई में कटौती तथा विद्यार्थियों में साझा करने की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नंदकिशोर वासनिक के मार्गदर्शन में तथा समस्त शिक्षकों व छात्रों के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायक वक्तव्यों और छात्रों द्वारा साझा किए गए अनुभवों से हुई। इसके पश्चात वरिष्ठ विद्यार्थियों ने स्वयं आगे बढ़कर अपने कनिष्ठ साथियों को पुस्तकें भेंट कीं। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि एक किताब का पुनः उपयोग न केवल एक पेड़ को कटने से बचाता है, बल्कि ऊर्जा, पानी और कागज की भी बचत करता है। छात्रों ने इस कार्यक्रम को लेकर गहरी रुचि और उत्साह दिखाया और भविष्य में भी इस परंपरा को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार धुर्वे व पुस्तकालय अध्यक्ष अक्षय आर्य जी के मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार ने एकजुट होकर साझा प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक मूल्यों के संवर्धन का संकल्प लिया।

# राजस्व पखवाड़ा में किया जा रहा प्रकरणों का निराकरण

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिले के गांव-गांव में लगातार राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्व पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न राजस्व प्रकरणों को लेकर ग्रामीणों से कुल 527 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें कोंडागांव तहसील के 92, फरसगांव तहसील के 34, माकड़ी तहसील के 78, केशकाल तहसील के 104, बड़ेराजपुर तहसील के 101, मर्दापाल तहसील के 74 और धनोरा तहसील के 44 आवेदन शामिल हैं। इस दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, अभिलेख त्रुटि सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही बी वन, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ आय, जाति, निवास भी बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आगामी मई माह में भी 13 मई 2025 से 27 मई 2025 तक और जून माह में 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित होगा।

# कोड़ेनार में पुलिया से लगी मिट्टी कटने के कारण कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी परियोजना की किरंदुल पहाड़ी में स्थित 11 सी लौह अयस्क खदान का तटबंध टूटने से बीते 21 जुलाई 2024 को अचानक आई बाढ़ ने सैकड़ों परिवार को प्रभावित किया था।इसके अलावा ग्राम पंचायत कोड़ेनार में भी तेज बहाव के साथ पानी बहने से पंचायत भवन के समीप स्थित पुलिया से लगी मिट्टी कट गई थीं। जिसके कारण पुलिया कभी भी धंसकर गिर सकता हैं एवं बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई हैं। सरपंच मीना मंडावी ने शुक्रवार बताया कि उक्त विषय को लेकर पीडब्ल्यूडी एवं एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत दी गई थीं लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया हैं। वहीं उप सरपंच तपन दास ने उक्त पुलिए से बड़े मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने प्रशासन से मांग की।

# किरन्दुल सेंट जोसफ चर्च में मनाई गई गुड फ्राइडे



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

गुड फ्राइडे के दिन को दुनियाभर में ईसाई लोग ईसा मसीह के सूली पर चढ़ने और मानवता के लिए दी गई कुर्बानी की याद में मनाते हैं,इसे ब्लैक फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। किरन्दुल स्थित रोमन कैथोलिक सेंट जोसफ़ चर्च में भी गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीही की कुर्बानी को याद कर प्रार्थना किया। गुड फ्राइडे ईस्टर संडे से पहले मनाया जाता है और यह दिन ईसाई समुदाय में सबसे खास माना जाता है।ईसाइयों की मान्यता के अनुसार, इस दिन ईसा मसीह ने पूरी दुनिया से बुराई को खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया था। मौके पर फिलिप अब्राहम, एवम अन्य उपस्थित थे।

# नारायणपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय संविधान के निर्माता, महाकारुणिक बोधिसत्व, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की134 वीं जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। डॉ.बी.आर.आंबेडकर जंयती समिति द्वारा नारायणपुर को नीले एवं पंचशील झंडों से सजाया गया था साथ ही नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर अंबेडकर जयंती से संबंधित फ्लेक्स लगाए गए थे। आंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जिसमें डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के अनुयायियों ने भारी संख्या में भाग लिया। अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने सर्वप्रथम बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती एवं अगरबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केदार कश्यप ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो ज्यादा पीएगा वह सबसे अधिक दहाड़ेगा। डॉ.भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे उन्होंने छुआछूत एवं भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर सभी को समानता का अधिकार दिलाया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित पंच तीर्थो का सम्पूर्ण विकास किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार बाबासाहेब आंबेडकर के आदर्शों पर चल रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका नारायणपुर के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल एवं विशिष्ट अतिथि नारायणपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ उनके मूल मंत्र शिक्षा, संगठन एवं संघर्ष पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्होंने हिंदू कोड बिल लागू कर महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए। भारत के प्रथम कानून एवं श्रम मंत्री के रूप में काम के 8 घंटे तय किये एवं महिलाओं को मातृत्व अवकाश प्रदान किया। डॉ. अंबेडकर ने भारत को सबसे बड़ा लिखित संविधान एवं बुद्धा एंड हिज धम्मा जैसा महान ग्रंथ दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष तीरथ कश्यप ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य अतिथि केदार कश्यप को मांग पत्र सौंपा। आयोजन समिति की मांग पर वनमंत्री केदार कश्यप द्वारा अम्बेडकर पार्क में भवन निर्माण, शेड निर्माण और प्रतिमा की सुरक्षा हेतु छतरी निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ.परमानंद बघेल एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव मंगलूराम उसेंडी ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि केदार कश्यप मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष संध्या पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, नगर पालिका के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, नारायणपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ओरछा मंगडूराम नूरेटी, सर्वआदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, गौतम एस गोलछा, बृजमोहन देवांगन, जिला पंचायत सदस्यगण संतनाथ उसेंडी, हीना नाग, पार्षदगण रीता मंडल, रमशीला नाग एवं उपस्थित समाज प्रमुखोंनारायण प्रसाद साहू, जितेंद्र देवांगन, सुरेश कुलदीप, अनिल साहू, सदर मोहम्मद फिरोज का डॉ. बी.आर. आंबेडकर जयंती समिति की ओर से अपर कलेक्टर बिरेंद्र बहादुर पंचभाई, कोषाध्यक्ष धनेश कुमार रामटेके, संरक्षक सदाराम ठाकुर, बौद्ध समाज अध्यक्ष उमेश रावत, अबूझमाड़िया समाज के अध्यक्ष रामजी ध्रुव, समिति के सदस्य दिनेश सहारे, राजेश बर्मन, दिलीप आमड़े, मणिशंकर अंचल, संतूराम नुरूटी, बलराम नायक, राकेश पोर्ते, फागूराम नुरूटी, उमेश कर्मा, गजानन चिमनकर, मनीष ठावरे, अमरदीप कुर्रे, दीपक रमन, मधु बागड़े, रजनी चिमनकर, मालती आमडे आदि ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मान किया।

# वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



वन विभाग केशकाल वनमंडल केशकाल द्वारा वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का प्रारंभ किया गया, जिसमें वनमंडलाधिकारी गुरूनाथन एन केशकाल द्वारा वन सीमा सुरक्षा सप्ताह के तहत परिक्षेत्र फरसगांव के परिसर लंजोडा पी 1179, पी 1180 का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संबंधित कर्मचारियों को वन सीमा सुरक्षा सप्ताह, मुनारा सत्यापन, प्लाटंटेशन तथा तेन्दूपत्ता तोड़ाई से संबंधित वन अमला को दिशा-निर्देश दिया गया। गुरुनाथन ने कहा कि वन सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण अंग वन सीमाओं का सही संधारण होता है। इसके महत्व को देखते हुये समस्त कार्य आयोजनाओं में पंचवर्षीय सीमांकन योजना के तहत प्रतिवर्ष वनसीमा के सीमांकन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष कुल सीमा रेखा की लंबाई के पांचवे भाग तथा कुल वन सीमा मुनारों के पांचवे भाग के मरम्मत एवं संधारण का कार्य किया जाता है। विगत वर्षों में बड़ी संख्या के पक्के मुनारों का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएफएस गौतम नारायण पाद भर, उप वनमंडलाधिकारी टीआर मरई, फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आरएस यादव के साथ परिक्षेत्र के समस्त वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (SUB-STATION) Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-492/97 Bilaspur, Date: 16/04/2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
| --- | --- | --- | --- |
| 01. | 02-17/Pur/ TR-492/97 Dtd.16/04/25 (Rfx No.8100042697 | Job work for arresting of oil leakage from 160 MVA X-mer No-II Make-EMCO Sr. No. HT 1687/12566 YoM-2007 installed at 220 KV S/s Mopka under EE (S/s) Dn. CSPTCL Bilaspur | 7,300.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: | | - 07/05/2025 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender: | | - 08/05/2025 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender : | | - 08/05/2025 | 15:30 Hrs |

Note:(I) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM.

SAVE ELECTRICTY
Samvad-43582/3
Executive Director (Sub-Station)
CSPTCL Bilaspur

# बोराई के सिविल अस्पताल में सुशासन का महज दिखावा, सिर्फ एक माह के लिए लगाई गई डॉक्टरों की ड्यूटी

## नगरी अस्पताल से एक दिन के गेप में सेवा देने आ रहे डॉक्टर, स्थायी डॉक्टर की मांग कर रहे ग्रामीण




पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बोराई के सिविल अस्पताल में वर्षो बाद भी डॉक्टर की स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है। यह अस्पताल सिर्फ एक आरएम व दो नर्स के भरोसे चलता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के दौरान एक माह के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगी है। वह भी एक दिन के गेप में नगरी सिविल अस्पताल से डॉक्टर सेवा देने आ रहे है। इस व्यवस्था से ग्रामीणों को थोड़ी राहत तो मिली है पर ग्रामीण संतुष्ट नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ एक माह के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाना सुशासन का महज दिखावा नजर आता है। वह भी इसलिए डॉक्टरों को भेजा गया क्योंकि ग्रामीणों ने आंदोलन का मूड बना लिया था। अगले माह से डॉक्टरों के नहीं आने से ग्रामीणों को फिर परेशान होना पड़ेगा। इस वैकल्पिक व्यवस्था की बजाए स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था पर ग्रामीण जोर दे रहे है। मनोज साक्षी, वीरेन्द्र यादव, कैलाश जैन, जगतराम, दुर्योधन नेताम, कुसुमलता मरकाम, संतोष मरकाम ने बताया कि बोराई स्वास्थ्य केन्द्र को सिविल अस्पताल का दर्जा तो मिल गया लेकिन सुविधा नहीं बढ़ाई गई है। यहां स्टाफ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से भी कम है। अब कई डॉक्टरों की नियुक्ति की गई लेकिन अधिकांश ने ज्वाइनिंग ही नहीं दी। कुछ डॉक्टर आए भी तो गिनती के दिनों में वापस चले गये। यहां डॉक्टर के रुकने के लिए अलग से भवन, बांउड्रीवाल समेत अन्य सुविधा नहीं है। फिर गांव वनांचल में है, इसलिए डॉक्टर यहां रहना पसंद नहीं करते। दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य सुविधा हासिल करने के लिए वनांचल के ग्रामीण भी उतने ही हकदार है जितने मैदानी क्षेत्र के लोग है। मैदानी क्षेत्र में निजी अस्पतालों की भी सुविधा है जबकि वनांचल के ग्रामीण सिर्फ शासकीय स्वास्थ्य सुविधा पर निर्भर रहते है। इसलिए वनांचल में स्वास्थ्य सुविधा पर खास फोकस किया गया है। बोराई को सिविल अस्पताल का दर्जा वहां की आवश्यकता को देखते हुए दिया गया है। आसपास के दर्जनों गांव के लोग इलाज के लिए पहुंचते है। नगरी के सिविल अस्पताल में 10 से अधिक डॉक्टर पदस्थ है जबकि बोराई अस्पताल में एक भी डॉक्टर का नहीं होना स्वास्थ्य सेवा की बदहाली को बयां करता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 7 अप्रैल से 7 मई तक के लिए नगरी अस्पताल के सात मेडिकल ऑफिसरों की एक दिन के आड़ में रोटेशन के आधार पर ड्यूटी लगाई गई है। ग्रामीणों की माने तो ये डॉक्टर भी दोपहर के समय पहुंचते है और शाम 5 बजते ही वापस रवाना हो जाते हैए इसके बाद अस्पताल में फिर वीरानी छा जाती है। इसलिए ग्रामीणों के द्वारा स्थायी व्यवस्था की मांग की जा रही है।

### सुविधा उप स्वास्थ्य केन्द्र से भी कम

सुविधा के लिहाज से देखे तो सिविल अस्पताल के नाम पर बोराई मजाक नजर आता है। सिविल अस्पताल में कम से कम 7 डॉक्टर रहने चाहिए जबकि बोराई में एक भी डॉक्टर नहीं है। न आरएचओ है न लैब टैक्नीशियन है। 12 नर्स की बजाए सिर्फदो नर्स ही है। सिविल अस्पताल को 24 घंटे खुला रखना जरुरी होता है जबकि बोराई अस्पताल में रात्रि में कोई नहीं मिलता। यहां पर्याप्त भवन, कर्मचारी, अधिकारी क्वार्टर, बाउंड्रीवाल, एम्बुलेंस समेत अन्य सुविधा का भी अभाव है। इससे बेहतर सुविधा उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मिल जाती है।

### सांकरा में मनचाही पोस्टिंग एक अतिरिक्त आरएमए पदस्थ

बोराई के सिविल अस्पताल में सिर्फ एक आरएमए चिकित्सक है। उसको फील्ड वर्क समेत कार्यालयीन कार्य भी करना होता है। वहीं लगातार 24 घंटे ड्यूटी संभव नहीं है इसलिए अस्पताल में रात्रि में कोई नहीं मिलता। दिन में भी मरीजों को परेशानी होती है। दूसरी ओर सांकरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तीन आरएमए पदस्थ है। यहां अधिकारियों द्वारा मनचाही पोस्टिंग दे दी गई है। उच्च अधिकारियों को यह कहकर गुमराह कर दिया जाता है कि सांकरा में मरीज अधिक आते है जबकि वहां दो आरएमए से काम चलाया जा सकता है। साढ़े तीन साल पहले ग्रामीणों की मांग पर एक आरएमए को बोराई भेजा गया था लेकिन कुछ माह में ही उसे वापस सांकरा बुला लिया गया।

### बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे ग्रामीण

बोराई क्षेत्र में स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाओं के अभाव के कारण ग्रामीणों के सब्र का बांध टूटने लगा है। ग्रामीण कई वर्षो से स्थायी डॉक्टर की मांग कर रहे। चक्का जाम धरना प्रदर्शनए शिविर में अधिकारियों का घेराव ग्रामीण कर चुके है। अब एक बार फिर ग्रामीणों के द्वारा बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों बोराई क्षेत्र संघर्षसमिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर मांगो से अवगत कराया है।

### स्थायी व्यवस्था तक लगेगी डॉक्टरों की ड्यूटी : सीएमएचओं

सीएमएचओ डॉक्टर यूएल कौशिक का कहना है कि सिर्फ सुशासन तिहार तक नहीं बल्कि जब तक बोराई अस्पताल में स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नगरी में डॉक्टर सेवा देने बोराई जाएंगे। इस वैकल्पिक व्यवस्था का उद्देश्य अस्पताल में ग्रामीणों को चिकित्सा अधिकारी की सेवा उपलब्ध कराना है। बोराई में एक महिला डॉक्टर पदस्थ थीए उनके पीजी कोर्स में चले जाने के चलते वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। डॉक्टर के लिए क्वार्टर की समस्या के कारण कोई रुकना पसंद नहीं करते सुविधा का विस्तार करने शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। ग्रामीणों को बेहतर सुविधआ उपलब्ध कराने पूरा प्रयास किया जा रहा है।

# जंगल के नैसर्गिक वनोपज कोकून कोशा की खरीदी शुरू



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

वनांचल क्षेत्र नगरी के ग्राम पंचायत भैंसामुडा के अंतर्गत 14 अप्रेल को ग्राम सभा खुदूरपानी के जंगलों में नैसर्गिक रूप से हो रहे कोशा की खरीदी रेशम विभाग के द्वारा शुरू किया गया जिसके तहत पहले दिन पंद्रह हजार कोकून खरीदा गया है। बता दें ग्राम सभा खुदूरपानी, भैसामुडा, मटियाबहरा, चारगांव एवं चंदनबहरा में सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त होने के बाद ग्रामीणों के द्वारा वन संरक्षण करने लगे है। इसके परिणाम स्वरूप तीन वर्षो तक जंगल में आग नही लगने से यहां के वृक्षों में कोकून का पैदावार होने लगा है। इसका फायदा लगभग चार सौ पचास परिवारों को मिला है। इसके साथ ही ग्रामीणों को दस हजार से पचास हजार रुपए तक का फायदा हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा का खुदूरपानी आगमन हुआ था जहां पर ग्रामीणों से रूबरू चर्चा के दौरान संदर्भ केंद्र खुदूरपानी खोज संस्था के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष कोकून खरीदी का प्रस्ताव ग्राम सभा खुदूरपानी द्वारा रखा गया था। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित रेशम विभाग के डारेक्टर उईके को आदेशित किया कि ग्राम खुदूरपानी एवं आसपास संग्रहण कर रहे कोकून को खरीदी की जाये और कोकून से रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया चालू किया जाए जिसके परिपालन में रेशम विभाग के द्वारा 15 अप्रेल को कोसा खरीद कर रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया के तहत महिला सदस्यों को रेशम विभाग के डारेक्टर उईके के निर्देशानुसार जय सिंह नेताम की टीम ने रेशम धागा निकालने वाली मशीन की सहायता से धागा निकालने व मशीन चलाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर के इस पहल से वनांचल के ग्रामीणों के लिए रोजगार के द्वार खुल गया है। इसके लिए ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा जिला कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# महिला बाल विकास विभाग ने किया पोषण पखवाड़ा का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम कुरूद मे आयोजित हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद एवं पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ, महिला बाल विकास विभाग कुरूद के अधिकारियों ने सुशासन सरकार द्वारा चलाये जा रहे मातृत्व योजनाओं को प्रत्येक महिलाओं तक पहुँचाने विविध आयोजन कर रहे है, मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर ने कहा हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व मे पुरे प्रदेश के माता बहनों को ऊपर उठाने के लिए महतारी वंदन से लेकर छोटे छोटे मातृत्व योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सबल बनाने का कार्य कर रही है। कुरूद के माता बहनों को इस आयोजन के लिये बधाई दी।

# अवैध बोर खनन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, बोर वाहन जब्त



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में अवैध बोर खनन पर कड़ी कर्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड कसडोल के ग्राम निठौरा में बिना अनुमति के बोर खनन करते पाए जाने पर एसडीएम गिरौद आर. आर. दुबे की उपस्थिति में राजस्व की टीम ने बोर खनन बंद करवार बोर वाहन को जब्त किया गया। एसडीएम दुबे ने बताया कि परमानन्द के द्वारा बिना पूर्व अनुमति के बोर खनन कराया जा रहा था जिसे मौक़े पर बंद कराया गया और वाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि गांव में सुव्यवस्थित पेयजल हेतु पी एच ई के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये गए है। इस दौरान तहसीलदार निवेश कोरेटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज के उपनयन संस्कार में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद

## 9 बटुकों का हुआ बटुक उपनयन संस्कार



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अंचल के बलौदा में सर्व ब्राह्मण कल्याण समाज द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। इस अवसर पर 9 बटुकों का हुआ बटुक उपनयन संस्कार सम्पन्न हुआ। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम को विधायक चातुरी नंद ने संबोधित किया। उन्होंने बटुकों को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान सर्व ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सर्व ब्राम्हण समाज भवन बलौदा के आहता निर्माण हेतु 3 लाख रुपए विधायक निधि से देने की बड़ी घोषणा विधायक चातुरी नंद ने की। इस अवसर पर सर्व ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा, मुरली धर पाढ़ी, सुरेश कर, पीतांबर दास, चूड़ामणि महराज, विद्याभूषण सतपथी, अजय पाढ़ी, किशोर कर, पप्पू सतपथी, शेखर पाणिग्रही सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भखारा में फोटो ग्राफर के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रार्थी पुषांक साहू पिता वेदप्रकाश साहू उम्र 26 वर्ष निवासी आमातालाब रोड़ धमतरी द्वारा 15 अप्रेल को थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 अप्रेल को ग्राम सुर्रा निवासी टेवेन्द्र साहू के यहां शादी कार्यक्रम में फोटोशुट करने अपने भाई हिमांशु साहू एवं दोस्त लेखराज ध्रुव के साथ भखारा आये थे की रात्रि करीबन 11.30 बजे प्रार्थी अपनी कार को रामलीला मैदान भखारा में पार्किंग कर कैमरा को लेकर सामने मेन रोड पर तरफ आ रहे थे कि उसी समय भखारा निवासी भीष्म उर्फ छोटू माल अपने साथियों के साथ आकर बोले तुम लोग बाराती हो कहकर मां बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुये तथा जान से मारने की धमकी देते हुये प्रार्थी के कॉलर पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट किये तथा उसका साथी बीयर बॉटल एवं धारदार चाकू से मारपीट कर चोंट पहुंचाये है कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना भखारा में अप0 क्र0 50/25 एवं धारा 296, 115-2, 351-2, 3-5 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना भखारा द्वारा तत्काल विवेचना में लेकर प्रार्थी ने अपने कथन के आधार पर आरोपियों भीष्म कुमार उर्फ छोटू माल एवं गुलशन गर्ग, नवीन उर्फ समीर निर्मलकर एवं एक अन्य सभी निवासी को पकड़कर पूछताछ करने पर बताये की नवीन उर्फ समीर निर्मलकर हाथ में रखे बीयर की बॉटल से प्रार्थी के कान के पास मारा तथा विधि से संघर्षरत् बालक ने प्रार्थी के भाई हिमाशुं को अपने पास रखे धारदार चाकू को निकालकर लहराते एवं चिल्लाते हुये हिमांशु के पीछे पीठ में चाकू से वार किया जिसे देख प्रार्थी अपने भाई को खिंचकर अलग किया तो गुस्से में आकर विधि से संघर्षरत बालक द्वारा प्रार्थी के बायें हाथ कि कोहनी पर चाकू से से वार कर चोट पहुंचाया जिसे लेखराज ध्रुव एवं ललीत साहू बीच.बचाव कर छुड़ाया। दोनों घायल भाईयों को अस्पताल ले जाकर मुलाहिजा कराया गया जिसमें डॉक्टर के रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण सदर में धारा 118-1 बीएनएस जोड़ी गई। आरोपियों एवं विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुये अपराध घटित करना स्वीकार किये तथा आरोपी नवीन उर्फ समीर कुमार निर्मलकर, भीष्म साहू तथा विधि से संघर्षरत् बालक ने अपने-अपने मेमोरण्डम कथन में बीयर के बॉटल से तथा विधि से संघर्षरत् बालक द्वारा धारदार चाकू से वार करना बताने एवं घटना में प्रयुक्त चाकू को गवाहों के समक्ष आरोपियों से जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गई एवं प्रार्थी एवं गवाहों के कथन के आधार पर आरोपियों एवं विधि से संघर्षरत् बालक के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपीगण भीष्म कुमार साहू उर्फ छोटू माल पिता डोरी लाल साहू उम्र 31 वर्ष भखारा एवं गुलशन गर्ग पिता गणेश्वर गर्ग उम्र 24 वर्ष भखारा एवं नवीन उर्फ समीर कुमार निर्मलकर पिता संतोष निर्मलकर उम्र 18 वर्ष 09 माह भखारा को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। प्रकरण के विधि से संघर्षरत् बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्यायालय धमतरी पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा उनि उमाकांत तिवारी, सउनि. नीरज दुबे, आर हरिशंकर सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा, ईश्वर साहू एवं आर अमृता मत्स्यपाल का विशेष योगदान रहा।

# पोषण पखवाड़ा में शामिल हुई नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम कुरूद मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद एवं पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। महिला बाल विकास विभाग कुरूद के अधिकारियों ने सुशासन सरकार द्वारा चलाये जा रहे मातृत्व योजनाओं को प्रत्येक महिलाओं तक पहुँचाने विविध आयोजन कर रहे है। मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर ने कहा हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे पुरे प्रदेश के माता बहनों की आर्थिक सुदृढ़िकरण के लिए महतारी वंदन से लेकर छोटे छोटे मातृत्व योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को संबल बनाने का कार्य कर रही है। कुरूद के माता बहनों को इस आयोजन के लिये बधाई दी।



# पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उपस्थित होकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# समरसता संगोष्ठी के साथ होगा संगठन पखवाड़े का समापन : प्रकाश बैस

## भारत को श्रेष्ठतम बनाने सरकार ही नहीं संगठन के लोग भी परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल से 25 अप्रैल तक संगठन पखवाड़े के रूप में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं, सक्रिय सदस्यों और आम जनता से प्रमुख पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों का सीधा संपर्क हुआ। स्थापना दिवस में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने अपने घरों में झंडा लगाकर और दीप जलाकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। जिले और मंडल स्तर पर गोष्ठियां हुईं। प्रत्येक मंडल में सक्रिय सदस्य सम्मेलन हुए जिसमें बड़ी संख्या में सक्रिय सदस्य एवं सभी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैंस ने बताया कि पखवाड़े भर पार्टी के सांसद, मंत्री, विधायक से लेकर समस्त जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत दिन भर का प्रवास बस्तियों और गांवों में किया। बैस ने बताया कि इस संगठन पखवाड़े का समापन समरसता संगोष्ठी के साथ होगा जिसमें प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर के वक्ता जिले भर से आए सामाजिक बंधुओं को संबोधित करेंगे। संगठन पखवाड़े के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने बताया कि सभी की सहभागिता से पार्टी द्वारा निर्देशित समस्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। 14 से 25 अप्रैल तक पार्टी के नेता अनुसूचित जाति के प्रभावशाली परिवारों, खिलाड़ियों, कलाकारों, पूर्व अधिकारी, पूर्व सैनिक सहित प्रमुख परिवारों से संपर्क कर बाबा साहेब के विचारों को जनमानस तक ले जाने में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के अंतिम सप्ताह में किए जा रहे समरसता अभियान के लिए जिले के संयोजक विजय साहू एवं उमेश साहू मंडल की टीम के साथ मिलकर अभियान को गति दे रहे हैं। आने वाले दिनों में पार्टी के और भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने वाले हैं। संगठन पखवाड़े के समापन के बाद पार्टी देश में राजनीतिक सुधार के अपने संकल्प के तहत एक देश एक चुनाव को लेकर भी जनसमर्थन जुटाने अनेक कार्यक्रम करेगी। जैन ने बताया कि इसके लिए भी जिला संयोजक के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने कार्ययोजना तैयार की गई है। आजादी के अमृत महोत्सव में भारत को श्रेष्ठतम बनाने न सिर्फ सरकार बल्कि संगठन के जिम्मेदार लोग भी परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं।

# विधायक को नही है आमदी की कोई चिंता : कविंद्र जैन

## गांव चलो बस्ती चलो अभियान में आम जनता से रूबरू हुए भाजपाई

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन दिनों गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रमुख पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों का अलग अलग गांव में प्रवास कार्यक्रम बनाया गया है। नगर पंचायत आमदी में प्रवास पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने वहां के शिव प्रसाद साहू के निवास पहुंच कर उनका कुशलक्षेम पूछा। सामाजिक प्रमुखों के घर जाकर उनसे समाज के उत्थान के लिए चल रही सरकार की योजनाओं की चर्चा की। युवाओं और विद्यार्थियों से नई शिक्षा नीति, नए पाठ्यक्रमों, रोजगार के अवसर तथा स्टार्टअप्स के विषय में सकारात्मक बातचीत की। इस दौरान शीतला मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद भी लिया। जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ पशु चिकित्सालय तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। बस्ती में लोगों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं जानी। गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं, एंबुलेंस की अनुपलब्धता, नशे की समस्या, सुरक्षा संबंधी इंतजामों की खामियों सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर सीधे अधिकारियों से बात की और जल्द ही समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। जैन ने आश्चर्य व्यक्त किया कि आमदी विधायक ओंकार साहू का निवास होते हुए भी वो नगर की छोटी छोटी समस्याओं के प्रति उदासीन हैं। उन्हें आमदी की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। जैन ने आमदी नगर पंचायत के अध्यक्ष ज्योति साहू एवं पार्षदों को इन समस्याओं के विषय में संबंधित अधिकारी को पत्र लिखने का निर्देश दिया। साथ ही बैंकिंग सुविधाएं, रिक्त पदों की भर्ती सहित कुछ शासन स्तर की समस्याओं के लिए प्रभारी मंत्री से मिलकर उसका समाधान कराने की बात कही। नगर पंचायत ज्योति साहू ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर आमदी नगर को सुंदर और सुरक्षित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष कोमल यादव, सभापति उमानंद कुंभकार, सभापति सुनीता साहू, सभापति जागेश्वर नेताम, सभापति सरिता साहू, सभापति किरण साहू, पार्षद नारायण मटियारा, तरुण कुमार साहू, कृपाल साहू, कार्तिक राम साहू, मितेश साहू, कमल साहू, रेवत साहू, शिवप्रसाद साहू, रामजी धीवर, उपासना धीवर, तुषार धीवर सम्मिलित हुए।

# ग्राम पंचायत बेलौदी में अनोखा पहल, मॉडल ग्राम बनाने दिया जा रहा है स्वच्छता पर ध्यान

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेलौदी को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। जनपद पंचायत पाटन के द्वारा मॉडल ग्राम चनित होने के बाद भारी उत्साह के साथ सरपंच अपने कार्य में लग गया है। हालांकि अभी ग्राम पंचायत की सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है जिससे परेशानी तो हो रही है लेकिन स्वच्छता के प्रति अपने कदम को आगे बढ़ते हुए ग्राम पंचायत के सरपंच ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। आपको बता दें ग्राम पंचायत के युवा सरपंच हुकुमचंद निषाद ने अपने गांव में स्वच्छता को लेकर के नई-नई योजना के साथ ग्राम में कार्य कर रहे हैं घर से निकलने वाली सुखा और गीला कचरा के लिए कूड़ा दान प्रदान किया जा रहा है। वही गांव गांव में स्वच्छता के लिए एक कदम और आगे बढ़ते हुए बर्तन बैंक का भी स्थापना की गई है। जिसे अभी शुरुआती दौर पर 100 बर्तन और गिलास लाई गई है। जिसे सुख-दुख के कार्यक्रम में ग्रामीणों को मामूली किराया में उपलब्ध कराएगी। जिससे डिस्पोजल दोना पत्तल के उपयोग से ग्रामीण बच सकेंगे और स्वच्छता का संदेश दे पाएंगे। ग्राम पंचायत के सरपंच हुकुमचंद निषाद में मीडिया को जानकारी शेयर करते हुए बताया कि पूरे गांव की स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ कराया गया है साथ ही प्रत्येक घर कूड़ा दान प्रदान किया जा रहा है जिससे गीला और सुखा कचरा को अलग-अलग कर रख सके और स्वच्छता दीदियों के द्वारा कचरा कलेक्शन कर उचित स्थान पर रखा जाएगा मनीकंचन केंद्र में कचरा को अलग कर रखा जाएगा। वही गांव में बर्तन बैंक का भी शुभारंभ कर दिया गया है जिससे लोगों को सुविधा मिल सके और स्वच्छता पर काम किया जा सके। गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच के साथ नव दुर्गा स्वा सहायता समूह बेलौदी की महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। मौके पर रोशनी नायक अध्यक्ष रमा नायक सचिव, सदस्य गण इंद्राणी नायक, विमला नायक, सोनम नायक देहुती वर्मा, प्रभा वर्मा, यामिनी यादव, हेमकुमारी नायक, हसीना गंधर्व सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहे। मौके पर पंच गण उप सरपंच ललित यदु, चेतन यदु, नागेंद्र यादव, हिरमोतीन साहू, हेमचंद निषाद, कौशल्या नेताम, रामेश्वरी वर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, टासला सेन, चूरामन ठाकुर, सीमा वर्मा, रतन वर्मा, पूर्णिमा साहू मौजूद रहे।

## हरियाली बढ़ाने और जल संरक्षण के लिए सभी विभाग प्रमुखों को दिए निर्देश

**दुर्ग।** राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में हरियाली को बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए थे। विगत दिवस आयोजित बैठक में राज्यपाल ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वह खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं और उन पेड़ों का संरक्षण भी किया जाए। इसके साथ ही, पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पेड़ मां के नाम पर लगाई जाए। साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ-साथ तालाबों, नदियों और जलाशयों के जल संचयन की प्रक्रिया पर भी ध्यान देने का निर्देश दिए हैं। जल संचयन के इन उपायों से जिले में जलस्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और आने वाले समय में पानी की समस्या को कम किया जा सकेगा।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2.0 के संबंध में बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2.0 के संबंध में उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक तकनीकी शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर डॉ. अमिताभ दुबे एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार पाण्डे भी उपस्थित थे। बैठक में उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय आर. के. कुर्रे, संयुक्त संचालक टी.एस.सतपुते, आई.टी.आई. भिलाई एवं विभिन्न शासकीय एवं निजी इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक एवं आई.टी.आई. छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई तथा हेमचंद विश्वविद्यालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग के कुल 32 प्रतिनिधि उपस्थित थे। डॉ. अमिताभ दुबे ने सभी को निर्देशित किया कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं तक पहुंचाने में पुर-जोर प्रयास करें साथ ही उन्होंने विभिन्न संस्थानों के रिक्तियों को भी साझा किया जिससे कि युवा उन संस्थानों में इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करते हुए योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही सभी प्रतिनिधियों से अभी तक के रजिस्ट्रेशन की जानकारी प्राप्त की तथा उसे और बढ़ाने पर जोर दिया। योजना के नोडल अधिकारी एवं संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अपूर्ण आवेदकों से सम्पर्क कर उन्हें इस योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए अपने आवेदन को पूर्ण करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे ऐसे अभ्यर्थियों को योजना का सम्पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके। इस योजना में आवेदन के उपरान्त युवाओं को चयनित होने पर भारत सरकार के कार्पोरेट उपक्रम में एक साल की अप्रेंटिशशिप में 5 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय व संबंधित को एक वर्ष में 6 हजार रूपए एक मुश्त अन्य खर्च हेतु प्रदान किया जाएगा। यह अप्रेंटिशशिप नियमित नियुक्ति नहीं है, यह अप्रेंटिशशिप अनुभव प्राप्त करने के लिए है। यह केन्द्र सरकार की निःशुल्क योजना है, जिसका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस योजना में आवेदन करने की अन्तिम तिथि शासन द्वारा 22 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है।

# स्पैरो के टैक्स संबंधी शिकायतों शिविर में पहुच रहे है लोग, स्पैरो के टैक्स संबंधी शिकायतों का समाधान 21 अप्रैल तक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



26 पीड़ित करदाताओं की शिकायत,किसी ने फोन-पे, तो किसी ने चेक, ऑनलाइन के माध्यम से स्पैरो कम्पनी को टैक्स जमा, करदाताओं के पास रसीद, जांच के बाद रिकार्ड में नही

आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देश पर स्पैरो कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के नाम पर करतदाताओ के साथ गडबडी किए जाने के मामले में निगम परिसर टैक्स काउंटर में कार्यवाही के लिए शिविर लगाया गया है। 15 अप्रैल से 21 अप्रैल तक करदाता पीड़ितों के लिए समाधान शिविर लगाया गया है। शिविर नगर निगम कार्यालय परिसर के टैक्स वसूली कक्ष में लगाया गया है। उक्त शिविर में निगम के अलावा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे।इस दौरान कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद लेकर पीड़ित करदाता बड़ी संख्या में पहुच रहें है। 26 पीड़ित करदाताओं की शिकायत, किसी ने फोन पे, तो किसी ने चेक, ऑनलाइन के माध्यम से स्पैरो कम्पनी ने लिया टैक्स, कई करदाताओं के पास रसीद जांच के बाद रिकार्ड में नही। 26 करदाताओं से स्पैरो कम्पनी द्वारा टैक्स लेने के बाद भी 176584 रुपये की राशि जांच में पेंडिंग बताया जा रहा। निगम प्रशासन ने अपने रिकार्ड में स्पैरो कंपनी द्वारा लाखो रूपए की गडबडी किए जाने का उल्लेख किया है। इस मामले की कार्यवाही के लिए करदाताओं से रसीद साथ लेकर शिविर में आने की अपील की है। नगर पालिक निगम द्वारा स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी की टैक्स वसूली से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए शिविर लगा हुआ है। इस क्रम में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोन पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बताया। अधिकांश पीड़ित करदाता रसीद लेकर शिविर में पहुच रहे है। रसीद होने के बावजूद रिकार्ड में सो नही हो पा रहा है। इस दौरान कंपनी द्वारा टैक्स वसूली के दौरान जमा कराई गई राशि, जमा कराई गई टैक्स की रसीद तथा अन्य सभी प्रकार के शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इस तरह के किसी भी शिकायत की स्थिति में करदाता संबंधित दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित हो रहे है जिससे शिकायतों का निराकरण किया जा सकें।

# राज्यस्तरीय एनएसएस शिविर में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के विकास ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा अंबिकापुर जिले में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग के युवा स्वयंसेवक विकास कुमार (समाजकार्य) ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह शिविर 21 मार्च से 27 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का संचालन किया गया। इस शिविर में छत्तीसगढ़ के 9 विश्वविद्यालयों से आए युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया और समाज सेवा, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी। शिविर के दौरान विकास कुमार ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट कार्य किया और समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। शिविर समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेयी, जैनेंद्र दीवान कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, शैलदेवी महाविद्यालय के संचालक महोदय राजन कुमार दुबे, संयुक्त संचालिका डॉ रजनी राय, प्राचार्य डॉ के एन मिश्रा सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी योगिता नशीने ने विकास कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि ऐसे शिविर युवा पीढ़ी को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ठगड़ा बांध का निरीक्षण करने पहुँची महापौर अलका बाघमार, अधिकारियों के साथ वर्षा जल संचयन हेतु बनाई गई रणनीती



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ठगड़ा बांध निष्कारी तालाब में वर्षा जल संचयन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यह निरीक्षण तालपुरी बांध में जल स्तर कम होने की स्थिति को देखते हुए किया गया, ताकि बरसात के समय ठगड़ा तालाब में जल संग्रहण कर भविष्य में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान चैनल निर्माण कर जल प्रवाह को ठगड़ा तालाब तक लाया जाए, जिससे स्थानीय क्षेत्र में जल आपूर्ति सुदृढ़ हो सके। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, एसडीओ एन.शुक्ला, एवं इंजीनियर यशवंत लाल चंद्राकार उपस्थित रहे। यह योजना ठगड़ा क्षेत्रवासियों के लिए जल संरक्षण की दिशा में एक दूरदर्शी और सराहनीय कदम है। महापौर अलका बाघमार ने तालाब और बांध में जल स्तर को बनाए रखने के लिए एक रणनीति बनाई है। इस रणनीति में, तालाबों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण, और कटाव को रोकने के उपाय शामिल किया जाएगा।

## जन्म दिन पर युवा सरपंच रवि सिंगौर ने किया अनोखा पहल,पोषण आहार वितरण कर, बच्चो के साथ किया भोजन



**अम्लेश्वर।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत सांकरा के युवा सरपंच व भाजपा महामंत्री रवि सिंगौर ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए अनोखी पहल की है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण परखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र मे बाल भोज का किया आयोजन। सरपंच रवि सिंगौर कुपोषण मुक्त गांव करने के संकल्प को लेकर पौष्टिक भोजन के रूप मे फल अंगूर, पपीता, केला, खीर पूड़ी आहार वितरण किया। इस अवसर पर चंद्रभागा चंद्राकर, लता सिंगौर, सुनेती सिंगौर, सजना सिंगौर, सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, पंचगण संजय सिंगौर, तुलाराम सिंगौर, महेंद्र पारधी, नरेंद्र गायकवाड़, कामता सिंगौर, विकास सिंगौर, युगल सिंगौर सहित अन्य ग्रामवासी जन मौजूद रहे।

## सेल्फ एम्प्लोएड टोईलर में प्रशिक्षण देने के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र औद्योगिक क्षेत्र जवाहर नगर गेट के पास धमधा नाका दुर्ग में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु मेहमान प्रशिक्षक की अस्थायी नियुक्ति किया जाना है। प्रशिक्षण ट्रेड सेल्फ एम्प्लोएड टोईलर में प्रशिक्षण देने के लिए आवेदन 30 अप्रैल 2025 तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। निम्न शर्तो की पात्रता रखते हुए दर्शाये गये शर्ते पूर्ण करते हुए संलग्न कर आवेदक अपना पंजीयन एवं दस्तावेज, आवेदन पत्र, दस्जावेजों व उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा (फैशन डिजाइन) एवं चार साल एडवांस डिप्लोमा 03 साल का, ग्रेजुयूट 02 साल का, पोस्ट ग्रेज्युट 01 साल का, 12वीं का 04 साल का अनुभव होना अनिवार्य। आवेदक को संबंधित ट्रेड/कोर्स में टीओटी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। चयन मेरिट के आधार पर होगा। आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो एवं रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। चयनित आवेदक मेहमान प्रशिक्षक का मानेदय 15 हजार रूपए एक मुश्त प्रशिक्षण अवधि में देय होगा।

# 13 जुआडिओं से नगदी रकम 1,44,220 रूपये जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सटटा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोनपुरी भरदा के बीच खार में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना साजा एवं सायबर सेल पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, इस दौरान मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 13 जुआडियानो छबिसिंह चौहान पिता माधव सिंह चौहान उम्र 34 साल साकिन केहका थाना साजा, रामशरण पटेल पिता शांतिलाल पटेल उम्र 55 साल साकिन मासुलगोंदी थाना परपोडी, राकेश जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन उम्र 50 साल साकिन देवकर, डेरहा पटेल पिता गयाराम पटेल उम्र 42 साल साकिन बीडोरा थाना लोहारा जिला कबीरधाम, उबारनदास पिता धनराज सतनामी उम्र 42 साल साकिन धमधा जिला दुर्ग, प्रेमुलाल यादव पिता नम्मू यादव उम्र 25 साल साकिन देवकर थाना साजा, संतोष वर्मा पिता पुनउ वर्मा उम्र 48 साल साकिन तुमडीपार थाना परपोडी, हेमाकुमार चिंतुराम सतनामी उम्र 27 साल साकिन अगार थाना धमधा जिला दुर्ग, राजकुमार साहू पिता बिजेराम साहू उम्र 48 साल साकिन कुकुरमुडा थाना छुईखदान, सफिक खान पिता सफिल खान उम्र 27 साल साकिन परपोडी थाना परपोडी, हरिशंकर मनहर पिता तुलसी राम उम्र 34 साल साकिन जामगांव चौकी देवकर, खेमु सोरी पिता सदाराम सोरी उम्र 31 साल साकिन देउरगांव थाना साजा जिला बेमेतरा, बिरेन्द्र शर्मा पिता शिवकुमार शर्मा उम्र 41 साल साकिन घासीदास नगर वार्ड नं. 23 भिलाई जिला दुर्ग के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फ्ड से कुल जुमला नगदी 1,44,220/- रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर विधिवत कार्यवाही किया गया है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 25 अप्रैल को, निजी क्षेत्र के 103 पदों पर होगी भर्ती

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में महिमा मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई एवं रिलाईस निपोन लाईफ इंश्युरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा अधिसूचित कुल 103 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। महिमा मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पीटल उतई द्वारा डॉक्टर, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, आईसीयू ईचार्ज, एक्स-रे टेक्निशियन, लैब टेक्निशियन, ओ.टी. टेक्निशिन, एम्बुलेंस ड्राईवर, सिक्युरिटी गार्ड एवं मेडिकल स्टोर हेतु 88 पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। उक्त पदों हेतु निर्धारित योग्यता एम.बी.बी.एस./ बी.ए.एम.एस./ जी.एन.एम./ बी.एस-सी नर्सिंग डिप्लोमा इस एक्स-रे, लैब टेक्निशियन, ओ.टी. टेक्निशियन/ 10वीं/ 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण है तथा वेतन 9500 रूपए से 55000 रूपए प्रतिमाह तक है।

# शासन की योजनाएं हर जरूरतमंद तक सीधे पहुँचें : मधु रॉय

## आवास प्लस का सर्वे करने पहुँचीं जिला पंचायत सदस्य

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजना मोर द्वार साय सरकार के अंतर्गत शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ग्राम पंचायत झाल पहुँचीं। यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (आवास प्लस) के तहत चल रहे सर्वे कार्य की समीक्षा की और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ जानीं। उन्होंने हितग्राही कांति साहू एवं धान बाई साहू के आवास स्थलों का सर्वे भी किया। कई ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से पात्र होते हुए भी आवास सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। इस पर मधु रॉय ने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मोर द्वार साय सरकार का उद्देश्य यही है कि शासन की योजनाएं हर ज़रूरतमंद तक सीधे पहुँचें और हर व्यक्ति को उसका हक़ मिले। जिनके पास पक्का मकान नहीं है, उन्हें प्राथमिकता से आवास दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान ग्रामवासियों ने सड़क, राशन वितरण, पेंशन तथा जल आपूर्ति से जुड़ी अन्य समस्याएं भी रखीं, जिनके त्वरित निराकरण हेतु निर्देश अधिकारियों को दिए गए। ग्राम पंचायत झाल की सरपंच खेमकली ललित साहू ने कहा कि हमारे ग्राम में कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें आज भी पक्के मकान की आवश्यकता है। जिला पंचायत सदस्य के दौरे से हमें उम्मीद है कि अब इन जरूरतमंदों को प्राथमिकता से लाभ मिलेगा। मोर द्वार साय सरकार जैसी पहल से शासन और ग्रामीणों के बीच की दूरी कम हो रही है, जिससे योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुँच रहा है। कार्यक्रम में एडीओ चन्द्रभान बंजारे, उपसरपंच नंदकुमार साहू, चंचल निषाद, नेहा कुर्रे, मोंगरा अनंत, उन्नति गोयल, दीपा साहू, कामेश्वरी साहू, पार्वती साहू, भागवत साहू, तिलक साहू, राजेन्द्र साहू, बिंदा साहू, मोहन साहू, केशव साहू, प्रेमलाल अनंत, सोनू साहू, जगदीश अनंत, साधराम साहू, गयाराम साहू, आनंद साहू, चंद्रिका साहू, कपिल साहू, छेदीलाल साहू, बलदू राम, जीवन साहू, एहू राम, दिलीप साहू, हगरु राम, भोला राम, रामकुमार साहू, कुमार गौटिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ विभाग में 38 विज्ञापित पदों के लिए सूची जारी, 26 अप्रैल तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक/ एन.एच.एम./एच.आर./ 2025/345 दुर्ग, 11.01.2025 के माध्यम से 38 पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। सीएमएचओ मनोज दानी के अनुसार विज्ञापित पदों में से जूनियर सेकेटेरियल असिस्टेंट-एन.सी.डी./एन.एच.एम. फार्मासिस्ट एन.यू.एच.एम., सेकेटेरियल असिस्टेंट एन.एम.एच.पी., सीनियर नर्सिंग ऑफिसर-एन.एम.एच.पी (संशोधित सूची) पदों पर दावा आपत्ति हेतु प्रारंभिक पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति हेतु किया जा रहा है। दावा आपत्ति होने पर अभ्यर्थी दावा आपत्ति Email Id nhmdurgrecruitment@gmail.com के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में 26 अप्रैल 2025 तक सायं 05.30 बजे तक प्रेषित कर सकते हैं, दावा आपत्ति अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जावेगा। निर्धारित प्रपत्र में दावा आपत्ति प्रेषित नहीं करने पर दावा आपत्ति मान्य नही किया जावेगा। निर्धारित समयावधि उपरांत दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा। शेष पदों की दावा आपत्ति सूचना हेतु अभ्यर्थी वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें। दावा आपत्ति सूची. सूचना एवं दावा आपत्ति हेतु प्रपत्र दुर्ग जिले की वेबसाईट www.durg.gov.in में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

## महापौर व सभापति की उपस्थिति में निगम कार्यालय सभागार में एनडीआरएफ टीम ने आपदा से राहत व बचाव को दिया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम कार्यालय के सभागार में मंगलवार को एनडीआरएफ के द्वारा आपदा से निपटने को लेकर लोगों को सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मौके पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, उपायुक्त मोहेंद्र साहू अधिकारी/कर्मचारी मौजूद उपस्थिति थे। नगर निगम सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ कटक ओडिशा की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए प्रखंड और अंचल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया. जिसका नेतृत्व एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर विकास शर्मा एवं उनके टीम कर रहे थे। इस दौरान प्रखंड और अंचल कर्मियों को विभिन्न प्रकार के राहत कार्य की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी। बाढ़ के अलावे भूकंप, सर्पदंश, हृदय रोग, सड़क सुरक्षा के दौरान शारीरिक क्षति से संबंधित बचाव की भी जानकारी दी गयी। पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने और शव को पानी से बाहर निकालने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की तकनीकी पहलुओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के खून को नियंत्रित करने की विधि से भी आपदा प्रबंधन विभाग के प्रशिक्षित कर्मियों को अवगत किया। प्रशिक्षण के मौके पर पार्षद गोविंद्र देवांगन, संजय अग्रवाल, साजन जोसेफ, ललिता ठाकुर, मनीषा सोनी, नीरा खिचरिया, सरस निर्मलकर, रेशमा सोनकर, खिलावन मटियारा, ललित ढीमर, हिरौंदी चंदानिया, खालिक रिजवी, लोकेश्वरी ठाकुर, सविता साहू, मनोज सोनी, सावित्री दमाहे, जितेंद्र महोबिया, रामचंद्र सेन, सरिता चन्द्राकर, सुरुचि उमर सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### भारत-चीन संबंध मानसरोवर यात्रा

**मानसरोवर यात्रा** की बहाली भारत-चीन संबंधों में राजनयिक बेहतरी की दिशा में एक कदम होगा। दुनिया में इस समय ट्रंप के टैरिफों से तबाही मची है, पर उसके कुछ अच्छे असर भी सामने आ रहे हैं। परस्पर प्रतियोगिता कर रहे अनेक देश अब समन्वय के बारे में सोच रहे हैं। भारत और चीन के बीच लंबे समय से तनाव है, पर अब वे कुछ नजदीक आने के रास्ते खोज रहे हैं। एशिया के दो सर्वाधिक शक्तिशाली देश अब टकराव के बाद राजनय के जटिल मार्ग से गुजर रहे हैं। भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा बहाल करने का समझौता करने जा रहे हैं जिसके भू-राजनीतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से गहरे प्रतीकात्मक असर हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर चार साल से ज्यादा गंभीर तनाव के बाद यह कदम संबंध सुधारने की दिशा में ऐसे समय महत्वपूर्ण कदम होगा जब दोनों देशों की अर्थव्यवस्थायें संरक्षणवादी नीतियों व खासकर ट्रंप युग में लगाए गए टैरिफ ढांचों के अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक परिणाम अनुभव कर रही हैं।

हिंदुओं, जैनों और बौद्धों के लिए कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की पवित्र तीर्थयात्रा 2020 के बाद से नहीं हुई है। उस साल कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा सीमा पर तनाव का दुहरा असर पड़ा था जिसका नतीजा घातक गलवान घाटी झड़प के रूप में सामने आया था। इससे 1962 युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच संबंध सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। अब दोनों पक्ष इसमें नया अध्याय लिखने को तैयार लग रहे हैं। इस संभावित समझदारी से यात्रा की शुरुआत एक विश्वास बहाली उपाय के रूप में हो सकती है। यह कदम राजनयिक बेहतरी, खासकर डेमचोक व डेपसांग में सेनाओं के बीच तनाव घटाने के समझौतों तथा सीमा मुद्दों पर 'विशेष प्रतिनिधि संवाद' जैसी व्यवस्थाओं की बहाली का नतीजा है। अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच कज़ान में हुई बैठक ने इन घटनाओं को प्रेरित किया है। वहां दोनों नेताओं ने अनेक क्षेत्रों में सहयोग बहाल करने पर जोर दिया था जिनमें सीमा व्यापार से लेकर सीमाओं पर बहने वाली नदियों के डेटा का साझा तथा कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा की बहाली शामिल थे। ट्रंप के टैरिफों ने इस प्रक्रिया को गति दे दी है। तीर्थयात्रा की बहाली महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक संकेत है। तीर्थयात्री हिमालय पर्वत पर 19,500 फीट ऊंचाई पर उत्तराखंड में लिपुलेख व सिक्किम में नाथूला रास्ते से तिब्बत पठार स्थित पवित्र स्थलों तक पहुंचते हैं। धार्मिक महत्व के साथ ही यह तीर्थयात्रा दोनों देशों की जनता के बीच आदान-प्रदान तथा भावनात्मक संवाद का माध्यम है जिससे गहराई तक जड़ें जमाए अविश्वास को तोड़ने में सहायता मिल सकती है। भले ही चीन की ओर सुविधायें बनाने में विलंब के कारण इस साल यात्रा थोड़ी देर से शुरू हो, पर यह भारत-चीन संबंधों में व्यापक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।

यह भू-राजनीतिक परिवर्तन आर्थिक व्यावहारिकता के समय हो रहा है। भारत और चीन ने अमेरिकी टैरिफों तथा विश्व व्यापार में पुनः ध्रुवीकरण के कारण नुकसान झेला है। इस संदर्भ में यात्रा की बहाली केवल एक सांस्कृतिक संकेत नहीं है, बल्कि यह रणनीतिक परिवर्तन का संकेत है जिसका उद्देश्य प्रमुख राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना टकराव घटाना तथा द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना है। चीन ने सीधी उड़ानों, वीज़ा मानकों में रियायत तथा एक दूसरे की राजधानियों में मीडिया की उपस्थिति से सकारात्मक संकेत दिए हैं। हालांकि, दोनों पक्षों की ओर से राजनयिक स्वर सतर्कतापूर्ण हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा है कि सीमा क्षेत्रों में शांति और सद्भावना 'समग्र द्विपक्षीय संबंधों के सहज विकास के लिए महत्वपूर्ण' हैं। चीन के राजदूत शू फीहांग ने ऐसी ही भावनायें व्यक्त करते हुए केवल सीमा मुद्दों से द्विपक्षीय संबंध न परिभाषित करने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्वीकार किया है कि भारत-चीन संबंध 'सकारात्मक दिशा में बढ़े हैं', पर अभी बहुत कुछ करना बाकी है। भले ही कैलाश-मानसरोवर यात्रा की बहाली से गहरा रणनीतिक अविश्वास व गलवान का आघात पूरी तरह न समाप्त हो, पर यह एक प्रतीकात्मक विश्वास बहाली उपाय है जो दोनों देशों को अपने संबंधों का ज्यादा स्थाई व अनुमान योग्य आधार देने में सहायक हो सकता है।

# पुनर्जीवित भाजपा-अन्नाद्रमुक गठजोड़

हालांकि, तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव अभी एक साल दूर हैं, पर भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच पुनर्जीवित गठजोड़ राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक धुरी होगा।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हालांकि, तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव अभी एक साल दूर हैं, पर भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच पुनर्जीवित गठजोड़ राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक धुरी होगा। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के एक साल दूर होने के बावजूद राज्य में चुनावी दृष्टिकोण से सक्रियता बढ़ रही है। इस दृष्टिकोण से राज्य में भारतीय जनता पार्टी-भाजपा तथा अन्ना द्रविण मुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक के बीच पुनः चुनावी गठबंधन की घोषणा रणनीतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण कदम है। यह गठजोड़ राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का हिस्सा होगा। इस गठबंधन से दोनों पार्टियों को तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव में लाभ होने की आशा है। हालांकि, तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव अभी लगभग एक साल बाद होने हैं, लेकिन भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन की घोषणा रणनीतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच हालिया गठबंधन की घोषणा लंबे विचार-विमर्श के बाद की गई है और यह रणनीतिक रूप से दोनों दलों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे दोनों दलों को लाभ होगा और इस गठबंधन तक पहुंचने के लिए दोनों दलों ने कई समझौते किए हैं। भाजपा ने गठबंधन करने के लिए अपने प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई को हटाया है जो उसके तेजतर्रार नेता माने जाते थे और उन्होंने प्रदेश में भाजपा की प्रगति के लिए बहुत काम किया है। उनको पार्टी के भविष्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण माना जाता था।

इस बीच अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के एक साल पहले भाजपा से गठबंधन कर अपनी विजय होने पर गठबंधन सरकार का रास्ता खोल दिया है। तमिलनाडु में भाजपा के पास अन्नाद्रमुक से गठबंधन के सिवा कोई और रास्ता नहीं था। उल्लेखनीय है कि उसने 2024 में विधानसभा चुनाव के पहले आंध्र प्रदेश में तेलगूदेशम पार्टी-टीडीपी से भी गठबंधन किया था। इस गठबंधन में जातीय गणित ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस गठबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि राजग राज्य में विकास का नया रास्ता खोलेगा। उन्होंने जोर दिया है कि भ्रष्ट द्रमुक सरकार हटा कर तमिल संस्कृति की सुरक्षा की जाएगी। भाजपा और अन्नाद्रमुक ने 1998 में राजग के जन्म के बाद से ही सहयोगियों की तरह काम किया है। लेकिन 2023 में अनेक कारणों से अन्नाद्रमुक ने यह गठबंधन तोड़ दिया था। उस समय दोनों पार्टियों में चुनाव व राजनीतिक रणनीतियों तथा नेतृत्व के सवाल पर मतभेद उभर आए थे।

इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा एक भी सीट पर विजय प्राप्त करने में सफल नहीं हुई, पर अपने नेता अन्नामलाई के प्रयासों से उसे अपने मत-प्रतिशत में 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ोत्तरी का अवसर जरूर मिल गया। तमिलनाडु की राजनीति पर नजर रखने वाले विश्लेषकों का मानना है कि राजनीतिक दृढ़ता तथा दिल्ली के प्रभाव के चलते अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी को अपने कठोर दृष्टिकोण से पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने खाकर 2026 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह गठबंधन किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में द्रमुक की असाधारण सफलता तथा द्रमुक सुप्रीमो एम. के. स्टालिन के प्रयासों से उप-चुनावों में विजय से अन्नाद्रमुक सुप्रीमो पलानीस्वामी के पास भी कोई विकल्प नहीं बचा था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले शुक्रवार को चेन्नै में घोषणा की कि अन्नाद्रमुक अब राजग में वापस आ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अन्नाद्रमुक नेता इडापडी पलानीस्वामी गठबंधन का नेतृत्व करेंगे।

इस प्रकार अन्नाद्रमुक, भाजपा तथा उनकी सभी गठबंधन सहयोगी पार्टियां आगामी विधानसभा चुनाव में तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के रूप में चुनाव लड़ेंगी। अमित शाह ने कहा कि अन्नाद्रमुक ने भाजपा से गठबंधन करने के लिए कोई शर्तें या मांगें नहीं रखी हैं और कहा कि उनकी पार्टी के आंतरिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। अमित शाह ने आश्वासन देते हुए कहा, 'इस गठबंधन से राजग और अन्नाद्रमुक, दोनों को लाभ होगा।' अमित शाह ने इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी तथा पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के बीच सहयोग का भी उल्लेख किया। पहले भाजपा ने सुझाव दिया था कि अन्नाद्रमुक से निकाले गए नेताओं ओ. पन्नीरसेल्वम तथा टीटीवी दिनाकरन को भी गठबंधन में शामिल किया जाए।

लेकिन इडापडी पलानीस्वामी ने इस सुझाव को पूरी तरह खारिज कर दिया। इसके बाद अमित शाह ने भाजपा को इस सुझाव से दूर करते हुए कहा कि भाजपा अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। वर्तमान अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन के पहले पलानीस्वामी ने कठोरता से कह दिया था कि अन्नाद्रमुक पार्टी से निकाले गए ओ. पन्नीरसेल्वम, टीटीवी दिनाकरन तथा पूर्व मुख्यमंत्री व अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जयललिता की निकट सहयोगी रही शशिकला को गठबंधन में शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि, भाजपा को लगता था कि इन नेताओं को शामिल करने से अन्नाद्रमुक की स्थिति मजबूत होगी। ऐसे में यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि दोनों पार्टियों-भाजपा और अन्नाद्रमुक ने गठबंधन बनाने के इस निर्णय की घोषणा पहले क्यों नहीं की? उल्लेखनीय है कि भाजपा ने राष्ट्रीय राजनीति में तमिलनाडु का रणनीतिक महत्व स्वीकार करते हुए राज्य में अपनी संभावनायें बेहतर बनाने का प्रयास लगातार किया है, लेकिन उसे इसके लिए समर्थन जुटाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

भारतीय जनता पार्टी ने स्वयं को दक्षिण भारत में स्थापित करने का प्रयास किया है और अन्नाद्रमुक उसकी सहयोगी रही है। लेकिन भाजपा के अनेक प्रयासों के बावजूद नीतियों एवं प्रशासन के प्रति दृष्टिकोण के मामले में अन्नाद्रमुक से उसके वैचारिक मतभेद बने रहे। इन मतभेदों के कारण ही अतीत में उसका अन्नाद्रमुक से गठबंधन टूटा था जिसका नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा। दूसरी ओर भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद अन्नाद्रमुक को भी पिछले दो चुनावों में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में राज्य में अन्नाद्रमुक की सीटों और मत प्रतिशत में भारी कमी आई जिससे द्रमुक सुप्रीमो स्टालिन को राज्य में अपना वर्चस्व स्थापित करने का मौका मिल गया। भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच गठबंधन टूटने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा इस दक्षिणी राज्य से एक भी सीट जीतने में सफल नहीं हुई।

अन्नाद्रमुक और भाजपा 2019 व 2021 के विधानसभा चुनाव साथ मिल कर लड़े थे, पर उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपने रास्ते अलग कर लिए। भाजपा को अन्नाद्रमुक के मजबूत जनाधार के कारण गठबंधन से लाभ मिल सकता है। भाजपा और अन्नाद्रमुक के संबंधों में उतार-चढ़ाव के अनेक कारण हैं। के. अन्नामलाई और अन्नाद्रमुक नेता ई. पलानीस्वामी पश्चिमी तमिलनाडु के प्रभावशाली समुदाय गौंडर से हैं और वे दोनों पश्चिमी कोंगू क्षेत्र से आते हैं। इसके उलट अन्नामलाई के बाद भाजपा प्रमुख बनने वाले नागेंद्रन प्रभावशाली थेवर समाज से हैं। सभी जानते हैं कि सहज गठबंधन बनाने के लिए इसी कारण अन्नामलाई को इस्तीफा देने को कहा गया।

राज्य में द्रमुक नीत गठबंधन स्थिर है और उसमें आंतरिक टकराव के कोई संकेत नहीं हैं। इसके साथ ही सुपरस्टार विजय की नई पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम तथा सीमान की नाम तमिलार काच्ची अन्नाद्रमुक गठबंधन में शामिल होने की इच्छुक नहीं हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई और अन्नाद्रमुक नेताओं के बीच अच्छे संबंध नहीं थे। 2024 का लोकसभा चुनाव अन्नाद्रमुक और भाजपा के लिए विनाशकारी सिद्ध हुआ और दोनों दल एक भी सीट नहीं जीत सके।

अब अन्नामलाई के स्थान पर नागेंद्रन के आने से परिदृश्य बदल गया है। 2023 में अन्नामलाई ने स्वर्गीय जे. जयललिता समेत प्रमुख अन्नाद्रमुक नेताओं की आलोचना की थी। इससे नाराज अन्नाद्रमुक ने उनके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पास किया था और उसने भाजपा से गठबंधन तोड़ लिया था। नागेंद्रन दक्षिणी तमिलनाडु के तिरुनलवेली जिले से हैं जहां भाजपा अपनी उपस्थिति मजबूत करने के प्रयास कर रही है। राजनीति में एक साल बहुत लंबा होता है। ऐसे में हमें देखना होगा कि भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच पुनर्जीवित गठबंधन कैसा काम करता है।

# विचलित जगत में ईश्वरीय चेतना

> हमें सफल होने के लिए ईश्वर की चेतना विकसित करने की आवश्यकता है। बहुत सरल शब्दों में, यह विश्वास होना चाहिए कि ईश्वर मौजूद है।

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

हम सभी एक गुणवत्तापूर्ण जीवन की इच्छा रखते हैं, लेकिन बहुत कम लोग इस सपने को पूरा कर पाते हैं। क्यों? हमें सफल होने के लिए ईश्वर की चेतना विकसित करने की आवश्यकता है। आइए हम समझें कि ईश्वर की चेतना क्या है। बहुत सरल शब्दों में, यह विश्वास होना चाहिए कि ईश्वर मौजूद है। कि वह अकल्पनीय रूप से बड़ा है, और हम बहुत छोटे हैं और ईश्वर के अंश हैं (भगवद-गीता 15.7)।

ईश्वर शाश्वत रूप से विद्यमान है, और हम भी, सिवाय इसके कि हमारे शरीर बदलते हैं, जबकि ईश्वर वही रहता है। हमें ईश्वर की शरण में रहना चाहिए और उनका अनुग्रह प्राप्त करना चाहिए। क्या सृष्टि को जारी रखने के लिए हमें ईश्वर की आवश्यकता नहीं है? अगर यह इतना फायदेमंद है, तो हम ईश्वर के प्रति सचेत क्यों नहीं होते?

इसके कई कारण हैं। पहला कारण ईश्वर के अस्तित्व को नकारना और उस पर हमारी निर्भरता की आवश्यकता है। हमारे पास ईश्वर के अलावा सभी प्रकार की चेतना है। यह अज्ञानता से पैदा हुआ भ्रम है। हम भौतिक ज्ञान प्राप्त करते हैं लेकिन उच्च आध्यात्मिक ज्ञान की खोज करने का प्रयास नहीं करते हैं, जो हमें आत्मा के रूप में हमारी वास्तविक पहचान का एहसास कराता।

यह ईश्वर से जुड़ने और ईश्वर की चेतना विकसित करने की दिशा में पहला कदम होगा। कुछ लोग उच्च सत्यों के बारे में जानते हैं, लेकिन खुद को लागू करने में बहुत आलसी हैं। वास्तविक और दीर्घकालिक लाभ के लिए तपस्या (तपस्या) से परहेज किया जाता है। भगवान कृष्ण स्पष्ट करते हैं, न तो यहां प्रयास व्यर्थ है, न ही इसका कोई विपरीत परिणाम है। थोड़ा सा कर्म-योग भी महान भय से बचाता है (2.40)। क्या हमें भगवान के निर्देशों पर ध्यान नहीं देना चाहिए? हम अपने कई भय से बचने के लिए कहाँ शरण लेते हैं? आपने सही अनुमान लगाया है- यह शराब पीना है या यहाँ तक कि नशीली दवाओं का सेवन करने की सीमा तक जाना है। शराब पीने के आदी अधिकांश लोगों के लिए पीना और सोना मंत्र है। फिर, एक और बचने का रास्ता है - कामुक विचारों में लिप्त होना, उन्हें हानिरहित मानते हुए। वे हानिरहित नहीं हैं, क्योंकि मन, वचन और शरीर के सभी कार्यों का परिणाम कर्मफल (कर्मों का फल) होता है। इसके अतिरिक्त, मन प्रदूषित होता है और भय, चिंता, अवसाद आदि को जन्म देता है।

मन मालिक बन जाता है, और हम इसे नियंत्रित करने में असमर्थ होते हैं। कुछ लोग यौन चेतना रखते हुए एक कदम आगे बढ़ जाते हैं। धर्म (7.11) और प्रजनन के अनुसार सीमित आनंद के लिए सेक्स की अनुमति दी गई है। यह हमारी सोच में जितना सोचा गया था, उससे कहीं अधिक जगह घेरता है। कम चेतना के कारण हम अन्य अंगों का भी गलत इस्तेमाल करते हैं। आँखें ऐसी चीज़ की तलाश में रहती हैं जो उन्हें उत्तेजित करे। जीभ अधिक स्वाद की तलाश में स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों को अनदेखा करती है। मांस उत्पादों में लिप्त होने को आप कैसे समझाएंगे, जो विशेष रूप से गरीब जानवरों को नुकसान पहुँचाते हैं? हमें ईश्वर से दूर रखने के लिए एक और चेतना भी है।

बहुत से लोगों के लिए पैसा ही ईश्वर है। उन्हें अधिक से अधिक कमाना चाहिए। लालच कई लोगों के लिए प्रेरक शक्ति है, जो नरक का द्वार है (16.21)। शक्ति चेतना एक और प्रेरक कारक है। कोई सर्वशक्तिमान बनना चाहता है। क्या होता है? अगर कोई सफल हो जाता है तो अस्थायी रूप से बड़ा होने का भ्रम होता है। यह बुलबुला मृत्यु से पहले फूट जाता है, यदि जल्दी नहीं।

प्रसिद्धि की चेतना भी बहुत से लोगों को प्रेरित करती है, जो हमारी तीव्र प्रतिस्पर्धा की दुनिया में काफी अस्थिर है। ज्ञान की चेतना महान है, लेकिन वास्तव में ज्ञानवान होने के लिए व्यक्ति को आध्यात्मिक ज्ञान की ओर अग्रसर होना चाहिए। ईश्वर की चेतना के लाभ कई हैं। मैं इस लेख में उनमें से कुछ का उल्लेख करूंगा। ईश्वर वह प्रदान करते हैं, जिसकी हमें कमी है और जो हमारे पास है, उसकी रक्षा करते हैं (9.22)। यह सच है, हालांकि विश्वास करना कठिन है। ईश्वर के प्रति सचेत बनें और इसे स्वयं अनुभव करें। ईश्वर अपने भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं, जैसा कि वे ही कर सकते हैं, पूरी तरह से, क्योंकि वे सर्वज्ञ हैं, भूत, वर्तमान और भविष्य के भी ज्ञाता हैं। मैं इस कृपा का नियमित लाभार्थी हूं। और ईश्वर सहायता इसलिए देते हैं, क्योंकि वास्तव में हम काफी सीमित हैं।

ईश्वर के भक्त ईश्वर द्वारा उनके जीवन की जिम्मेदारी लेने के लाभार्थी बन जाते हैं। मानो या न मानो, ईश्वर अपने भक्तों के जीवन का सूक्ष्म प्रबंधन करते वह इस तरह के सुधारों को केवल वैकल्पिक दिनों तक ही सीमित रखते हैं, और मेरे बीच एक दिन आनंदित रहने के लिए छोड़ देते हैं, जिसे भगवान सुनिश्चित करते हैं। दो बिल्कुल विपरीत दिन होना काफी अनुभव है।

सुधार सुखद नहीं हैं, कम से कम कहने के लिए, लेकिन वैकल्पिक अच्छे दिनों में शांति का आनंद लेना काफी कुछ है। मुझे ऐसी शांति कभी नहीं मिली, जो मुझे अब प्राप्त है। सुरक्षा की भावना भी वैसी ही है। चाहे मैंने कितनी भी भौतिक वस्तुएं जुटा ली हों, मैंने कभी सुरक्षित महसूस नहीं किया। अब मैं करता हूँ, काफी हद तक, क्योंकि भगवान ने मुझे यह एहसास दिया है।

मेरे भगवान से मुझे जो सबसे बड़ा आश्वासन मिला है, वह है: ठीक चलेगा (जीवन सुचारू रूप से चलेगा)। समस्याएं आती रहती हैं, लेकिन मेरे भगवान द्वारा हमेशा समाधान प्रदान किए जाते हैं। न केवल वह मुझे आवश्यक कार्य करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि जब मैं खुद को असहाय पाता हूं, तो वह आवश्यक सहायता भी प्रदान करते हैं।

## आप की बात

### फर्जी डाक्टर

**मध्य प्रदेश** के दमोह जिले में संचालित मिशन अस्पताल में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट नरेंद्र यादव के मामले ने स्वास्थ्य क्षेत्र के साथ ही कई अन्य विभागों में व्याप्त गंभीर फर्जीवाड़ा उजागर किया है। नरेंद्र यादव न केवल बिना योग्यता के डॉक्टर बन बैठा बल्कि उसने तीन अलग-अलग नामों से पासपोर्ट बनवाकर कानून को धता बताई। इनमें से दो पासपोर्ट पर वह कई बार ब्रिटेन की यात्रा कर चुका है। एक पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो चुकी है और दो अभी भी मान्य है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि एक ही व्यक्ति के तीन पासपोर्ट कैसे बने? साफहै कि यह फर्जीवाड़ा कई विभागों में भ्रष्ट लोगों की मिलीभगत से संभव हुआ है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि उसकी डिग्रियों और दस्तावेजों की जांच के लिए विभिन्न संस्थानों को मेल और पत्र भेजे गए परंतु किसी ने जवाब देना उचित नहीं समझा। इससे स्पष्ट है कि देश में बड़ी संख्या में फर्जी डाक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हों। इस प्रकरण को देखते हुए देश के सभी राज्यों, केन्द्र सरकार तथा चिकित्सा संगठनों को लोगों का दवा इलाज करने वालों की योग्यता की व्यापक जांच करनी चाहिए। विडंबना है कि जहां भारत आज मेडिकल टूरिज्म का सेंटर बनता जा रहा है, वहीं ऐसे फर्जी डाक्टर उसके सम्मान पर दाग लगा रहे हैं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### कर्नाटक की लीक रिपोर्ट

**कर्नाटक** में लीक हुई जाति जनगणना रिपोर्ट ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया है। इस लीक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग-ओबीसी की आबादी अब तक के अनुमानों से कहीं अधिक है। रिपोर्ट का सुझाव है कि ओबीसी को मिले आरक्षण को 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत कर देना चाहिए। मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण को भी 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत करने की सिफरिश की गई है। लिंगायत और वोक्कालिगा समुदाय लंबे समय से कर्नाटक की राजनीति में दबदबा बनाए हुए हैं। ऐसे में अगर ये समुदाय खुद को हाशिए पर महसूस करें तो राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया स्वयं ओबीसी समुदाय से आते हैं, इस रिपोर्ट को लेकर एक कठिन स्थिति में हैं। यदि सरकार रिपोर्ट को स्वीकार करती है तो उसे प्रभावशाली जातियों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। यदि रिपोर्ट को दरकिनार करती है तो ओबीसी में असंतोष बढ़ सकता है जो कांग्रेस का परंपरागत वोटबैंक है। लेकिन आरक्षण बढ़ाकर 75 प्रतिशत करना सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50: की सीमा का उल्लंघन होगा। मुस्लिम आरक्षण बढ़ाने की सिफारिश और बड़ी मुसीबत का कारण बन सकती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### बांग्लादेश पर लगाम

**पूर्वी पाकिस्तान** को भारत ने पश्चिमी पकिस्तान के जुल्म से आजाद करा कर 1971 में बांग्लादेश बनाने में सहायता की थी। उस समय अमेरिका ने बांग्लादेश मुक्ति का विरोध किया था, पर प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने किसी की परवाह नहीं की थी। भारत की सैनिक कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में हमारे सैनिकों ने बांग्लादेश की मुक्ति के लिए बलिदान भी दिया था। लेकिन आज वही बांग्लादेश पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ा कर अपने देश में हिंदुओं के साथ ही मुक्ति संग्राम में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के वारिसों पर अत्याचार ढा रहा है। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बंगबंधु मुजीबुर रहमान की मूर्तियां गिरा कर और उनके स्मारक को नष्ट कर बांग्लादेश अपना इतिहास मिटाने पर तुला है। मुहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार इस अत्याचार को रोकने के बजाय उसे प्रोत्साहन दे रही है। ऐसे में बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार को रोकने तथा वहां भारत-विरोधी तत्वों को प्रोत्साहन देने के खिलाफ भारत को सभी स्तरों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। बिमस्टेक सम्मेलन में मोदी ने सीधे मुहम्मद यूनुस को चेतावनी दी थी, पर शायद इसका असर बांग्लादेश सरकार पर नहीं पड़ा है। इसलिए कठोर कार्रवाई जरूरी है।

– **एमएम राजावत**, शाजापुर

### ड्रेस कोड

**पूजापाठ** हो या हवन अनुष्ठान इसके लिए कोई जरूरी नहीं कि हर दर्शनार्थी व आगुन्तक को ऐसा कपड़ा पहनने को कहा जाय जैसे साधु, पुजारी या साध्वी धारण करते हैं। धीरे-धीरे भारत भर के मठ मंदिरों में दर्शनार्थियों को पहले से ड्रेस कोड देने की प्रथा शुरू हो चुकी है। महाराष्ट्र भर के मंदिर तेज़ी से ड्रेस कोड लागू कर रहे हैं तथा भक्तों से शालीन व पारंपरिक कपड़े पहनने का आग्रह कर रहे हैं। पवित्रता बनाए रखने के लिए उचित पोशाक पहनना अनिवार्य है। ट्रस्ट जहां सम्मानजनक शिष्टाचार पर जोर देते हैं वहीं आगंतुकों की इस पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं सुनने को मिल रही हैं। देश के बड़े पूजास्थलों को देखने के लिए अब बाहर से लोग ज्यादा आने लगे हैं। ऐसे में अगर एक परिवार में पाँच सदस्य हों तो फिर उन्हें अपने लगेज में उतने ही लोगों के लिए मंदिर के ड्रेस कोड के हिसाब से अतिरिक्त पहनावा साथ में लेकर जाना होगा। वैसे भी अधिकांश लोग सभ्य पोशाक पहनते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा ड्रेस कोड के बारे में अपनी अपेक्षाएँ व्यक्त करना गलत नहीं है, लेकिन उन्हें इसे अनिवार्य नहीं करना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कोई भी परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे : विधायक दीपेश साहू

## विधायक दीपेश साहू ने हितग्राहियों के घर पहुंचकर किया सर्वेक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 'मोर दुआर - साय सरकार' महाभियान की शुरुआत हो चुकी है। इस महाभियान के तहत 15 से 30 अप्रैल तक क्षेत्र में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र ग्रामीण परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने ग्राम पंचायत निनवा व देवरबीजा का दौरा कर स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य में भाग लिया। उन्होंने ग्राम निनवा में सुखबती साहू तथा ग्राम पंचायत देवरबीजा में सरिता यादव एवं समँझ बाई साहू के घर जाकर 'आवास प्लस 2025 (2.0)' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सर्वे किया और हितग्राहियों से उनकी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र परिवार को पक्का, सुरक्षित और गरिमापूर्ण आवास प्राप्त हो। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्रामीण का सपना साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हमारी सरकार इस अभियान को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेरा स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित न रहे। सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि हर परिवार को पक्का मकान मिले। विधायक साहू ने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी वर्षों पुरानी आशाओं और समस्याओं को समझा। हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि वर्षों से पक्के मकान का जो सपना अधूरा था, वह अब इस योजना से पूरा होता दिख रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायतों को किया जाएगा सम्मानित : कल्पना योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में जिलेभर में सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जो भी ग्राम पंचायत 100 प्रतिशत सर्वे का कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करेगी, उसे जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कल्पना योगेश तिवारी ने बोरसी, भालेसर, हरदी और पिरदा ग्राम पंचायतों का दौरा किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के घरों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इन ग्रामों में अब तक लगभग 80त्न हितग्राहियों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि कुछ आवासों की किश्तें तकनीकी कारणों से अटकी हुई हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का स्पष्ट संदेश है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। इस योजना का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष सघन सर्वे अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर कल्पना तिवारी निर्माणाधीन आवासों की पूजा-अर्चना में भी शामिल हुईं, जिनमें ग्राम पिरदा की प्रभा बाई धीवर और गणेशिया धीवर, ग्राम भालेसर की लगनी निषाद और ग्राम हरदी के मनहरण पाटिल के मकान शामिल हैं। सर्वे कार्य में बेरला जनपद सीईओ शिशिर शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य निहाल परगनिहा, राजेश पाल (हरदी), बोरसी सरपंच हेमंत झल्ला वर्मा, पूर्व सरपंच अशोक पांडेय, देवेंद्र साहू, खिलू साहू, राजू वर्मा (टेलर), बीरेंद्र साहू, खिलेश्वर वर्मा, मंत्री पाल, सरपंच भालेसर प्रेमलाल साहू, मनोहर राकेश, संतोष वर्मा मंजू परगनिहा (सहायिका), हीरा साहू, कुश निषाद, अनुज राम साहू, मुकेश वर्मा, गजेंद्र निषाद शामिल थे। कल्पना तिवारी ने अंत में यह अपील की कि सभी सरपंच, उपसरपंच और सचिव निर्धारित समयसीमा में 100% सर्वे कार्य पूरा कराएं ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित न रहे और सभी को एक सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले में निर्मित 04 फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट हेतु अभिव्यक्ति की रूचि आंमत्रित

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले में निर्मित 04 फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट हेतु अभिव्यक्ति की रूचि आंमत्रित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि जिले में वर्तमान में 04 फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट संचालित है। जिसमें डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संबलपुर तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम तार्री में 03-03 केएलडी आकार के फिकल स्लज ट्रिटमेंट संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि रूचि की अभिव्यक्ति के जारी होने के 15 दिवस के भीतर इच्छुक एंजेसी को आवश्यक दस्तावेज और निर्धारित आवेदन पत्र सह जमानत राशि 10 हजार रूपये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के नाम से जिले के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यालय में जमा करना होगा। विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर प्राप्त की जा सकती है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यार्थियों का शैक्षिक एक्सपोजर विजिट सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत पीएमश्री विद्यालय सेजेस शिवलाल राठी के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का द्वितीय चरण का एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित वार्ड पार्षद लक्की साहू ने हरि झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ भ्रमण के लिए रवाना किया। एक्सपोजर विजिट के तहत विद्यार्थियों ने बिलासपुर जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का शैक्षिक एवं सांस्कृतिक अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम रतनपुर पहुंचकर माता महामाया के प्राचीन मंदिर का दर्शन किया एवं मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने वंडर वर्ल्ड में विश्व के सात आश्चर्यों के मॉडल देखकर वैश्विक धरोहरों के प्रति रुचि एवं ज्ञान अर्जित किया। भ्रमण का अंतिम पड़ाव कानन पेंड्रा रहा, जहां विद्यार्थियों ने विविध वन्य जीवों को समीप से देखा। इस दौरान मछली घर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां रंग-बिरंगी मछलियों और जलजीवों की विविधता ने बच्चों को अत्यंत प्रभावित किया। यह शैक्षिक भ्रमण न केवल विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि उन्हें अपने प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहरों से भी परिचित कराया।

# 10 मई को नेशनल लोक अदालतः न्यायालयों में सुलह-समझौता का अभियान, प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिए जरूरी निर्देश



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय कबीरधाम में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सत्यभामा अजय दुबे ने न्यायिक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे सभी प्रकरण, जो शमनीय एवं राजीनामा योग्य हैं, उन्हें चिन्हांकित कर शीघ्र ही संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी किए जाएं। इन मामलों को लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाना है, जिससे न केवल समय और धन की बचत होगी बल्कि विवाद की जड़ों में बैठे वैरभाव और वैमनस्यता का अंत कर पक्षकारों के बीच मधुर संबंधों की पुनर्स्थापना भी संभव हो सकेगी। प्री-सिटींग के माध्यम से पक्षकारों को समझाइश देने, सुलह के लिए प्रोत्साहित करने तथा मध्यस्थता केन्द्र में उपयुक्त मामलों को स्थानांतरित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। दुबे ने यह भी स्पष्ट किया कि नेशनल लोक अदालत एक ऐसा मंच है, जहां विवादों का समाधान त्वरित, सस्ता और सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जिला न्यायालय परिसर में स्थित ए.डी.आर. भवन के मध्यस्थता केन्द्र में मामलों का समाधान न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं की मध्यस्थता में आपसी सुलह से किया जा रहा है। यह पहल न केवल न्यायिक प्रक्रिया को गति देती है बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देती है।

# महतारी वंदन योजना बनी संगीता की ताकत आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं भागुटोला की महिला

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के ग्राम भागुटोला की निवासी संगीता पटेल ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और वित्तीय जागरूकता की प्रतीक बन गई हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। यह योजना उनके लिए सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का स्रोत बन गई है। गृहिणी और दो बच्चों की मां संगीता हमेशा चाहती थीं कि वह अपने परिवार के लिए कुछ बेहतर कर सकें, लेकिन सीमित आय के चलते उनके सपने अधूरे रह जाते थे। जब उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1000 रुपये की सहायता मिलने लगी, तो उन्होंने इस छोटी-सी राशि को एक बड़े बदलाव का जरिया बना लिया। संगीता ने इस धनराशि का उपयोग अत्यंत सोच-समझकर किया। अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया और हर महीने उसमें 500 रुपये जमा करना शुरू किया। बाकी बचे हुए पैसे से वह घर की छोटी-छोटी जरूरतें और बच्चों के आवश्यक खर्च पूरे करती हैं। संगीता बताती हैं, पहले हर छोटी ज़रूरत के लिए किसी पर निर्भर रहना पड़ता था। अब मुझे हर महीने अपनी ज़रूरतों के लिए पैसा मिलता है। यह आत्मनिर्भरता मेरे आत्मसम्मान को बढ़ाने वाला कदम है। अब वह न केवल अपने परिवार की जरूरतों को बेहतर ढंग से संभाल रही हैं, बल्कि भविष्य की योजना बनाने में भी सक्षम हो चुकी हैं। महतारी वंदन योजना ने उनके अंदर वित्तीय प्रबंधन, बचत और आत्मनिर्भरता के नए गुणों को जन्म दिया है। छत्तीसगढ़ की सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार प्रकट करते हुए संगीता कहती हैं, यह योजना लाखों महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रही है। हमें न केवल आर्थिक सहायता मिली, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान भी प्राप्त हुआ है। राज्य में 70 लाख से अधिक महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। संगीता की तरह कई महिलाएं इस सहायता का सही उपयोग कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। निष्कर्षतः, संगीता पटेल की कहानी यह सिद्ध करती है कि अगर सरकार का सहयोग और व्यक्ति की इच्छाशक्ति एक साथ हो, तो कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण है।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा 20 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आदिवासी उपयोजना क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल 2025 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थी 3 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक विभाग की अधिकृत वेबसाइट https//eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षा केन्द्र स्वामी करपात्री जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौक कवर्धा। परीक्षा दिवस को कम-से-कम 1 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना अनिवार्य होगा। प्रवेश पत्र के साथ नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज के दो फोटो और एक फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड या विद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र) लाना आवश्यक है। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केवल नीले या काले बॉलपॉइंट पेन का उपयोग करें। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, पर्स, स्कार्फ आदि लाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। किसी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्या होने पर परीक्षार्थी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्टर परिसर कबीरधाम में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# डीएवी जांता के छात्र का नवोदय विद्यालय के लिए प्रथम स्थान पर हुआ चयन

## राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय अनेकों प्रतियोगी परीक्षाओ में सफलता प्राप्त कर रहे हैं डीएवी जांता के विद्यार्थी : प्राचार्य पीएल जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सीबीएसई व डीएवी स्कूल जांता के होनहार छात्र काब्य राज वर्मा, पिता छबि वर्मा का कक्षा 6वीं के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में बालक वर्ग में प्रथम स्थान में चयनित होकर सफलता प्राप्त किए हैं। साथ ही नासा ओलम्पियाड में गोल्ड मैडल के लिए भी चयनित हुए हैं। प्राचार्य पीएल जायसवाल ने जानकारी साझा किया है कि हमारे विद्यालय से नवोदय विद्यालय के लिए प्रतिवर्ष विद्यार्थियों का चयन होते आ रहे हैं लगातार इसी तरह के अनेको प्रतियोगी परीक्षाओ व विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओ में विद्यार्थीगण श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सफलता हासिल कर रहे हैं, वर्तमान में 50 छात्र-छात्राओ ने नासो ओलंपियाड परीक्षा में गोल्ड मैडल हाशिल किए हैं, इन बच्चों को राज्य स्तरीय मंत्री व अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा, उक्त 50 छात्र छात्राओं ने द्वितीय लेबल का ऑनलाइन परीक्षा दिया है उन्हें रेंक के आधार पर शैक्षिक भ्रमण हेतु नासा, जर्मनी व इसरो जाने का भी मौका मिलेगा, डीएवी जांता से 25 छात्र- छात्राए बाल वैज्ञानिक बन गए हैं। विद्यालय से 30 छात्र-छात्राए यंग साइंटिस्ट इंडिया व स्पेस किटज इंडिया नवाचार स्पेश डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम तमिलनाडु चेन्नई में शामिल होने का मौका मिलेगा। प्राचार्य ने आगे बताया कि विद्यालय के छात्रों का आईआईटी, जेईई, मेडिकल जैसे बड़ी संस्थाओं के लिए भी चयन होते आ रहा हैं। हमारे छात्र-छात्राओं ने विभिन्न अनेकों प्रतियोगी परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ-साथ हमारे जिले बेमेतरा का भी नाम रोशन कर रहे हैं। राष्ट्रीय लेवल खेल में विद्यालय के बच्चों ने दिल्ली में 7 राज्यों से जीत हासिल कर गोल्ड मैडल लाए हैं, इन अनेकों विभिन्न उपलब्धिओ के लिए प्राचार्य जायसवाल ने पालक व बालक सभी को बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं,साथ ही क्षेत्र के अन्य पालकों को भी अपील किए हैं कि डीएवी विद्यालय में कक्षा एलकेजी से कक्षा कक्षा 9वीं व कक्षा 11वीं तक प्रवेश लिया जा रहा है, दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालय में वैदिक शिक्षा के साथ-साथ, सीबीएसई शिक्षा का लाभ लेने हेतु पालकगण विद्यालय में सम्पर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

# अमर दास एवं बलराम ने जन्मदिन पर लगाए गुलमोहर के पौधे

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के सहयोग से कठिया के शीतला तालाब के पास अमर दास एवं बलराम कंप्यूटर के द्वारा अपने जन्मदिन पर गुलमोहर के दो पौधे लगाकर के पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अमर दास ने वृक्षारोपण के विषय में बताया कि मैं अपने विद्यालय के सभी बच्चों को अपने जन्मदिन पर एक पेड़-पौधा घर में या बाहर में लगाने के लिए प्रेरित करता हूं ताकि वातावरण हरा भरा खुशहाल रह सके। वृक्षारोपण में संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, उपाध्यक्ष परदेसी साहू, सचिव गणेश एवं सदस्यगण गणेश सेठ, डिकेन्द्र, प्रकाश, किशन, नारायण, खोमन चंद्राकर, सुनील बल्लू, भूपेंद्र, केदार रोजगार साहायक, कमलेश टंडन पंच, विद्या विजय रात्रै जनपद सदस्य बेरला सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रासायनिक खाद के नाम पर अब ठगे नहीं जाएंगे किसान, कृषि विभाग ने बता दिया नया फार्मूला

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




जिले में अच्छी पैदावार लेने के लिए किसान डीएपी, यूरिया आदि उर्वरक का उपयोग करते है। निर्धारित मात्रा से अधिक इस्तेमाल करने के बाद भी अपेक्षा के अनुरूप पैदावार नहीं मिलती इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नकली खाद होता है। आज के इस मिलावट खोरी के दौर में किसान इसके चक्कर में अक्सर पड़ जाते है। पूरी कीमत देकर नकली खाद को अपनी फसल में डालते है। इसके कारण सही परिणाम नही मिल पाता ऐसे मे किसानों को असली और नकली खाद की पहचान करना जरूरी होता है। किसानों के हित में कृषि विभाग द्वारा घर बैठे असली और नकली खाद की पहचान के तरीके बताये जिसका प्रयोग करके किसान नकली खाद के उपयोग से बच सकेंगे, खरीफ सीजन के पहले शासन प्रशासन किसानों के लिए रासायनिक खाद की पर्याप्त भण्डारण की तैयारी में है। बारिश होने के बाद अचानक खाद की मांग बढ़ने से किसानों को एक साथ खाद की आपूर्ति नहीं हो पाती है। ऐसे में किसान बाजार से खाद खरीदते है। खास बात यह है कि खाद की बढ़ती मांग का फायदा मिलावट करने वाले भी उठाते है और किसानों से असली खाद की कीमत पर नकली खाद थमा देते है। इससे किसानों को चौतरफा नुकशान उठाना पड़ता है। नकली खाद के उपयोग से फसल उत्पादन प्रभावित होता है, परेशानी और अधिक खर्च होता है वो अलग। इसको ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को असली और नकली खाद की पहचान करने का आसान तरीका बताया गया है। इस पहल से किसान घर बैठे चंद मिनटो में यह पता लगा सकेंगे कि कौन सी खाद असली और कौन सी खाद नकली है द्य ध्यान रखे कि गर्म करने पर डीएपी व अन्य काम्प्लेक्स के दाने फुल जाते है जबकि सुपर फास्फेट के नही है। इस प्रकार इसकी मिलावट की पहचान आसानी से की जा सकती है।

## ऐसे करें रासायनिक खाद की पहचान

डीएपी इसके कुछ दानों को हाथ में लेकर तंबाकू की तरह उसमें चूना मिलाकर मलें। अगर उसमें से तेज गंध निकले जिसे सूंघना मुश्किल हो जाये तो समझें कि ये डीएपी असली है। एक दूसरी विधि भी है। डीएपी के कुछ दाने धीमी आंच पर तवे पर गर्म करें, यदि ये दाने फुल जाते है तो समझ ले यही असली डीएपी है। नाखूनों से तोड़ने पर यह आसानी से नहीं टूटेगा।

### यूरिया

असली यूरिया घुलनसील होता है। इसके घोल को छूने पर ठंडा महसूस होता है। उधर नकली यूरिया खाद के दानों को तवे पर गर्म करके देखें, यदि इसके दानें पिघलें नही तो समझ लीजिए, यह यूरिया खाद नकली है।

### सुपर फास्फेट

इसके कुछ दानों को तवा में गर्म करे अगर ये नही फुलते है तो समझ ले यही असली सुपर फास्फेट है। सुपर फास्फेट नाखूनों से न टूटने वाला उर्वरक है।

### पोटाश

नकली पोटाश की पहचान के लिए उसके दानों पर पानी की कुछ बूंदे डालने के बाद ये आपस में चिपक जाएं तो समझ ले कि ये नकली पोटाश है। पोटाश पानी में घुलने पर इसका लाल भाग पानी में तैरता रहता है।

### जिंक सल्फेट

अगर जिंक सल्फेट के घोल में पतली कास्टिक का घोल मिलाने पर सफेद मटमैला मांड जैसा अवशेष बनता है। अगर इसमें गाड़ा कास्टिक का घोल मिला दे तो वे अवशेष पूरी तरह से घुल जाती है।

# एसईसीएल के अड़ियल रवैये का खामियाजा भुगत रहे भूविस्थापित

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जिले में एसईसीएल की खदान विस्तार परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापितों की पीड़ा को अवगत कराने कोयला मंत्री को पत्र लिखा है। अग्रवाल ने कोयला खदानों में किए जा रहे उत्खनन कार्य अथवा विस्तार परियोजनाओं के लिए अधिग्रहण के लिए चिन्हित भूमि से प्रभावित होने वाले परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर उचित मुआवजा, व्यवस्थापन व रोजगार प्रदान किए जाने की मांग की है। पूर्व मंत्री अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि विगत दिनों गेवरा विस्तार परियोजना में कोयला मंत्री का आगमन हुआ। कोयला उत्खनन से लेकर डिस्पैच तक की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। लक्ष्य हासिल करने की दिशा में उत्पन्न हो रहे गतिरोधों को दूर करने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव भी उनके द्वारा दिया गया। एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों ने वाहवाही लूटने के लिए केवल उजला पक्ष ही कोयला मंत्री के समक्ष रखा। गेवरा, दीपका, मानिकपुर कोरबा, कुसमुण्डा अथवा अन्य खदानों के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के मूल किसानों व भू-स्वामियों में से जिन परिवारों को विस्थापित होना पड़ा है, आज तक उन्हें नियमानुसार व्यवस्थापन जैसे उचित मुआवजा, बसाहट के लिए बुनियादी सुविधाएं यथा सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा और बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल आदि के साथ ही योग्य युवाओं को सहयोगी की समस्या कम्पनियों के के आधाराािए यथा योग्य रोजगार उपलब्ध कराया जाए। ताकि उन परिवारों को किसी प्रकार के आंदोलन का सहारा न लेना पड़े। प्रबंधन की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली की वजह से ही भू-विस्थापित परिवारों को अनेक विसंगतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। अग्रवाल ने कोयला मंत्री से आग्रह किया है कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर मानवीय संवेदना के तहत एक निर्धारित समय सीमा में विस्थापित हुए परिवारों की समस्याओं का समाधान करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। गेवरा, मानिकपुर कोरबा, कुसमुण्डा अथवा दीपका सहित जिले की कोयला खदानों में विस्तार कार्यक्रम के तहत अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से प्रभावित होने वाले परिवारों को नियमानुसार समुचित व्यवस्थापन चरणबद्ध तरीके से यदि पहले ही कर दिया जाता है तो अंचल में एक सौहार्दपूर्ण औद्योगिक वातावरण बना रहेगा और भविष्य में पीड़ित परिवारों को किसी आंदोलन के लिए विवश नहीं होना पड़ेगा।

# लोगों की तारीफ कामयाबी के लिये बेहद जरूरी : दुर्गा






पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के मनेन्द्रगढ़ की उभरती युवा देवी जस गीत गायिका दुर्गा वैश्य का एक नया वीडियो अलबम हनुमत तेरे नाम का लंका में डंका बाजा है इन दिनों यूट्यूब चैनल पर जमकर वायरल हो रहा है। मनेन्द्रगढ़ के आसपास ही प्राकृतिक सुंदरता के बीच फिल्माए गए इस वीडियो को लोगों का भरपूर प्यार भी मिल रहा है। यह सोलो अलबम हनुमान जी की भक्तों को समर्पित है। एक खास मुलाकात में दुर्गा वैश्य ने बताया की उन्हें वीडियो एलबम बनाने की प्रेरणा अपने पति और गायक रामजी वैश्य से मिली। ये उन्हीं का सहयोग और समर्पण रहा कि उनका दूसरा वीडियो लोगों को पसंद आ रहा है। इसके पूर्व भी नवरात्रि के अवसर पर लांच किये गए देवी जस गीत को भी लोगों ने खूब सराहा। जनता का इतना सहयोग और स्नेह मिलने से आगे भी कुछ और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर शहर की उभरती गायिका और उनके लिये खुद गीत लिखने वाले उनके पति रामजी वैश्य ने कहा की जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आने वाले समय में लोक संस्कृति को संवारने और विश्व पटल पर स्थापित करने में एमसीबी जिला प्रमुख केंद्र साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिले की लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रदेशवासियों को लगातार प्रयासरत रहना चाहिए। अलबम के निर्देशक अभिषेक वैश्य ने बताया कि अलबम के लिए गीत की रचना रामजी वैश्य ने की है। दोनों ही वीडियो को मनेन्द्रगढ़ के आसपास ही शूट किया गया है। कम संसाधन में वीडियो बनाना मुश्किल काम है लेकिन अगर मन मे जज्बा हो तो सफलता जरूर मिलती है। इस वीडियो के ऑफिशियल लांच के लिये प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी से समय लिया जा रहा है। उनकी सहमति मिलते ही उनके हाथों वीडियो अलबम को लांच किया जायेगा।

# करंट की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com



बिजली का काम कर रहे एक 20 वर्षीय युवक की करंट की चपेट में आने से से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है यह हादसा शहर के सुमित इन होटल में हुआ। मृतक की पहचान जय केवंट के रूप में हुई है, जो पामगढ़ थाना क्षेत्र के खरखौद गांव का निवासी था। घटना उस समय हुई जब जय होटल के भीतर इलेक्ट्रिकल का कार्य कर रहा था। अचानक करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत एनकेएच अस्पताल चांपा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन गंभीर स्थिति के चलते इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेज दिया गया है। इधर, मां उषा केवंट को जैसे ही बेटे का एक घटना में असमय निधन से होने की खबर मिली, जिंदा लाश बन गई। पूरा परिवार गहरे सदमे में हैं। परिवार में मातम पसरा हुआ है, और गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के समय सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया था। बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के काम करवाना बेहद लापरवाही भरा कदम था।

# विष्णु के सुशासन में महिलाओं को मिल रही आर्थिक मजबूती

**सक्ती।** महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं की जिदंगी संवार रही है। महिलाएं हर महीने मिलने वाले महतारी वंदन योजना अंतर्गत एक हजार रूपए से अपने घर की आवश्यक जरूरतों को पूरा कर रही हैं। इस योजना से जरूरतमंद महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है जिससे महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। इसी क्रम में सक्ती जिले के अमनदुला निवासी लीला साहू महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक मासिक मदद से परिवार की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं। जिससे वो अब आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। लीला साहू ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को उत्प्रेरित करने वाली महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए की राशि उनके खाते में पहुंच रही है। इस राशि का उपयोग वे अपने बच्चो की पढ़ाई और घरेलु उपयोग के लिए कर रही है। लीला साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि नारी शक्ति महतारी वंदन का राशि पाकर अपने आप में सम्पन्न हो रही है।

# पिकअप सहित खुले वाहनों में नियमों के विरुद्ध सवारी ढोने वाले वाहन चालकों के खिलाफ की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com




जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी और यातायात प्रभारी आईपीएस रविंद्र मीणा के निर्देश पर यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा बीते कई महीनो से सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत लापरवाह और बेपरवाह वाहन चालकों के खिलाफ न केवल कड़ी कार्रवाई की जा रही है बल्कि आगे के लिए उन्हें चेतावनी भी दी जा रही है। यातायात पुलिस कोरबा ने अपने अभियान के तहत प्रमुख सड़कों पर कब्जा कर भारी वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ 2 दिन पहले जहां लॉक की कार्रवाई को अंजाम देकर लगभग 50 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया। वहीं दूसरे दिन शराब पीकर वहां का प्रयोग करने वालों के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इसी कड़ी में यातायात पुलिस के अधिकारी और जवानों ने पिकअप मेटाडोर सहित अन्य खुले वाहन जिसका की उपयोग मालवाहक के रूप में होना चाहिए, उसमें सवारी ढोए जाने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक मालिक राम जांगड़ा और यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। सहायक उप निरीक्षक राठौर ने बताया कि इस तरह का अभियान सतत रूप से आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने आम जनों से अपील की है कि वह सड़क पर वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करें ताकि स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखा जा सके।

## डभरा वृत्त प्रभारी कोमल सिंह सिदार के नेतृत्व में 10 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**सक्ती।** शक्ति जिले के डभरा वृत्त में प्रभारी कोमल सिंह सिदार के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा निरंतर अवैध महुआ शराब रखने वाले कारोबारियो पर ताड़ बतोड़ कार्रवाई की जा रही है, इसी श्रृंखला में आरोपी से 10 ली महुआ शराब है, सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर और उपा.आब.स.उ.द. बिलासपुर नोहर सिंह ठाकुर व प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 17 अप्रैल को शिकायत के आधार पर ग्राम खरकेना थाना डभरा निवासी रामकुमार बघेल पिता मोहना मंडल बघेल के रहवासी मकान की विधिवत् सूक्ष्मता से जांच करने पर मकान के कमरे से दो नग पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नियों प्रत्येक में 05-05 लीटर भरी कुल मात्रा 10 लीटर हाथभटटी महुआ शराब बरामद होने से आब अधि की धारा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया, उपरोक्त कार्रवाई में डभरा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, आब मु आरक्षक पेट्रूस मिंज, आब आर संजीव भगत, आबकारी स्टाफ कमलेश यादव, भारती यादव, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने इंडियन टैलेन्ट ओलम्पियाड में राज्य स्तर पर किया

पायनियर संवाददाता मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com







नगर के विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों का इंडियन टैलेन्ट ओलम्पियाड में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इंडियन टैलेन्ट ओलंपियाड की प्रतियोगिता की प्रथम चरण की प्रतियोगिता में संस्था के 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें से 18 विद्यार्थियों का चयन द्वितीय चरण की प्रतियोगिता के लिये हुआ। द्वितीय चरण की प्रतियोगिता में स्टेट लेवल की प्रतियोगिता के लिए 12 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इन 12 विद्यार्थियों में से 3 विद्यार्थी स्टेट टॉपर रहे। स्टेट टॉपर विद्यार्थियों में कक्षा 1 के अक्षित सिंह पिता दीपक कुमार ने गणित विषय में सेकेण्ड राउण्ड की प्रतियोगिता पूरे राज्य में 5 वॉ स्थान प्राप्त कर स्टेट टॉपर रहे वहीं कक्षा 3 के अंश कुम्भज पिता रामधन कुम्भज ने सामान्य ज्ञान विषय में 18 वॉ रैंक प्राप्त किया और कक्षा 2 के अरमान सिंह मारकाम पिता कमलेश चन्द्र मारकाम ने अंग्रेजी विषय में 23 वॉ रैंक प्राप्त किया। स्टेट टॉपर अक्षित सिंह को अन्य अवॉर्ड के साथ 1000/- की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी और अंश कुम्भज एवं अरमान सिंह मारकाम को एक्सिलेन्स मैडल अवॉर्ड प्रदान किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य इन्द्रा सेंगर ने विद्यार्थियों और उनके माता-पिता और शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित किया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए संस्था के शिक्षक निशान्त मौर्य की भूमिका विशेष सराहनीय है।

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जमीन संबंधी दस्तावेज, 2 फोर व्हीलर, 3 मोबाइल, 1 लैपटॉप सहित अन्य दस्तावेज किया गया जप्त

# जमीन खरीदी बिक्री एवं शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा देने का लालच देकर ठगी करने वाला मास्टर माइंड पीयूष जायसवाल गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




राम प्रसाद यादव निवासी राहोद ने थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराया था की इसकी पहचान आरोपी पीयूष जायसवाल से उसके द्वारा आयोजित सेमिनार में हुई थी सेमिनार में आरोपी पीयूष जायसवाल के द्वारा आए लोगों को जमीन खरीदी बिक्री करने तथा शेयर मार्केट ट्रेडिंग में पैसा लगाने के नाम पर लुभावने ऑफर दिया गया जिससे प्रभावित होकर प्रार्थी ने आरोपी पीयूष जायसवाल से संपर्क किया पीयूष जायसवाल ने प्रार्थी को विश्वास में लेकर अलग-अलग खातों में तथा नगदी रकम कुल जुमला 1,24,10,000/- रुपए लेकर प्रार्थी से धोखाधड़ी किया और न हीं जमीन दे रहा है और न ही शेयर ट्रेडिंग में लगे पैसे का भुगतान कर रहा है तथा पैसा मांगने पर आरोपी पीयूष जायसवाल के द्वारा प्रार्थी को अलग-अलग खातों का चेक दिया गया जिसमें पैसा का भुगतान नहीं होने पर प्रार्थी के द्वारा धोखाधड़ी करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई शिकायत शिकायत से अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा जांच पर आरोपी के विरुद्ध प्रार्थी से जमीन खरीदी और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करना पाये जाने पर आरोपी के विरुद्ध 318(4),316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। धोखाधड़ी जैसे अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल साइबर टीम एवं थाना चाम्पा को निर्देशित किया गया। गठित टीमों के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदूमणि सिदार कुशल मार्गदर्शन में साइबर टीम एवं थाना चाम्पा टीम के द्वारा आरोपी के बारे मे जानकारी इकट्ठा कर आरोपी के निवास जा तस्दीक किया जो आरोपी अपने निवास से फरार मिला आसपास पता करने पर पता चला। मुखबिर से सूचना मिला कि आरोपी रायगढ़ क्षेत्र में छुपा है मुखबिर की सूचना पर से आरोपी पीयूष जायसवाल को रायगढ़ के पलगड़ा के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी प्रारंभिक तौर पर गुमराह करता रहा परंतु बारीकी से पूछताछ करने पर धोखाधड़ी करने का जुर्म स्वीकार किया पूछताछ पर उसने बताया कि क्षेत्र के अनेक लोगों के साथ इस तरह का झांसा देकर कई करोड़ रुपए की ठगी किया गया है आरोपी को पूछताछ करने पर उसके द्वारा ठगी की रकम से अलग-अलग जगह पर जमीन तथा प्लाट खरीदना बताया गया तथा ठगी के पैसों से 02 चारपहिया वाहन खरीदना बताया गया आरोपी के निशान देही पर ठगी की रकम से खरीदे गए 02 नग चार पहिया वाहन, 03 नग मोबाइल, 01 नग लैपटॉप तथा पैसे लेनदेन के संबंध में अन्य दस्तावेज जप्त किया गया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### पीयूष जायसवाल के दोस्त और रिश्तेदार के पास करोड़ों की आसामी

पीयूष जायसवाल ने पुरे राज्य में अपना जाल फैला कर लोगों से करोड़ों की ठगी कर उनको जमीन पर लाकर खड़ा कर दिया है लोगों का आरोप है की पीयूष के इसारे में इसके दोस्त और रिश्तेदार लोगों के घर घर जाके उनके पैसा डबल करने का झांसा देते थे बताया जा रहा है कि पीयूष जायसवाल ने सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की है और अपने दोस्त और रिश्तेदारो के यहां लोगों से ठगी की रकम छुपाई है लोगों का यह तक आरोप है कि उसी पैसे से पीयूष के रिस्तेदारो ने जमीन मकान खरीद कर उस पैसे को इन्वेस्ट कर रखा है वहीं पीयूष के बेहद खास दोस्त दतौद निवासी ने एक दोस्त ने तो पीयूष द्वारा लोगों से ठगी गई रकम से करोड़ों का मकान बनाने का भी लोग आरोप लगा रहे हैं लोगों ने बताया कि पीयूष के साथ यह युवक 24 घंटे रहता था और उसके साथ में ही लोगों के घर घर जाके उनसे ट्रेडिंग में पैसा इन्वेस्ट करने की बात कह कर लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी करते थे।

### आरोपी पीयूष जायसवाल को पकड़ने में इनकी रही अहम भूमिका

उपरोक्त कारवाई में थाना प्रभारी जेपी गुप्ता, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, सउनि विवेक सिंह प्रधान आर मनोज तिग्गा, आर प्रदीप दुबे गिरीश कश्यप थाना चाम्पा से उप निरीक्षक बेल सज्जर लकड़ा, सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुकेश पांडे, आरक्षक मुद्रिका दुबे, आरक्षक माखन साहू, आरक्षक भूपेंद्र गोस्वामी, आरक्षक शीतल राठौर की विशेष भूमिका रही।

# पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सावलिया सेठ भगवान की पूजा अर्चना की

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने राजस्थान प्रवास के दौरान चित्तौड़गढ में स्थापित विश्व प्रसिद्ध सावलिया सेठ मंदिर पहुंचकर सावलिया सेठ भगवान की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, स्वास्थ्य, समृद्धि तथा दीघार्यु होने की कामना किया है। अग्रवाल ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध सावलिया सेठ मंदिर अपनी सुंदरता और महिमा के कारण भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस मंदिर की महिमा के कारण भक्त वेतन से लेकर व्यापार तक में उन्हें अपना हिस्सेदार बनाते हैं। मान्यता है कि जो भक्त खजाने में जितना देते हैं, सावलिया सेठ उससे कई गुना ज्यादा भक्तों को वापस लौटाते हैं। व्यापार जगत में सावलिया सेठ ख्याति इतनी है कि लोग अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए उन्हें अपना बिजनेस पार्टनर बनाते हैं।



# दिल और दिमाग को रखे फिट तरबूज के बीज

गर्मी का मौसम यानी तरबूज का मौसम। बेशक गर्मियों में आप भी खूब तरबूज खाते होंगे, लेकिन उनके बीजों का आप क्या करते हैं? जैसा कि कहा जाता है कि 'आम के आम और गुठलियों के भी दाम' उसी प्रकार तरबूज का सेवन तो हमारे स्वास्थ्य और सौंदर्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है, साथ ही इसके बीज भी बहुत गुणकारी होते हैं।

तरबूज के बीज मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड का एक अच्छा स्रोत हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी एजेंट के रूप में कार्य करते है तथा हृदय को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये स्ट्रोक और दिल के दौरे से बचाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम की मात्रा रक्तचाप को नियंत्रित करने तथा आयरन शरीर के विभिन्न भागों में उचित ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करता है।अगर आप तरबूज के बीजों को फेंक देते हैं, तो आपको जरूर जानना चाहिए, तरबूज के बीजों से होने वाले खास 7 फायदे-

- तरबूज के बीजों को छीलकर अंदर की गिरी खाने से शरीर में ताकत आती है। मस्तिष्क की कमजोर नसों को बल मिलता है, टखनों के पास की सूजन भी ठीक हो जाती है। ये दिमाग और दिल को भी स्वस्थ रखने में कारगर है।
- इसमें मौजूद डायट्री फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करते हैं और पाचन संबंधी समस्याओं को समाप्त करने में सहायक होते हैं। कब्जियत की समस्या में भी यह बेहद लाभकारी है।
- पीलिया (जॉन्डिस) जैसी समस्याएं होने पर तरबूज के बीजों का सेवन बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा संक्रमण से बचाए रखने में भी मददगार है।
- इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद है। नसों के फैलने की समस्या में भी यह लाभकारी है और तनाव की अधिकता में इनका सेवन तनाव में कमी लाता है।
- तरबूज के बीजों से बनने वाली चाय का नियमित रूप से सेवन करने पर आप किडनी की समस्याओं से बचा जा सकता है। किडनी स्टोन या पथरी होने पर भी यह फायदेमंद है।
- तरबूज के बीजों को चबा-चबाकर चूसने से दांतों के पायरिया रोग में लाभ होता है।
- तरबूज के बीजों की गिरी में मिश्री, सौंफ, बारीक पीसकर मिलाकर खाने से गर्भ में पल रहे शिशु का विकास अच्छा होता है।
- तरबूज के बीज आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। यह आपके शरीर के अंगों को बेहतर बनाकर स्वास्थ्य रहने के लिए प्रेरित करते हैं। आप चाहें तो इन्हें किसी भी रूप में पकाकर खा सकते हैं, या फिर इसकी चाय भी पी सकते हैं।



# बहुत फायदे हैं जैतून के तेल के

जैतून का तेल शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होता है। जी हां, अन्य तेल के मुकाबले यह बहुत अधिक फायदे का सौदा है। शरीर पर नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर को बाहरी ओर से भी कई लाभ मिलते हैं। जैतून के तेल में विटामिन ई, विटामिन के, ओमेगा-3 फैटी एसिड, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट सहित कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इस तेल को शरीर पर भी लगाया जाता है और सेवन भी किया जाता है। इसके सेवन से कैंसर जैसी बीमारी में आराम मिलता है। डायबिटीज मरीजों के लिए भी यह फायदेमंद है।

## याददाशत बढ़ाएं

जैतून के तेल में पॉलीफेनोल तत्व मौजूद होता है। जिसके सेवन से याददाशत संबंधित परेशानी में आराम मिलता है।

## कैंसर में राहत

कैंसर एक जीवन घातक बीमारी है। खाने में इसका सेवन करने से कैंसर संबंधित बीमारी को कम किया जा सकता है। इसमें विटामिन डी, विटामिन ई, विटामिन ए और बी-कैरोटीन मुख्य रूप से पाया जाता है।

## त्वचा को बनाएं चमकदार

बेजान स्किन को चमकदार बनाने के लिए जैतून के तेल से रोजाना अच्छे से मालिश करें। एक सप्ताह बाद ही आपकी ड्राई स्किन से आपको निजात मिल जाएगी।

## दर्द में राहत

हड्डियों में लगातार दर्द होने पर आप जैतून के तेल से भी मालिश कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व से आपको आराम मिलेगा। ऑस्टियोपोरोसिस में राहत मिलेगी।

## बालों को बनाएं मजबूत

जैतून के तेल में विटामिन ई मौजूद होता है। जो बालों के लिए सबसे जरूर तत्व है। इससे बाल मजबूत रहते हैं। जैतून का तेल बालों में कंडीशनर का काम करता है। आप तेल लगाकर गर्म पानी की भाप ले सकते हैं। जिससे बाल शाइनी और मजबूत होंगे।



# गीली-सूखी मिट्टी की सौंधी सुगंध के अलावा कई अचूक फायदे हैं

अक्सर देखा जाता है कि जब कोई जानवर बीमार होता है तो रोग की दशा में पृथ्वी की शक्ति का वह खास तौर पर उपयोग करता है। घायल हुए जानवर तालाब या पोखर के कीचड़ में जा लेटते हैं और अपने आप को स्वस्थ बना लेते हैं।

## गीली मिट्टी के लाभकारी प्रयोग

महीन पिसी हुई मिट्टी को पानी के साथ घोलकर कीचड़ जैसा बना लें एवं उसको शरीर पर लेपकर सुखा लीजिए, कुछ देर बाद मिट्टी सूखने लगती है। फिर ठंडे या गुनगुने पानी से स्नान कर लेने से अनेक रोग दूर हो जाते हैं।

## मिट्टी चिकित्सा के अन्य प्रयोग

रोग होने पर आवश्यकतानुसार निम्नलिखित प्रयोगों से उपचार किया जाता है।
(1) मिट्टी की गरम पट्टी (2) मिट्टी की ठंडी पट्टी
(3) गरम मिट्टी की पट्टी (4) रज स्नान
(5) पंक स्नान (6) बालू भक्षण।

## सूखी मिट्टी के लाभकारी प्रयोग

बिजली के मारे या सांप के काटे हुए व्यक्ति को यदि जमीन में करीब दो हाथ गहरा गड्ढा खोदकर उसमें बैठा दिया जाए और गीली मिट्टी से गर्दन और सिर खुला रखकर उसे भर दिया जाए तो 1 से 24 घंटे तक में रोगी के शरीर से जहर निकल जाएगा और वह मरने से बच जाएगा। शुद्ध साफ मिट्टी को कपड़ा छानकर लीजिए और उसे पूरे अंग पर रगड़िए। पूरे शरीर पर रगड़ने के बाद 10 से 20 मिनट धूप में बैठ जाइए। तत्पश्चात शीतल जल से स्नान कर लें। यह सूखी मिट्टी का स्नान है।

**लाभ** - त्वचा नरम, लचीली एवं कोमल हो जाती है। रोमकूप खुल जाते हैं। इससे शरीर के विजातीय तत्व पसीने के रूप में बाहर आने लगते हैं। त्वचा के छिद्र भरपूर श्वास लेने लायक हो जाते हैं जिससे त्वचा के अनेक रोग, चर्मरोग, दाद, खाज-खुजली, फोड़े-फुंसियां दूर होने लगती हैं। आयुर्विज्ञान में इसको रज स्नान कहा गया है। छान्दोग्य उपनिषद् में मिट्टी को अन्य पंच तत्वों जल, पावक, गगन तथा समीर का सार कहा गया है। स्वास्थ्य सौन्दर्य और दीर्घायु का मिट्टी से प्रगाढ़ सबंध होता है। मिट्टी में अनेक रोगों के निवारण की अद्भुत क्षमता होती है। मिट्टी में अनेकों प्रकार के क्षार, विटामिन्स, खनिज, धातु, रासायन रत्न, रस आदि की उपस्थिति उसे औषधीय गुणों से परिपूर्ण बनाती है। औषधियां कहां से आती है? जबाब होगा पृथ्वी, मतलब सारे के सारे औषधियां के भंडार होता पृथ्वी। अत- जो तत्व औषधियों में है, उनके परमाणु पहले से ही मिट्टी में उपस्थित रहते हैं। मिट्टी कई प्रकार की होती है तथा इसके गुण भी अलग-अलग होते हैं। उपयोगिता के दृष्टिकोण सें पहला स्थान काली मिट्टी का है, उसके बाद पीली, सफेद और उसके बाद लाल मिट्टी का स्थान है। मिट्टी के विभिन्न प्रकारों और उनकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर मिट्टी का चयन करना चाहिए। इसके उपयोग के पहले कुछ बातें जरूर ध्यान में रखें...

- मिट्टी चाहे किसी भी रंग या प्रकार की हो, उसका प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि वह साफ-सुथरी हो, उसमें कंकड़, पत्थर, तिनके आदि न हों।
- जहां से मिट्टी लें वह स्थान भी साफ सुथरा होना चाहिए किसी कूड़े के ढेर के पास से मिट्टी न लें। यदि किसी खेत से मिट्टी ली जाए तो एक या डेढ़ फीट जगह खोदकर ही लेनी चाहिए।
- तालाब या नदी के तट की मिट्टी बहुत लाभदायक होती है। दो पकार की मिट्टियों को मिलाकर भी प्रयोग किया जा सकता है। बालू मिश्रित मिट्टी बहुत उपयोगी होती है।

## विभिन्न किस्म की मिट्टी के प्रयोग



### काली मिट्टी

यह मिट्टी चिकनी और काली होती है। इसके लेप से ठंडक पहुंचती है। साथ ही यह विष के प्रभाव को भी दूर करती है। यह सूजन मिटाकर तकलीफ खत्म कर देती है। जलन होने, घाव होने, विषैले फोड़े तथा चर्मरोग जैसे खाज में काली मिट्टी विशेष रूप से उपयोगी होती है। रक्त के गंदा होने और उसमें विषैले पदार्थों के जमाव को भी यह मिट्टी कम करती है। पेशाब रुकने पर यदि पेडू के ऊपर (पेट की नीचे) काली मिट्टी का लेप किया जाता है तो पेशाब की रुकावट समाप्त हो जाती है और वह खुलकर आता है। मधुमक्खी, कनखजूर, मकड़ी, बर्रे और बिच्छू के द्वारा डंक मारे जाने पर प्रभावित स्थान पर तुरंत काली मिट्टी का लेप लगाना चाहिए इससे तुरंत लाभ पहुंचता है।

### पीली, सफेद व लाल मिट्टी

तालाबों तथा नदियों के किनारे पाई जाने वाली यह मिट्टी भी काली मिट्टी के समान ही लाभकारी होती है। सफेद मिट्टी से होने वाले लाभ भी पीली मिट्टी के समान ही हैं। लाल मिट्टी पहाड़ों पर मिलती है। इसके लाभ सफेद मिट्टी से कुछ कमतर होते हैं।

### सज्जी मिट्टी

इस मिट्टी के प्रयोग से शरीर की पूरी तरह सफाई हो जाती है। यदि हड्डियां भंगुर और टूटती-सी प्रतीत होती हों तो इस मिट्टी के लेप से बहुत लाभ होता है। जोड़ों के दर्द में इस मिट्टी के लेप से विशेष लाभ पहुंचता है।

### गेरू मिट्टी

लाल रंग की इस मिट्टी का प्रयोग मिट्टी खाने वाले बच्चों को मिट्टी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए किया जाता है। गेरू को घी में तलकर शहद मिलाकर देने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आता है। जिनका स्वास्थ्य मिट्टी खाने की आदत के कारण बिगड़ गया है।

### गोपी चन्दन

सफेद रंग की मिट्टी का लेप मस्तक पर लगाने से दिमाग की गरमी दूर होती है। सिर चकराने तथा सिर दर्द जैसी समस्याओं का निवारण भी इससे हो जाता है। मुंह में छाले होने की स्थिति में, पहले इस का लेप लगाना चाहिए तथा आधे घंटे बाद सादे पानी से कुल्ले कर लेने चाहिएं, छाले दूर हो जाएंगे।

### मुल्तानी मिट्टी

गर्मियों में होने वाली घमौरियों के उपचार में मुल्तानी मिट्टी अचूक औषधि है। शरीर पर इसका पतला-पतला लेप खून की गर्मी को कम करता है। उबटन की तरह मुल्तानी मिट्टी का पयोग सुख और शरीर की कान्ति बढ़ाता है। तेज बुखार में तापमान तुरंत नीचे लाने के लिये सारे शरीर पर इसका मोटा-मोटा लेप करना चाहिए। सौंदर्य के लिए इसका विोष प्रयोग होता है।

### बालू

नदी या समुद किनारे की बालू शरीर की जलन, ताप तथा दाह को शांत करती है। सिर तथा मुंह को छोड़कर, सारे शरीर पर बालू चढ़ाकर घंटे भर पड़ा रहना, घबराहट, शारीरिक ताप, जलन और दाह को दूर करने का सबसे अच्छा उपाय है। आधी चिकनी मिट्टी और आधी बालू मिलाकर बनाए गए लेप की पट्टी बहुत लाभदायक होती है।



# ब्रेकफास्ट में खाएं कच्चा पनीर, पिघलेगी चर्बी

**आमतौर पर हम सभी जानते हैं कि हेल्दी ब्रेकफास्ट दिन की शुरूआत करने का सबसे अच्छा तरीका है। ब्रेकफास्ट का साफ मतलब है फास्ट को ब्रेक करना। दरअसल, जब हम रात में सोते हैं, तो हमारी बॉडी 8 से 10 घंटे के फास्ट पर रहती है। इसलिए सुबह उठने के बाद शरीर को पोषण की जरूरत होती है। नाश्ते में कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने से मेटाबोलिज्म बढ़ता है। सिर्फ यही नहीं वजन भी कंट्रोल होता है और हड्डियां मजबूत होती हैं। हेल्दी ब्रेकफास्ट करने से जल्दी भूख नहीं लगती है। इसके लिए पनीर को एक बढ़िया ऑप्शन माना जाता है।**

पनीर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। नाश्ते में इसका सेवन करने से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। इसके अलावा यह धीरे-धीरे पचता है। साथ ही GLP-1, PYY और CCK हार्मोन को बढ़ाता है। प्रोटीन के अलावा पनीर में फैट, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम पाया जाता है। यह सेहत के लिए फायदेमंद है।

## पूरे दिन रखे एक्टिव

पनीर कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह वजन को कंट्रोल करता है और पूरे दिन हमें एक्टिव रखता है। रोजाना ब्रेकफास्ट में 150 से 200 ग्राम पनीर का सेवन करने से सेहत अच्छी रहती है। दिन की शुरूआत करने के लिए पनीर हेल्दी ऑप्शन है।

## कम कार्बोहाइड्रेट

गाय के दूध के 100 ग्राम पनीर में 12 ग्राम कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। यह वजन घटाने वालों के लिए फायदेमंद है। पनीर का सेवन करने से बॉडी फैट नहीं बढ़ता है। 28 ग्राम पनीर में लगभग 825 कैलोरी पाई जाती है।

## कैल्शियम से भरपूर


दांतों और हड्डियों को मजबूत रखने के लिए हमारे शरीर को पर्याप्त कैल्शियम की आवश्यकता होती है। पनीर में भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। यह हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

## वजन घटाने में फायदेमंद

मोटापा कम करने के लिए अधिक मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। इससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती और बार-बार खाने की इच्छा नहीं होती है। शाकाहारी लोगों के लिए पनीर एक बेहतर विकल्प है।

## रोगों को करे दूर

डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए पनीर फायदेमंद है। इसमें ओमेगा 3 अधिक मात्रा में पाया जाता है जो बच्चों के मानसिक विकास के लिए अच्छा है। इसके अलावा यह हृदय रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। पनीर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसलिए वजन घटाने और हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए रोजाना नाश्ते में पनीर का सेवन करना चाहिए। इससे शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिलता है।



# कैंसर से बचाता है मूली का सेवन

कैंसर से बचाव में मूली खासी मददगार साबित हो सकती है। द वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड (डब्ल्यूसीआरएफ) और अमेरिकन इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर रिसर्च के हालिया अध्ययन में यह दावा किया गया है। दरअसल, शोधकर्ताओं ने मूली में भारी मात्रा में 'ग्लूकोसाइनोलेट' और 'आइसोथायोसाइनेट' की मौजूदगी दर्ज की है। ये दोनों ही यौगिक न सिर्फ कैंसर कोशिकाओं के विकास में बाधा डालते हैं, बल्कि उनके खात्मे की प्रक्रिया को भी गति प्रदान करते हैं। मूली 'सिनिग्रिन' नाम के एक एंटीऑक्सीडेंट से भी लैस होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट फ्री-रैडिकल के उत्पादन पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाता है। मुख्य शोधकर्ता एडम चैपमैन के मुताबिक फ्री-रैडिकल स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। ये कोशिकाओं में अनियंत्रित विभाजन का भी सबब बनते हैं, जिससे ट्यूमर पनपने का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन में 500 प्रतिभागी शामिल हुए। आधों की रोजमर्रा की डाइट में मूली शामिल की गई। वहीं, बाकियों को सामान्य खानपान जारी रखने की छूट की गई। चार महीने बाद नियमित रूप से मूली का सेवन करने वाले प्रतिभागियों में फ्री-रैडिकल के उत्पादन में भारी कमी देखी गई। इससे उनके आंत, फेफड़े और पेट के कैंसर का शिकार होने का जोखिम भी काफी हट तक घट गया।

# आइसक्रीम खाने से कम होता है तनाव और मोटापा

मौसम कोई भी आइसक्रीम खाने तो मजा ही कुछ और है। आइसक्रीम कई प्रकार के फ्लेवर में आती है जिसका टेस्ट बहुत यम्मी-यम्मी स्वाद होता है और आइसक्रीम का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बडों तक के मुंह में पानी आ जाता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आइसक्रीम हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। आइसक्रीम में विटामिन, कैल्शियम व प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। एक रिसर्च के अनुसार सुबह-सुबह नाश्ते में आइसक्रीम खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ये अध्ययन क्योंरीन यूनिवर्सिटटी के प्रोफेसर कोगा के सहयोग से की गई। जिसमें कहा गया है कि सुबह उठकर आइसक्रीम खाने से मानसिक तौर पर तनाव कम देखा गया। रिसर्च में एक ऐसे व्यक्ति के दिमाग की सक्रियता की तुलना की जिसे तुरंत सुबह उठने के बाद आइसक्रीम दी गई। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति के ब्रेन की गतिविधियों को भी देखा गया जिसे सुबह नाश्ते में आइसक्रीम नहीं दी गई। अध्ययन में पता चला कि जिस व्यक्ति को सुबह आइस्क्रीम दी गई थी उसकी सक्रियता बेहतर थी। प्रोटीन-मिल्क के अन्य उत्पादों की तरह आइसक्रीम प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। प्रोटीन से बॉडी के हर पाटर्समांसपेशियां, त्वचा, हड्डियों, ब्लड के लिए लाभ होता है। प्रोटीन खाने से ऊतक और मांसपेशियां स्ट्रॉन्ग होती है। विटामिन स्त्रोत-आइसक्रीम में विटामिन ए, बी-2 और बी-12 खूब पाये जाते हैं। विटामिन ए, स्किन, बॉन्स, रोगप्रतिरोधक क्षमता के लिए बेस्ट होता है। विटामिन ए आंखों की रोशनी बढाता है। विटामिन ए से मजबूत हडिड्यां, स्वस्थ त्वचा, स्वस्थ दांत, व आंखें, बाल की देखभाल विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है इसकी एक संतुलित मात्रा शरीर में जानी चाहिए, क्योंकि यह शरीर में एकत्र होता रहता है यदि हमारे शरीर में विटामिन ए की अधिक मात्रा ऊतकों को आक्सीराइज्ड करती है तथा अधिक उम्र कारण बनती है व्यक्ति अपनी उम्र से अधिक दिखने लगता है। आइसक्रीम खाने से शरीर में कैल्शियम की मांग पूरी हो जाती है परन्तु कैल्शियम की शरीर में पूर्ति के लिए दूध के अलावा दूध से बने पदार्थ मक्खन, आइसक्रीम पनीर, दही आदि का सेवन करना चाहिए। कैल्शियम केवल हड्डियों के लिए नहीं होता है बल्कि यह मोटापा भी घटाता है।



# पंचायतों की समस्याओं का निराकरण एवं बुनियादी जरूरतों को दुरुस्त करें : कलेक्टर

## समाधान शिविर वाले ग्राम पंचायतों में समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला ऑडीटोरियम में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित होने वाले करीब 50 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचो के साथ बैठक की। उन्होंने सभी समाधान शिविर वाले ग्राम पंचायतों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने तथा मूलभुत आवश्यकताओ को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियो को दिये। कलेक्टर ने सभी समाधान शिविर वाले ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं रोजगार सहायक से पेयजल, बिजली, सडक, स्वास्थ्य, पेंशन, पीएम आवास, आधार कार्ड, उचित मूल्य दुकान एवं राजस्व सम्बन्धी समस्याओ की जानकारी ली।उन्होंने जल का बेहतर उपयोग हेतु कार्ययोजना बनाने, वर्षा जल संचयन के लिए सभी पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने, सभी हैंडपम्प के पास सोखता गड्ढा बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित करें। जल संचय वाहिनी जल संचय के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने पेयजल की समस्या दूर करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियो को जरुरी निर्देश दिये। उन्होने आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन तथा राशन कार्ड के लिए आगामी 19 21, 22 एवं 23 अप्रैल को शिविर के लिए चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिये। इसीतरह समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजना से सम्बधित समस्याओ के निराकरण के लिए सम्बधित पंचायतों का दौरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी उचित मूल्य की दुकानों में हर माह की 1 तारीख से राशन वितरण शुरू करने तथा एक सेल्समेन द्वारा एक से अधिक दुकनो का संचालन करने के कारण समय पर राशन मिलने में दिक्कत हो रही है ऐसे दुकान संचालक को बदलने तथा एक दुकान के लिए एक संचालक तय करने कहा। उन्होंने पूर्व की भांति हर माह की 7 तारीख को चावल उत्सव मनाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पंचायतों को राजस्व विवादमुक्त पंचायत बनाने के लिए आपसी विवाद को पंचायत स्तर पर ही सुलझाए। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की कमी के संबंध में कहा कि अनुपस्थित या समय पर स्कूल नहीं आने वाले शिक्षकों पर निगरानी रखें और उनकी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दें। आगामी शिक्षा सत्र से शिक्षकों की व्यवस्था शासन स्तर पर युक्तियुक्तकरण से किया जाएगा। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी होने पर पंचायत स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे, सहित सभी एसडीएम जनपद सीईओ, सरपंच, पंच, पटवारी, रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार पर फिर गरजी भाजपा, भाजयुमो ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नेशनल हेराल्ड घोटाले में ईडी द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी समेत कई कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दायर किए जाने के बाद भाजपा ने विरोध तेज कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय आव्हान पर जिला भाजयुमो ने कवर्धा जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और राहुल गांधी व सोनिया गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं का यह आरोप था कि उन्हें जबरन नेशनल हेराल्ड मामले में फंसाया जा रहा है, लेकिन अब ईडी द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि इस घोटाले में उनकी सीधी संलिप्तता है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि नेशनल हेराल्ड की स्थापना 1937 में हुई थी और इसके 5,000 शेयरधारक थे। यह कभी भी नेहरू परिवार की निजी संपत्ति नहीं रही। लेकिन राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने इस राजनीतिक संगठन की संपत्तियों को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया और करोड़ों की अवैध आय अर्जित की। उन्होंने कहा कि मामले का खुलासा होने के बाद इसकी शिकायत की गई, और अब ईडी द्वारा तथ्यों के आधार पर चार्जशीट दायर कर दी गई है, जिसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी और सैम पित्रोदा को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में 25 अप्रैल को सुनवाई होनी है। साहू ने कहा कि चार्जशीट में नाम आने का मतलब है कि ईडी के पास पुख्ता साक्ष्य हैं। लेकिन कांग्रेस इसका विरोध कर रही है, जबकि उन्हें लोकतांत्रिक रूप से विरोध का अधिकार है, न कि देश की संपत्ति लूटने का। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल ठाकुर, महामंत्री क्रांति गुप्ता, संतोष पटेल, उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजयुमो प्रदेश मंत्री पीयूष ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि राजपूत, खिलेश्वर साहू, ईश्वरी धुर्वे, जिला महामंत्री सचिन गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 144 हर्ट्ज़ 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ इन्फिनिक्स ने नोट 50एस 5जी+ पेश किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




आधुनिक समय के स्मार्टफोन ब्रांड इन्फिनिक्स ने भारत में अपनी फ्लैगशिप डिवाइस नोट 50एस 5जी+ लॉन्च की। यह एक पावरहाउस डिवाईस है, जो डिज़ाइन, परफॉरमेंस और यूज़र एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी और 144हर्ट्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफोन के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी+ फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू (वीगन लेदर), टाइटेनियम ग्रे (मैटेलिक फिनिश), बरगुंडी रेड (मैटेलिक फिनिश) में 14,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है। इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा, इन्फिनिक्स में हम अपने हर लॉन्च के साथ यूज़र्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं। अपने पिछले स्मार्टफोन, नोट 50× 5जी+ में हमने यूज़र्स के फीडबैक के आधार पर सॉफ्टवेयर को अपग्रेड किया और एक्सओएस 15 पेश किया। हमारे इस कदम को ग्राहकों ने काफी सराहा, जिससे निर्माण प्रक्रिया में यूज़र्स को शामिल करने का हमारा विश्वास मजबूत हुआ। नोट 50एस 5जी+ में हमने प्रीमियम सीएमएफ, बेहतरीन परफॉरमेंस और सेगमेंट के सबसे स्लिम 144हर्ट्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ हमने मानकों को और अधिक बढ़ा दिया है।

# एक प्रयास बेजुबानों के लिए वेल विशर फाउंडेशन द्वारा गर्मी में बेजुबानों के लिए चारा-पानी के लिए चलाया जा रहा अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर/अकतरा
www.dailypioneer.com






सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा अकलतरा क्षेत्र में पशु पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में चारा, पानी के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि संस्था द्वारा बेजुबानों के लिए पानी चारे के लिए मिटटी के चकोर बांटकर लोगो को जागरूक कर रहे हैं, ये एक पुनीत कार्य है, हमारी संस्था जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकताओं, आम नागरिकों को मिटटी के चकोर बाट रही है, वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि हम मानव बोल कर या किसी से मांग कर अपनी भूख प्यास मिटा लेते है पर पशु पक्षी ऐसा नही कर पाते, इसीलिए हमारी संस्था गर्मी के मौसम में लोगो को मिटटी के चकोर बांट रही है, वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने लोगो से अपील की है कि हमारे द्वारा चलाये जा रहे मुहिम में सहयोग प्रदान करें, संस्था के सदस्य दीपक साहू, मोहन कश्यप ने अपील की हैं अपने अपने छत पर बेजुबानों पक्षियों के लिए पानी चारे की व्यवस्था करे, इस मौके पर वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह, सदस्य गौतम साहू, दीपक साहू, मोहन कश्यप, वीरेंद्र साहू, सौरभ सिंह, शरद सिंह, सतीश मनिकपुरी, श्रीपाल सिंह, प्रेम निर्लमकर उपस्थित रहे।

# बनडबरी में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बनडबरी में मोर द्वार साय सरकार महा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सशस्त्र नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार जनहित के क्रम में निरंतर अग्रसर है जिसमें उपस्थित सांसद रूप कुमारी चौधरी जिला पंचायत सदस्य देवकी दीवान, कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष रुक्मणी पटेल, जनपद सदस्य दुखनी चौहान, मधु खुटे, सरस्वती मुन्ना अग्रवाल, सरपंच सरोजिनी भोई, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव चौधरी, भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गिरधारी नायक, राम साहू, धन कुमार साहू, भुनेश चौहान, ऋषिकेश पटेल, मनीराम पटेल, प्रकाश पालेश्वर एवं सीईओ जनपद पंचायत बसना ठाकुर, पुरुषोत्तम दीवान, सुरेश पटेल, एवं समस्त जनपद के अधिकारी कर्मचारी गण एवं समस्त ग्रामवासी बनडबरी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लरंगसाय चौक पर कांग्रेस के नेताओं में सोनिया गांधी और राहुल गांधी पुतला दहन किया गया। ईडी ने इस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने नेशनल हेराल्ड की जमीनों का अवैध अधिग्रहण करते हुए यंग इंडिया कंपनी को पार्टी फंड से 90 करोड रुपए का लोन दिया गया। जिसे बाद में माफभीं कर दिया गया, यंग इंडिया कंपनी में पांच शेयर धारक हैं जिन्में सोनिया गांधी, राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, इन लोगों ने कंपनी से पैसा निकाल कर संबंधित जमीनों का अधिग्रहण कर लिया कुछ संपत्तियां दिल्ली में किराए पर भी दी गई हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी परिवार देश की संपत्ति को निजी संपत्ति की तरह लूटा है और अब जब कानून अपना काम कर रही है तो वह बोखलाहट में है, ईडी द्वारा दायर चार्जशीट का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति के घोटाले की जांच होनी चाहिए। भारतीय जनता युवा मोर्चा का आक्रोश इस बात से है कि जिस तरह ईडी कार्यालय पर कांग्रेस और उनके नेताओं ने अपने आकाओं को बचाने का प्रयास ईडी अधिकारियों को धमकाने और जांच प्रभावित करने का जो प्रयास किया जा रहा है उसको लेकर यह प्रदर्शन किया गया है। इस दौरान, मंडल महामंत्री एवं नगर पालिका पार्षद सिद्धांत यादव, नंदकिशोर गुप्ता, अमित सिंह, शुभम गुप्ता, आकाश गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी, सूरज मिश्रा, निखिल सोनी, आकाश गोंड, राजेश कुशवाहा, रोहन, कलाम मंसूरी, अमित सिंह, अनिकेत कुशवाहा, अंकुर केसरी, सचिन पासवान, संतोष ठाकुर, संतोष कुशवाहा, समीर पांडेय, शिवम पांडेय, उमेश कुशवाहा सहित सैकड़ो भाजयुमो कार्यकर्ता इस दौरान उपस्थित रहे।

# पीडीएस भवन से अवैध कब्जा हटाने की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पंजीयन क्रं. 1973 वार्ड 33 बैकुण्ठधाम में संचालित हो रही थी। शासन द्वारा संचालन हेतु पी.डी.एस. के 2 भवन बनाये गये थे। जिसमें से 1 भवन को स्टील नगर महिला स्व सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मुल्य दुकान का संचालन किया जा रहा था। प्राप्त शिकायत के अनुसार पी.डी.एस भवन के बगल में सुरेश विश्वकर्मा द्वारा अवैध कब्जा करके वहां से टेन्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। जोन आयुक्त सतीश यादव के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन अपने दल के साथ जब मौके पर निरीक्षण करने पहुचे तो शिकायत सही पाया। सामने से पता नहीं चल रहा था, पिछे के रास्ते से व्यापार किया जा रहा था। सुरेश विश्वकर्मा दिव्यांग व्यक्ति निकला, उसके द्वारा जीविकोपार्जन के लिए सरकारी भवन का उपयोग किया जा रहा था। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए उससे 2000 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। वहां पर टेंट हाउस के सामग्री, बॉस बल्ली, फर्नीचर, बर्तन इत्यादि थे, भवन के अंदर से खाली कराया गया। स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में पंचनामा बनवाया गया। जिसमें उसने स्वीकार किया कि गलती हो गई अब मैं दुबारा शासकीय भवन का उपयोग नहीं करूगां। कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, दिनेश बेलचंदन, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

## प्रभारी ने गंजमण्ड़ी व्यवसायिक में परिसर जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने, दुकानों को हैंडओवर के साथ सफाई के दिए निर्देश

# बाजार व राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ किया गंजमण्डी व्यवसायिक परिसर का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर बाजार व राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर द्वारा सहायक राजस्व एवं बाजार अधिकारी शुभम गोइर, शशिकांत यादव एवं टीम के साथ गंजमण्डी व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया गया। प्रभारी द्वारा शॉपिंग काम्प्लेक्स में साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए। गंजमंडी व्यवसायिक परिसर के शेष दुकानों को आबंटन करने की बात कही। जिनको दुकान आबंटन हुआ है उनका कहना है कि गंजमंडी व्यवसायिक परिसर जल्दी ट्रांसफार्मर का कार्य करने की मांग की है। जिसमे दुकानों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो जाएगा। प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कहा जितने लोगों को दुकान आबंटन हुआ है, इनको दुकान हैंडओवर करें। उन्होंने ये भी कहा कि अवैध तरीके से दुकानो के बाजार में समान रखकर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध जुर्माना के साथ साथ समान जप्ती की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। बाजार प्रभारी ने कहा कि वहीं दुकानदारों की ओर से दुकानें के बाहर किए गए अतिक्रमण के चलते बाजार संकरे हो जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जगह-जगह कई दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर समान निकलकर रख देते है। दुकानों के बाहर लगाए समान के चलते लोगों का वहां हजूम एकत्रित हो जाता है। इसके चलते वाहन चालकों का निकलना तो दूर लोगों को पैदल तक गुजरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार व राजस्व विभाग/प्रभारी ने इंदिरा मार्केट के दुकानदारों से अपील कर कहा कि अपने दुकान का सामान बाहर निकलकर व्यवसाय न करें।

# सावड़िया परिवार की दोहरी उपलब्धि : रवि शंकर भारतीय कॉस्ट सेवा में ऑल इंडिया द्वितीय स्थान पर चयनित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के सावड़िया परिवार ने एक बार फिर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रवि शंकर सावड़िया, सुपुत्र मधुसूदन सावड़िया ने भारतीय कॉस्ट सेवा की प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। अब वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त होंगे। यह न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। रवि शंकर की इस सफलता की विशेष बात यह है कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत से ही निरंतर उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। वे चार्टर्ड अकाउंटेंसी की तीनों परीक्षाओं में ऑल इंडिया रैंक लाकर पहले ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। फाउंडेशन में 12वीं रैंक, इंटर मिडियट में 9वीं रैंक, और फाइनल में 20वीं रैंक। यह सिलसिला अब यूपीएससी की भारतीय कॉस्ट सर्विस परीक्षा में द्वितीय स्थान तक पहुँच चुका है। उनकी इस सफलता के पीछे एक मजबूत पारिवारिक आधार रहा है। उनकी माता, जो एक पोस्ट ग्रेजुएट और गृहिणी हैं, उनके पूरे करियर में प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत रहीं। उनके शब्दों में, माँ ने न केवल पढ़ाई के हर पड़ाव में मार्गदर्शन दिया, बल्कि आत्मबल और संतुलन बनाए रखने की सीख भी दी। उनकी बहन भी पढ़ाई में अत्यंत प्रतिभाशाली हैं और वर्तमान में सीए फाइनल की तैयारी कर रही हैं। यह उल्लेखनीय है कि रवि शंकर के पिता, मधुसूदन सावड़िया, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, का चयन वर्ष 2023 में आयकर अपीलीय अधिकरण में लेखा सदस्य के रूप में हुआ था। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में केवल तीसरी बार हुआ जब किसी व्यक्ति को इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति मिली हो। उस वर्ष पूरे भारत से केवल 5 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का चयन हुआ था, जिनमें सावड़िया प्रमुख थे। इस दोहरी उपलब्धि पर सावड़िया परिवार को समाज के सभी वर्गों से बधाइयाँ प्राप्त हो रही हैं। यह सफलता न केवल उनके परिवार की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि राज्य की युवा पीढ़ी के लिए एक सशक्त प्रेरणा भी बनकर उभरी है।

# मोर दुआर साय सरकार महाभियानः विधायक रायमुनी ने खेडार, कोडोपारा, सोनक्यारी में किया आवास सर्वेक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत विधायक जशपुर रायमुनी भगत ने विभिन्न ग्रामों में आवास प्लस 2.0 के तहत हितग्राहियों के घरों में पहुंच कर सर्वे का कार्य किया। इसके तहत विधायक सर्वप्रथम जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत खेडार और कोदोपारा पहुंची। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विशेष पखवाड़ा मोर दुआर साय सरकार महाभियान के अंतर्गत आवास सर्वेक्षण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रयास है कि हर जरूरतमंद हितग्राही को अपना पक्का मकान मिल सके और एक भी व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से वंचित ना रहे। इस अभियान के माध्यम से उन्होंने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया है। अब किसी भी व्यक्ति का अपना पक्का घर होने का सपना अधूरा नहीं रहेगा।

### आवास प्लस सर्वेक्षण का शुभारंभ

इस अवसर पर विधायक ने ऑनलाइन ऐप्प के माध्यम से आवास प्लस सर्वे का कार्य ग्रामीणों के घर पहुंच कर किया। सोनक्यारी में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान उनके साथ कृपा शंकर भगत, काजल राय, नसरूल्ला सिद्धकी, आनंद कुमार यादव, बलवंत गुप्ता, जितेन्द्र ताम्रकार, अरबिंद बरवा, मणीभूषण पाठक, संजय नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि मोर दुआर साय सरकार महाभियान का मुख्य उददेश्य छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवारों को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। इस मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए घर-घर जाकर पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया जा रहा है ताकि उन्हें आवास योजना का लाभ मिल सके एवं जल्द से जल्द आवास की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य कराया जा सके। यह महाभियान तीन चरणों में संचालित होगा।

# मुख्यमंत्री कैंप से विलियम, राजकुमार, नरेन्द्र को मिला ई रिक्शा, मिला सहारा, जिंदगी की राह हुई आसान

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



हमें दो कदम भी नापना हो तो पैरों की जरूरत पड़ती है। जीवनयापन के लिए कठिन संघर्ष, परिवार का सहारा बनना, बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी उठाने जैसे जीवन के कई पहलू है जिसे परिवार की जिम्मेदारी उठाने वाला व्यक्ति भली-भांति समझता है। जीवन की इस आपाधापी में अगर किसी दुर्घटनावश पैर काम करना बंद कर दे तो जीवन का यह संघर्ष और भी कठिन हो जाता है। दुर्घटना की वजह से अपने चलने-फिरने की क्षमता खो चुके विलियम तिग्गा, राजकुमार राम और नरेन्द्र कुमार इस दर्द को महसूस कर रहे थे। कमजोर आर्थिक स्थिति इस संघर्ष को और भी कठिन बना देता है। तीनों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय आकर अपनी व्यथा बताई और ई-रिक्शा की मांग की ताकि फिर से वे इस सहायक उपकरण की वजह से अपना काम आसान बना सके। हर जरूरतमंदों की संवेदनशीलता के साथ मदद करने के लिए विख्यात मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने तत्काल इस पर कार्रवाई की और विलियम तिग्गा, राजकुमार राम और नरेन्द्र कुमार का ई-रिक्शा प्रदान की। अब उनकी राह आसान हो गई है। ई-रिक्शा मिलने के बाद उनके चेहरे की चमक, आत्मविश्वास और कृतज्ञता को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। तीनों ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप कार्यालय ने उनके दर्द को समझा और मदद की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सीएम कैंप कार्यालय बगिया मानवीय संवेदनाओं का केंद्र बन गया हैं। कार्यालय में जनसमस्या का निवारण तत्परता से किया जा रहा है। उम्मीद और आश लेकर पहुंचने वाले लोग यहां से एक मुस्कुराहट के साथ वापस जाते हैं।

# 9 करोड़ 77 लाख की लागत से बन रही है 4 नई पानी की टंकी





पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पानी पूर्ति की आवश्यकता को देखते हुए 4 नई पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। सुपेला मार्केट, केम्प-02 पावर हाउस सर्कुलर मार्के, रामनगर मुक्तिधाम, खुर्सीपार क्षेत्र में निर्माण किया जा रहा है। जिसकी क्षमता वहां के आवश्यकता के अनुसार भिन्न-भिन्न है। पानी सप्लाई की पूर्ति सभी जगहो पर किया जा रहा है, लेकिन कुछ जगहो पर पानी का प्रेशर कम पड़ता था। जिसके कारण पानी बराबर उपर तक नहीं चढ़ पा रहा था। इसके लिए मांग चल रही थी कि शासन से स्वीकृति प्राप्त होते ही नियमानुसार निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे पुरे भिलाई क्षेत्र के 25000 हजार से अधिक नागरिको को लाभ मिलेगा। जिसमें प्रमुख रूप से सुपेला, चिंगरी पारा, कांट्रेक्टर कालोनी, हार्डवेयर लाईन, इंदिरा नगर, रामनगर मुक्तिधाम क्षेत्र, पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, श्याम नगर, महात्मा गांधी नगर, हमर गली, मजार लाईन, शीतला काम्पलेक्स, वीर शिवाजी नगर, यादव पारा, किशन चैंक, मिलन चैंक, मटन-मछ्ली मार्केट एवं खुर्सीपार आदि क्षेत्रों में लोगो को सुविधा मिलेगा। पानी का प्रेशर बराबर रहेगा, बिना टूल्लू पम्प चलाये सबके छत तक पानी पहुचेगा। टंकी निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है, अक्टूबर तक टंकी का निर्माण पूर्ण होने की संभावना है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त सतीश यादव, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नीतेश मेश्राम, उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, पीडब्लूडी सुपरवाइजर श्याम ठाकुर, जनप्रतिनिधि रवि त्रिलोचन, राजकुमार जायसवाल, प्रभूनाथ मिश्रा, सुपरवाइजर चूर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।

# धारदार चाकू से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले फरार एक आरोपी को हथबंद पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

आरोपी घटना कारित करने के पश्चात हो गया था फरार, जिसकी पुलिस द्वारा की जा रही थी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। फरार आरोपी द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर धारदार चाकू से हमला कर पहुंचाया गया गंभीर चोंट मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर भेज दिया गया था। तुलसीराम वर्मा द्वारा थाना हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 22.08.2024 की रात्रि लगभग 09:00 बजे ग्राम कुकरचुंदा दैहान के पास एक मोटरसाइकिल में बैठे 03 व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के पुत्र लाखेन्द्र वर्मा एवं एक अन्य युवक पर हमला कर दिया गया। इस दौरान आरोपियों द्वारा हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से प्रार्थी के पुत्र लाखेन्द्र वर्मा के पेट पर हमला कर दिया गया, जिसे उसके पसली में गंभीर चोट आया है। की रिपोर्ट पर थाना हथबंद में अपराध क्र. 161/2024 धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों सूरज पाल निवासी ग्राम कामता एवं आरोपी विक्की मिश्रा निवासी ग्राम कामता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, किंतु प्रकरण में एक आरोपी जितेन्द्र वर्मा अभी भी फरार था, जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी तथा उसके छिपाने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश दिया जा रहा था। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा फरार आरोपी जितेंद्र वर्मा को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के पुत्र के ऊपर धारदार चाकू से हमला कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई।

# यातायात विभाग के अधिकारी द्वारा कैम्प लगाकर आम नागरिको में जागरूकता फैलाई



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

सिमगा यातायात अधिकारी हेमसागर सिदार, प्रवीण मिंज एवं थाना प्रभारी योगिता खापरडे ने संयुक्त रूप से कैम्प लगाकर आम नागरिको को यातायात की विशेष जानकारी दी। जिसमें हेमसागर सिदार ने आम नागरिकों को बताया कि नेशनल हाईवे रोड पर शराब पीकर वाहन का उपयोग न करें। माजदा, ट्रेक्टर, छोटा हाथी जैसे वाहनों में सवारी ना ढोवे, क्योंकि इससे जानमाल का खतरा बना रहता है। नाबालिक बच्चों के माता पिता अपने बच्चों को दोपहिया वाहन ना दे एवं हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलावे तत्पश्चात कुछ ग्राम वासियों ने यातायात विभाग के अधिकारियों से शिकायत की अवैध रेत उत्खनन के चलते ओवरलोड वाहनों की शिकायत करने के बाद भी उन पर कार्यवाही नहीं हो पाती एवं ओवरलोड रेत ट्रक पर तालपतरी नहीं ढकने के कारण हवा में उड़ने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नाबालिक युवकों द्वारा बेधड़क हाईवा व अन्य वाहन चलाते देखा जा सकता है। उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाये ताकि अंकुश लग सके।

# एक लाख रुपए का अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री पर अंकुश लाने के लिए बिक्री करने वालो के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना शिवरीनारायण/सायबर टीम को मुखबीर सूचना मिला कि तुस्मा का हरीश साहू मोटर सायकल बजाज पल्सर में एक बोरी में पेट्रोल टंकी के ऊपर रखकर अवैध गांजा लेकर तुस्मा कि ओर आने वाला है कि सूचना पर तत्काल रेड कार्यवाही किया गया, मौके पर आरोपी के कब्जे से 05 किलो 122 ग्राम गांजा कीमती 100000/रुपये एवं परिवहन में उपयोग किये बजाज मोटर सायकल कीमती व एक मोबाइल को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 125/25 धारा 20 (बी), एन.डी.पी.एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी शिवरीनारायण साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, सउनि विवेक सिंह, प्रधान आर. मनोज तिग्गा आर प्रदीप दुबे, अर्जुन यादव, शाहबाज खान एवं थाना शिवरीनारायण से सउनि प्रमोद महार, नरेंद्र शुक्ला प्रआर तारिकेश पाण्डेय आरक्षक द्वारीका साहू लीलाराम साहू प्रतीक सिंह, प्रवीण साहू का सराहनिय योगदान रहा।

# नीर और नारी जल संरक्षण अभियान को मिली नई ऊर्जा संगठन महामंत्री पवन साय व सांसद पाण्डेय हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com






भूमिगत जल के स्तर में लगातार हो रही गिरावट चिंता का विषय है। हमें जल संरक्षण हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। उक्त उदगार जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम रामपुर में आयोजित नीर और नारी संरक्षण अभियान में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर रहे सांसद संतोष पांडेय ने व्यक्त किए। सांसद पाण्डेय ने कहा कि डोंगरगांव ब्लाक में भी भूमिगत जल का स्तर लगातार गिर रहा है। इसके लिए हमें जल संरक्षण के लिए बताये गये हर तरीके पर काम करना होगा। उल्लेखनीय पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में जिलेभर में नीर व नारी जल यात्रा निकाली गई है। इसी क्रम में ग्राम रामपुर मे जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव सीईओ के मार्गदर्शन तथा जनपद उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू व सरपँच यतीश साहू के सहयोग से जल कलश यात्रा निकाली गई। पश्चात सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए फुलबासन यादव ने कहा कि आज हर परिवार व हर गांव में नारियों को संगठित होने की आवश्यकता है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, खूबचंद पारख, जिपंअध्यक्ष किरण वैष्णव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला महामंत्रीद्वय सौरभ कोठारी व रविन्द्र वैष्णव, जिपंसदस्य जागृति यदु, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ नीरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, भुवन साहू व जागेश्वर यादव सहित जनपद सदस्यगण शामिल हुए।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यालय में कॉन्टेक्ट सेल ठेका कार्यों में धांधली का आरोप

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यालय में कॉन्टेक्ट सेल के विनीत सिंह व उनके उच्च अधिकारी चंद्रभूषण द्वारा बीएसपी के ठेका कार्यों में धांधली किया जा रहा है। अपने चहेते ठेकेदार को रिंग बना का सेटिंग में काम देने उड़ा रहे बीएसपी के नियमों की धज्जियां। यह आरोप भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने बीएसपी के अधिकारियों पर लगाए हैं। श्याम जायसवाल ने बताया कि बीएसपी द्वारा सप्तगिरि पार्क के मेंटेनेस हेतु 03 माह का निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 17/04/2025 समय 11:30 निर्धारित था व 11:30 के बाद निविदा खोला जाना था। परंतु निविदा में बीएसपी के अधिकारी चंद्रभूषण व विनीत कुमार सिंहा ने नियमों को ताक पर रख निविदा नहीं खोला साथ ही वे यह नहीं बता रहे हैं कि कुल कितने लोगों ने निविदा डाला। निविदा को नहीं खोले जाने का उचित कारण भी नहीं बता रहे। जिससे ऐसा लगता है कि इन लोगों ने पहले ही किस ठेकेदार को काम देना है। यह तय कर लिया है। खुली निविदा में इस तरह का भ्रष्टाचार आखिर किसके सह पर यह अधिकारी कर रहे यह भी जांच का विषय है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि ये लोग बीएसपी के नौकर हैं। अधिकारी के कुर्सी पर बैठ खुद को बीएसपी का मालिक समझ रहे। इनकी मनमानी व भ्रष्टाचार चलने नहीं दिया जायेगा। तत्काल इन अधिकारियों को सबक सिखाने व इन्हें तत्काल निलंबित करने के साथ ही बीएसपी के टेंडर में किए जाने वाले अनियमितता की जांच की मांग को लेकर जल्द बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक खदान आर बी गहरवार से मुलाकात करेंगे। और यदि शीघ्र इन भ्रष्ट अधिकारियों पर उचित कार्यवाही नहीं किया गया तो बीएसपी प्रबंधन के खिलाफआंदोलन किया जाएगा।

# समाजसेवी डॉ. रुबीना अल्वी का प्रेस भवन आगमन



## डिजिटल लायब्रेरी व प्रेस सदन का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में प्रेस क्लब द्वारा संचालित डिजिटल लायब्रेरी का अवलोकन करने गत दिनों समाजसेवी डॉ रुबीना अंजुम अल्वी का प्रेस भवन डोंगरगांव आगमन हुआ। इस दरम्यान उन्होंने क्लब के पदाधिकारियों सहित पत्रकारों से अध्ययनशाला, पुस्तकालय एवं प्रस्तावित डिजिटल क्लास रूम सहित प्रेस क्लब के द्वारा संचालित निःशुल्क सुविधाओं एवं योजनाओं के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की। अल्वी ने क्लब के द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क अध्ययन शाला व डिजिटल लायब्रेरी की सुविधा का लाभ उठा रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर क्लब के द्वारा मिल रही सुविधाओं से वाकिफ होते हुए तथा प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों को सफलता के गुर सिखाए। उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब द्वारा डोंगरगांव नगर सहित सीमावर्ती जिले के विद्यार्थियों तथा प्रतिभागी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों के लिए प्रेस क्लब भवन में ही संचालित निःशुल्क वातानुकूलित डिजिटल लायब्रेरी स्टडीपॉइंट सहित अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं विषय विशेषज्ञों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन क्लास भी संचालित किया जा रहा है। आगामी दिनों प्रदेश व देश की प्रसिद्ध कोचिंग क्लासेस की ऑनलाईन सुविधा भी निःशुल्क देने की योजना प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर पूर्व पार्षद व समाजसेवी सिद्दीक बड़गुजर, प्रेस क्लब संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा, अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, सचिव दिवाकर सोनी, कोषाध्यक्ष राजा राणा, उपाध्यक्ष द्वय गोविंद गुप्ता व महेंद्र लेंझारे, घनश्याम साव, टिंकू देवांगन, टुम्मन साहू, देवेंद्र गुप्ता व प्रकाश गुप्ता सहित विद्यार्थी नमन दवे, मुन्नू दास, पिंटू दास, टेमन सलामे, रामावतार देवांगन, शिवा निर्मलकर सहित अन्य परीक्षार्थी उपस्थित थे।

## ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, रिचार्ज पिट निर्माण और शौचालयों की प्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा

# कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन के विभिन्न बिंदुओं पर एजेण्डावार चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में सेग्रीगेशन वर्कशेड, कम्पोस्ट एवं सोकपिट निर्माण, असफल हैंडपंपों में रिचार्ज पिट, जल शुद्धिकरण इकाइयां, प्लास्टिक एवं फीकल स्लज मैनेजमेंट, गोबरधन योजना, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय, तथा मॉडल ग्राम पंचायत विकास से संबंधित प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में कचरा एकत्र नहीं हो रहा है, वहां स्वच्छता यूजर चार्ज वसूला जाए। साथ ही वर्कशेड्स में सूखा एवं गीला कचरा पृथक करना अनिवार्य किया जाए, जिससे खाद, ईंधन एवं अन्य सामग्री तैयार की जा सके। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने जानकारी दी कि ग्राम स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 381 ग्रामों में वर्कशेड निर्माण पूर्ण हो चुका है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु प्रत्येक ग्राम में दो गार्बेज ट्राईसायकल एवं आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई गई है। कार्य का संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में 122 ग्रामों में यूजर चार्ज वसूला जा रहा है, तथा सुखा कचरा कबाड़ियों को बेचा जा रहा है। 15 वें वित्त आयोग से 2000 से 5000 तक मानदेय प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि असफल हैंडपंपों में रिचार्ज पिट निर्माण के बाद जल स्तर का परीक्षण अवश्य किया जाए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 344 रिचार्ज पिट निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जो कि पूर्ण हो चुके हैं। बैठक में फीकल स्लज मैनेजमेंट की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिक से अधिक सेप्टिक टैंकों की सफाई और रिसायक्लिंग पर बल दिया। जिले में 5 फीकल स्लज प्रबंधन इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। जनपद पंचायत धमधा और पाटन को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए, वहीं जनपद पंचायत दुर्ग में डी-स्लज वाहन की आवश्यकता जताई गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, जो कि पूर्ण हो चुकी हैं। ये इकाइयाँ ग्राम पंचायत कोलिहापरी (जनपद मनरेगा), लिटिया (धमधा) और पतोरा (पाटन) में स्थापित की गई हैं। कलेक्टर ने अतिरिक्त ई-रिक्शा की व्यवस्था कर अन्य ग्रामों से भी कचरा संग्रहण एवं परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि इनका सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। यदि शौचालय हाट बाजार या सार्वजनिक स्थलों पर हैं तो उनसे यूजर चार्ज वसूलने के निर्देश दिए गए। 433 सामुदायिक शौचालयों की स्वीकृति में से 404 पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति सामुदायिक शौचालय का सामाजिक कार्यों के लिए उपयोग करता है तो प्रयोजन की लिखित जानकारी ली जाए और यूजर चार्ज वसूला जाए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आंगनबाड़ी भवनों में शौचालयों की स्थिति की जानकारी भी अधिकारियों से ली।

# जशन दास कुकरेजा का निधन



**दल्लीराजहरा।** राजहरा सिंधी समाज के वयोवृद्ध व्यापारी जशन दास कुकरेजा उम्र 88 वर्ष का निधन 17 अप्रैल को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को मुक्तिधाम में किया गया जहां काफी संख्या में समाज के लोग, राजहरा नगर के व्यवसायी एवं नाते रिश्तेदार उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्व.कुकरेजा चेंबर ऑफ कॉमर्स दल्ली राजहरा इकाई के अध्यक्ष शंकर कुकरेजा सहित पवन कुकरेजा सत्यवान कुकरेजा एवं संजय कुकरेजा के पिता थे।

# भाजपा नेता के कार की टक्कर से युवा कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में एक बड़ी और सनसनीखेज घटना सामने आई है। भाजपा नेता की कार की टक्कर से युवा कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत हो गई है। मृतक युवक वर्तमान में मुलमुला पंचायत का पंच था और युवा कांग्रेस में विधानसभा उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय था। यह हादसा डोगरीगुड़ा के पास हुआ। घटना के बाद से माहौल बेहद तनावपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अस्पताल के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरने पर बैठ गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि यह एक सुनियोजित हत्या है, और वे आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम सहित कई कांग्रेसी नेता मौके पर मौजूद हैं। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग चुकी हैं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ है। कांग्रेस और मृतक के परिजन थाने का घेराव कर आरोपी को सामने लाने की मांग कर रहे हैं। आरोप ये भी लगाया जा रहा है कि पुलिस आरोपी को बचाने के लिए कार बदलने का प्रयास कर रही है। स्थिति संवेदनशील बनी हुई है और बड़ी संख्या में ग्रामीण, कांग्रेस कार्यकर्ता और परिजन थाने और अस्पताल के बाहर जमा हैं।

### सोची समझी हत्या की साजिश : मरकाम



मोहन मरकाम पूर्व मंत्री छ.ग. शासन ने कहा कि हमारे होनहार साथी और उनकी भाभी चंपी भोयर को आरोपी पुरेंद्र कौशिक ने उन्हें कुचलने का काम किया है। पहले से ही उनके पीछे लगे हुए दौर उनकी हत्या करने का प्रयास किया है। हमारे कार्यकर्ता और ग्रामीणों के चक्काजाम के बाद पुलिस थाने का घेराव करने के बाद पुलिस आरोपी को आनन फानन में गिरफ्तार करके लाई है। राजनीति का धौंस दिखाकर डराने का काम किया गया है। हम डरेंगे नहीं हम लड़ेंगे।

### पूर्व में भी जान से मारने की धमकी मिली थी : बबलू भोयर

मृतक का भाई बबलू भोयर ने बताया कि मेरा भाई और मेरी भाभी शादी का सामान खरीदने कोण्डागांव बाजार आ रहे थे, डोंगरीगुड़ा के पास पुरेंद्र कौशिक ने पीछे से आकर टक्कर मार दी। पंचायत चुनाव के समय से ही रंजिश चल रही थी। बहुत दिनों से टारगेट बना रहे थे, और मेरे भाई को पूर्व में भी धमकी मिली थी। उसको मौका मिला तो उसने मार दिया।

### आरोपी को गिरफ्तार कर जांच चल रही है : एसडीपीओ

जैसे ही घटना की जानकारी मिली हमने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। और हमने मर्ग कायम कर लिया है। और इन्वेस्टिगेशन चल रही है, जांच में जो पाया जायेगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पार्षद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पार्षद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक पार्षद कार्यालय गणेश भवन, में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की, जिसमें चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक सिन्हा, जनरल मेडिसिन से डॉ. प्राप्ति मिश्रा, नेत्र रोग से डॉ. हराप्रिया साहू तथा और दंत रोग से डॉक्टर कृतिका भक्ते अस्पताल जन संपर्क विभाग से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश, देवेन्द्र एवं सुनील वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ चम्पा साहू, मधु चौधरी एवं पार्षद प्रमोद कुमार साहू, राम, सांसद प्रतिनिधि जग्गू साहू, संजय धनगर, पंकज साहू, दीपांकर साहू तथा अन्य सदस्यगण, वार्डवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, दंत रोग चर्म रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी, निःशुल्क दांतों कि सफाई व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजनाओ की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# भाजयुमो का विशाल प्रदर्शन, कांग्रेस कार्यालय का घेराव, राहुल गांधी का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com





नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद देशभर में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी आमने-सामने हैं। जहां कांग्रेस लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है, वहीं भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) इसका जवाब आक्रामक विरोध के रूप में दे रहा है। इसी क्रम में कोरबा जिले में भाजयुमो के नेतृत्व में एक विशाल रैली और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन सुबह 11 बजे टीपी नगर चौक से प्रारंभ हुआ, जहां से रैली के रूप में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी मुर्दाबाद, सोनिया गांधी मुर्दाबाद जैसे गगनभेदी नारों के साथ कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

**क्या है नेशनल हेराल्ड मामला?** - 1937 में पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा 'नेशनल हेराल्ड', 'नवजीवन', और 'कौमी आवाज़' जैसे समाचार पत्र प्रकाशित किए जाते थे। 2008 में आर्थिक संकट के चलते यह बंद हो गया और कांग्रेस ने इसे 90 करोड़ रुपये का कर्ज़ दिया। 2010 में बनी यंग इंडिया लिमिटेड, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 76% हिस्सेदारी है, ने मात्र 50 लाख रुपये में एजेएल का अधिग्रहण कर लिया। आरोप है कि कांग्रेस पार्टी के दान और चंदे से मिली रकम का दुरुपयोग निजी लाभ के लिए किया गया। जिससे गांधी परिवार को सीधा आर्थिक फायदा हुआ।

**भाजयुमो का आरोप** - भाजयुमो का कहना है कि कांग्रेस लोकतंत्र बचाओ की आड़ में ईडी की कार्रवाई से जनता का ध्यान भटका रही है। जबकि वास्तव में यह एक बड़ा आर्थिक अपराध है, जिसे अब जनता के सामने लाना जरूरी हो गया है। भाजयुमो का दावा है कि उनका यह प्रदर्शन गांधी परिवार की कथित आर्थिक अनियमितताओं के खिलाफ जनता की आवाज़ है। रैली और प्रदर्शन की पूरी व्यवस्था भाजयुमो द्वारा की गई थी। कार्यकर्ताओं के लिए शीतल पेय, जलपान की व्यवस्था की गई थी। समय पालन पर विशेष ध्यान दिया गया। बैरिकेड्स तोड़कर कांग्रेस कार्यालय तक पहुंचे कार्यकर्ताओं ने वहां जमकर प्रदर्शन किया और पुतला दहन कर रोष प्रकट किया।

# दर्री के चार वार्डों को उद्योग मंत्री देंगे 99 लाख के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा नगर निगम के दर्री जोन के चार वार्डों में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन 99 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजू देवी राजपूत करेंगी। दोपहर तीन बजे साडा भवन जमनीपाली में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड 47 अगारखार सांस्कृतिक मंच के पास सामुदायिक भवन व किचनशेड निर्माण कार्य लागत 25 लाख, वार्ड क्रमांक 47 जमनीपाली में स्थित कांजी हाउस का जीर्णोधार एव विकास कार्य लागत 29 लाख व इसी तरह अग्र भवन साडा कॉलोनी जमनीपाली में दोपहर 3.45 बजे आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 51 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर सामुदायिक भवन में ऊपरी तल में हॉल व कक्ष निर्माण विस्तार कार्य लागत 25 लाख, इसी तरह वार्ड क्रमांक 52 दर्रीखार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 25 लाख, कुल 99 लाख के कार्यों का भूमिपूजन संपन्न होगा।

# बैगा आदिवासी की समस्या का हुआ तुरन्त निदान, मिली ट्राइसिकल

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन से जो आस जगाई, उससे प्रदेशवासियों का विश्वास मजबूत हुआ है। इसी विश्वास और आस के साथ लोग बड़ी संख्या में सुशासन तिहार का हिस्सा बने। उनका विश्वास तब और मजबूत हो गया जब उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो गया। इस अभियान के तहत बिलासपुर जिले में एक संवेदनशील पहल देखने को मिली। कोटा ब्लॉक के ग्राम के ग्राम पंचायत करका निवासी मंगल सिंह बैगा को आवेदन देते ही महज 24 घंटे के भीतर ट्राइसाइकिल मिली। वे दिव्यांग पेंशन की पात्रता सूची में भी आ गए हैं जल्द ही उन्हें पेंशन भी मिलने लगेगी। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और उन्हें ट्राइसाइकिल दी गई। सुशासन तिहार के दौरान मंगल सिंह बैगा ने ट्राइसिकल और पेंशन के लिए आवेदन 10 अप्रैल को दिया था। उन्हें 11 अप्रैल को ही समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसिकल प्रदान करने की सूचना दी गई। लेकिन उन्होंने 15 अप्रैल को ट्राइसाइकिल लिया। विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण उनकी पेंशन के लिए पात्रता नहीं बन पा रही थी। समाज कल्याण विभाग द्वारा उनका विकलांगता प्रमाण पत्र बनवा दिया गया है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्यवाही मोदी सरकार की साजिश : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही के समर्थन में भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया को मोदी सरकार के षडयंत्र का प्रमाण बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ईडी सत्ता की कठपुतली बन कर सरकार के अनुचित दबाव में अपनी सीमा और मर्यादा भूल चुकी है। न्यायालय ने पहले भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि ईडी की कार्रवाई उसके तय मैनुअल के खिलाफ है। नेशनल हेराल्ड मामले में तो भाजपा के एक नेता के निजी परिवाद पत्र को आधार बनाकर ईडी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगा रही है जो सर्वथा अनुचित है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट मोदी की घबराहट को दिखाता है। जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे है जनता की आवाज उठा रहे है उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा है। भाजपा की केंद्र सरकार दबाव की राजनीति कर रही है। वह सोच रही है कि ईडी, सीबीआई, आईटी और सुरक्षाबलों को आगे कर कांग्रेस के द्वारा जनता के हित में उठाये जाने वाली आवाज को दबा देंगे। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का नेतृत्व भाजपा की इन दमनकारी नीति से डरने वाला नहीं है। कांग्रेस देश की जनता के हित में देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये संघर्ष करती रहेगी, न झुकेगी और न ही रूकेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा किये जाने वाले षड़यंत्र अब खुलकर दिखने लगे है। जनता देख रही है कि विपक्ष की मजबूत आवाज को दबाने के लिये संवैधानिक रूप से बनी संस्थाओं का मोदी सरकार असंवैधानिक उपयोग कर रही है।

# मुख्यमंत्री साय से सौजन्य मुलाकात के बाद बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने आंदोलन समाप्ति की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। यह प्रतिनिधिमंडल 126 दिनों से लगातार आंदोलनरत था और आज की आत्मीय मुलाकात और चर्चा के बाद उन्होंने अपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि आप सब हमारे परिवार के सदस्य हैं। आपकी पीड़ा हमारी पीड़ा है। आपकी समस्याओं को समझते हुए सरकार सहानुभूति के साथ इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले के समाधान के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय से भेंट के पश्चात शिक्षकों ने सरकार की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस मौजूद रहे।

19 April 2025 Pride Of Raipur

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
Sunday Open
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
आकाश जैन 98261-64650 रतन जैन 98271-29211
रूम-विन्डो, हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open For Play Group Pre -Primary Classes 1st to 12th (Maths ,Bio, Com, Arts)
For Nursery, Pre Primary, Class 1 to 5th
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558, 9329621221

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
Monthly Seminars & Interactive Discussions
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre Nursery Pre-Primary Classes
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

CHHAYA APPLICATIONS
Waterproofing
With 3 to 10 Years Gurantee
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
आपके घर को रखें लिक प्रूफ
Bathroom waterproofing
Terrace waterproofing
Terrace garden waterproofing
External wall waterproofing
9301117779

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
छोटा नही, बड़ा हाथी
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदान पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.), मो. 9826695200

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

होमलोन व माडगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
माडगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403